आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 113 | उज्जैन, शनिवार 09 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## दिल्ली के मंदिर, ढाबों और मिलिट्री कैंप पर हमला करने की योजना का हुआ खुलासा

# आईएसआई की साजिश नाकाम, 9 आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक मॉड्यूल द्वारा दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत हाईवे स्थित एक ढाबे और हरियाणा के सैन्य कैंप पर हमले की साजिश रचे जाने का खुलासा हुआ है। जांच से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंग बस्ट ऑपरेशन 2.0 के तहत विभिन्न राज्यों से शाहजाद भट्टी मॉड्यूल से जुड़े नौ संदिग्ध ऑपरेटिव्स को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।




### सोनीपत में ढाबे पर करना था ग्रेनेड हमला

सूत्रों ने बताया कि आरोपियों को दिल्ली-सोनीपत हाईवे पर स्थित एक प्रसिद्ध ढाबे पर ग्रेनेड हमला करने का भी टास्क दिया गया था। यह ढाबा प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही वाला स्थान माना जाता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि हमले का मकसद बड़े पैमाने पर नुकसान और जनहानि करना था। इसके अलावा हरियाणा के हिसार स्थित एक सैन्य कैंप की भी रेकी किए जाने की बात सामने आई है। आरोपियों ने कथित तौर पर कैंप और आसपास के इलाके के वीडियो बनाकर पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स को भेजे थे। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुछ पुलिस थाने भी मॉड्यूल के निशाने पर थे। स्पेशल सेल अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर मॉड्यूल के अन्य नेटवर्क, फंडिंग और सीमा पार संपर्कों की जांच कर रही है।

### रेकी कर पाकिस्तान भेजी थीं तस्वीरें

जांच एजेंसियों को पता चला कि आरोपियों में से एक ने दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर की रेकी की थी और परिसर की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स को भेजी थीं।
मॉड्यूल की योजना मंदिर में तैनात पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को निशाना बनाने तथा फायरिंग कर दहशत फैलाने की थी।

## कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में चुना

# सुवेंदु अधिकारी बंगाल के सीएम होंगे

### आज सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे, शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 1950 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जिस विचार को लेकर हम निकले, आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।

ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। कुछ ही महीनों में ये सब खत्म हो जाएगा।



सुवेंदु आज सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। 56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं।

### बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा

- **गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार:** 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जिस विचार को लेकर हम निकले, आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।
- **बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ:** 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वह भी आज पूरा हो गया।
- **भाजपा के 3 से 207 विधायक हुए:** हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है। 9 जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। दीदी का सूपड़ा साफ हो गया।
- **घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे:** भाजपा का वादा है कि बंगाल की जनता को कि न सिर्फ बंगाल, पूरे देश से हम एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे। ये ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं है। ये देश की सुरक्षा का मामला है।

## बहुमत के 118 विधायक पूरे

# विजय का तमिलनाडु सीएम बनना तय

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु में एक्टर विजय का मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) को सीपीआई और सीपीआई (एम) ने समर्थन देने की घोषणा कर दी है। सूत्रों का दावा है कि विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) भी विजय को समर्थन देने को तैयार है।

टीवीके ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीती हैं। दो सीटों पर विजय जीते हैं। उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। ऐसे में बहुमत के लिए 11 विधायक और चाहिए। कांग्रेस के 5 विधायक पहले ही टीवीके को समर्थन दे चुके हैं। सीपीआई, सीपीआई (एम) और वीसीके के पास 2-2, कुल 6 विधायक हैं। ऐसे में टीवीके को सरकार बनाने के लिए जरूरी 118 विधायकों की संख्या पूरी हो गई है। इस बीच, टीवीके चीफ विजय ने आज लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मिलने का समय मांगा है। इससे पहले 6 और 7 मई को भी वे राज्यपाल से मिले थे। 6 मई को विजय ने आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन तब उनके पास सिर्फ 113 विधायकों का समर्थन था।

## देश विदेश

### श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

**श्रीनगर।** पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा आगामी 3 जुलाई से शुरू होने जा रही है। यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर प्रशासन और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा मार्गों से बर्फ हटाने, सड़क मरम्मत, सुरक्षा प्रबंध और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। गांदरबल के जिला उपायुक्त जतिन किशोर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बालटाल मार्ग पर चल रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस विभाग के साथ सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर तैनाती स्थलों, चेकपोस्ट और तलाशी बिंदुओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बेस कैंप के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा स्कैनर लगाने को भी कहा गया है।

### ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी को अमेरिकी कोर्ट ने अवैध बताया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के एक फेडरल ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगाए गए 10% ग्लोबल टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। कोर्ट ने 2-1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि यह टैरिफ 1974 के व्यापार कानून के तहत सही नहीं थे। प्रशासन के पास कांग्रेस की अनुमति के बिना इतने बड़े पैमाने पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) लगाने का अधिकार नहीं है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने अपने फैसले में कहा कि इसी साल की शुरूआत में लगाए गए ये टैरिफ कानून अमान्य हैं। ट्रम्प ने फरवरी में एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए इन ग्लोबल टैरिफ को लागू करने की घोषणा की थी।

### शक्ति कपूर अपनी मौत की अफवाह पर भड़के



**मैं बिल्कुल ठीक और खुश हूं, फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ लीगल एक्शन लूंगा**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के पिता और दिग्गज एक्टर शक्ति कपूर अपनी मौत की फर्जी खबरों को लेकर भड़क गए हैं। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर उनके निधन की अफवाहें उड़ रही थीं, जिससे एक्टर परेशान हो गए थे। अब शक्ति कपूर ने खुद सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर इन खबरों का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और ऐसी हरकत करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे। कहा- मैं स्वस्थ और खुश हूं शक्ति कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे काफी फिट नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्टर ने कहा, सभी को नमस्कार, मेरी मौत की अफवाह पूरी तरह झूठी है। मैं स्वस्थ और खुश हूं। प्लीज इसे इग्नोर करें। मैं इसकी शिकायत करने जा रहा हूं, लेकिन ये ठीक नहीं है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह की फर्जी खबरें फैलाना अच्छी बात नहीं है और इससे परिवार और चाहने वालों को मानसिक तनाव होता है। अस्पताल जाने के बाद शुरू हुई थी चर्चा शक्ति कपूर के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें इस साल की शुरुआत में तब शुरू हुई थीं, जब उन्हें बेटी श्रद्धा कपूर के साथ एक अस्पताल के बाहर देखा गया था। उस वक्त श्रद्धा वहां मौजूद पैपराजी पर काफी भड़क गई थीं। श्रद्धा का गुस्सा देख सोशल मीडिया पर यह चर्चा होने लगी थी कि शायद शक्ति कपूर की तबीयत काफी ज्यादा खराब है। मेरे हसबैंड की बीवी में आए नजर वर्क फ्रंट की बात करें तो शक्ति कपूर को आखिरी बार फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में देखा गया था। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिकाओं में थे। हालांकि, बड़े सितारों के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। शक्ति कपूर काफी समय से लाइमलाइट और सोशल मीडिया से दूर हैं।

### इंडोनेशिया के ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन की मौत

**डुकोना।** इंडोनेशिया के नॉर्थ हलमहेरा इलाके में स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में शुक्रवार सुबह विस्फोट हो गया। हादसे में 2 विदेशी नागरिकों समेत 3 ट्रैकर्स की मौत हो गई। सभी ट्रैकर्स प्रतिबंधित क्षेत्र में मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक ज्वालामुखी फटने के समय कुल 20 ट्रैकर्स पहाड़ पर थे। इनमें 9 सिंगापुर के नागरिक और बाकी इंडोनेशियाई थे। अब तक 15 लोगों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। विस्फोट के बाद ज्वालामुखी से करीब 10 किलोमीटर ऊंचाई तक राख और धुएं का गुबार उठा। अधिकारियों ने आसपास के इलाकों में राख गिरने की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

### कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी। आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है।

## छतरपुर में पुलिस चौकी के अंदर कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

एजेंसी ▶▶ छतरपुर

प्रदेश के छतरपुर जिले के नौगांव बस स्टैंड स्थित बंद पड़ी पुलिस चौकी में शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे एक कॉन्स्टेबल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। शुरूआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। हालांकि, अभी कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पहचान तरुण गंधर्व (उम्र 35 से 40 वर्ष) के रूप में हुई है। तरुण मूल रूप से सागर जिले के रहने वाले थे। वर्तमान में नौगांव थाने में पदस्थ थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारियों ने चौकी को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है।

## भारत ने अपने पहली स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम तारा का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना ने 8 मई 2026 को ओडिशा तट के पास इसका पहला फ्लाइट-ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया।

तारा एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है। यह भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है, जो किसी भी सामान्य हथियार को घातक और सही दिशा में सटीक मार करने वाले हथियार में बदलने में सक्षम है। अधिकारियों के मुताबिक, यह सिस्टम बिना गाइडेड




वारहेड्स को प्रिसिजन-गाइडेड हथियारों में बदलने में सक्षम है। इसे भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। यह सिस्टम पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देता है। रक्षा क्षेत्र में विदेशी तकनीक पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के बीच इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर बमबारी की

# डील नहीं की तो और हमले करेंगे

एजेंसी ▶▶ तेव अवीव

अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है।

ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री



इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया। हम उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देंगे और वे इस बात पर सहमत हो गए हैं।

## जिस जहाज पर हंतावायरस फैला, उस पर 2 भारतीय भी सवार

# संक्रमण के 5 मामलों की पुष्टि, 3 लोगों की मौत

### डॉक्टर बोले- यह कोरोना की तरह तेजी से नहीं फैलता

एजेंसी ▶▶ प्राया

अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप एमवी होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। बीबीसी के मुताबिक अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। उन्होंने एएफपी से बातचीत में कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है।

डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

### मरीजों को आइसोलेशन में रखा जा रहा






डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा, ऐसे मामलों में संक्रमित मरीजों को अलग आइसोलेशन रूम में रखा जाता है। ट्रेंड स्टाफ उनकी देखभाल करता है। मरीजों को तब तक आइसोलेशन में रखा जाता है, जब तक उनमें लक्षण दिखाई देते हैं। हालत सुधरने के बाद उनका टेस्ट किया जाता है। अगर रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो आइसोलेशन हटाया जा सकता है। हार्वर्ड के प्रोफेसर एलन ने बताया कि हंतावायरस से संक्रमित लोगों को 40 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रखा गया है, क्योंकि इसका इन्क्यूबेशन पीरियड लंबा होता है। शरीर में वायरस के घुसने से लेकर पहले लक्षण दिखने के बीच के समय को इन्क्यूबेशन पीरियड कहते है। डॉक्टर के मुताबिक, अभी यह साफ नहीं है कि वायरस किसी व्यक्ति के शरीर में कब तक रह सकता है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनॉम गेब्रेसियस ने कहा कि हंतावायरस का इंक्यूबेशन पीरियड छह हफ्ते तक हो सकता है। इसलिए आगे भी नए मामले सामने आने की आशंका बनी हुई है।


### हंतावायरस से मौतों में एंडीज स्ट्रेन का शक

- डब्ल्यूएचओ के मुताबिक हंतावायरस से हुई तीन मौत के मामलों में एंडीज स्ट्रेन का शक है, जो इंसानों के बीच भी फैल सकता है। एंडीज स्ट्रेन मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका के अर्जेंटीना और चिली में पाया जाता है।
- डब्ल्यूएचओ ने बताया कि एंडीज स्ट्रेन बाकी हंतावायरस से अलग है। यह संक्रमित चूहों या उनके मल-मूत्र से तो फैलता ही है, लेकिन कुछ मामलों में इंसान से इंसान में भी फैल सकता है। हालांकि, यह संक्रमण कोरोना जितना तेजी से नहीं फैलता।
- जांच में पता चला है कि पहले दो पीड़ित दंपती जहाज पर चढ़ने से पहले चिली, अर्जेंटीना और उरुग्वे में बर्ड वॉचिंग ट्रिप पर गए थे। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक इन इलाकों में वायरस फैलाने वाले खास किस्म के चूहे पाए जाते हैं। अर्जेंटीना की एजेंसियां अब इस दंपती की यात्रा का पता लगा रही हैं।



409, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
Gunjan Shrivastav 98263 96368

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सद्उपयोग

सोश्यल मीडिया पर दिन भर रिल देखने वाले रियल लाईफ से परे ही हो रहे हैं। ऐसे में सोश्यल मीडिया के सद्उपयोग की खबर ने समाज को एक नई दिशा और दशा दी है। आधुनिक तकनीक की सुविधाओं का समाज में चाहे तो आप उपयोग करें और चाहें तो उसका समाज की बेहतरी में सद्उपयोग कर सकते हैं। संभाग के एक छोटे से स्थान गरोठ जिसे लंबे समय से जिला बनाने की मांग उठ रही है वहां से यह खबर जुड़ी हुई है। गरोठ के नजदीक के एक गांव के निवासी की ट्रेन हादसे में मौत हो गई थी। आर्थिक रूप से बहुत समृद्ध न होने के बाद भी मृतक का काफी सामाजिक संबंध था। तीन बेटियों के सर से उसके जाने से साया उठ गया था। पूरे परिवार की आर्थिक रीढ़ ढहने की स्थिति बन गई थी। ऐसे में परिवार पर बड़ा वज्रपात हुआ था।





ऐसे हालात में दोस्तों ने उसके परिवार की आर्थिक मदद करने का बीड़ा उठाया और एक व्हाट्सप्प ग्रुप मात्र से दानदाताओं की मदद लेकर 3 लाख 15 हजार 495 रुपए जूटा लिए। यही नहीं जुटाई गई लाखों रूपए की राशि को मृतक युवक के परिवार जनों को सौंपा गया। उसके परिवार को ढांढस भी बंधाया। खुसूर-फुसूर है कि वर्तमान शहरी समाज में इंसान की इंसान से कनेक्टिविटी सोश्यल मीडिया ही बनती जा रही है। व्यक्तिगत संबंधों में दूरी ही है। ऐसे में सोश्यल मीडिया का सकारात्मक उपयोग कर उसके माध्यम से समाज में एक दूसरे के दुःख दर्द में मदद करने के लिए अगर लोग सामने आएं तो अच्छी खासी मदद की जा सकती है जरूरत है मात्र सहयोग एवं मदद के जज्बे की।

## न्यूज कॉलम

### कालिदास अकादमी में आज नाटक 'मां मुझे टैगोर बना दे' का मंचन होगा

**उज्जैन।** रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति द्वारा शहर के कला और रंगमंच प्रेमियों के लिए एक विशेष नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। आज शनिवार, 9 मई को शाम 7:30 बजे बहुचर्चित एकल नाटक 'मां मुझे टैगोर बना दे' का मंचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में होगा। इस नाटक का अभिनय और निर्देशन जम्मू के कलाकार लकी गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। यह प्रस्तुति मुख्य रूप से एक बेटे की उस छोटी-सी चाह पर आधारित है, जिसमें वह मां की गोद से उठकर विश्व-कवि बनने की राह पर आगे बढ़ता है। संस्था की ओर से कौशिक पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में इंग्लिश अकादमी के निदेशक वरुण गुप्ता और रंगकर्मी अनंत वर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का संचालन शेफाली चतुर्वेदी करेंगी। आयोजक समिति ने शहर के सभी नागरिकों और कला जगत से जुड़े लोगों को आमंत्रित करते हुए कहा है कि दर्शकों की उपस्थिति ही कलाकारों के लिए सच्ची प्रेरणा होगी।

### विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी किताबें, गुणवत्ता पर रहेगा विशेष ध्यान

**उज्जैन।** प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों को समय पर किताबें उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। यह बात मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह मंगरोला ने कही। वे उज्जैन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मंगरोला ने निगम की कार्यप्रणाली स्पष्ट करते हुए बताया कि पाठ्य पुस्तक निगम का मुख्य कार्य पुस्तकों के मुद्रण का है, जबकि पुस्तकों की सामग्री तैयार करने के लिए लेखन समिति अलग से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि निगम का विशेष ध्यान इस बात पर रहेगा कि पुस्तकें समय पर मुद्रित हों और उनमें इस्तेमाल किए जाने वाले कागज की गुणवत्ता उत्कृष्ट हो, ताकि विद्यार्थियों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। चर्चा के दौरान निगम अध्यक्ष मंगरोला ने अपनी नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता पर जो महत्वपूर्ण विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

### शनि जयंती पर क्षिप्रा महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भंडारा का आयोजन

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी छोटा पुल स्थित शनि मंदिर पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति एवं श्री क्षिप्रेश्वर शनि सामाजिक कल्याण समिति द्वारा शनि जयंती के अवसर पर 16 मई को एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। चक्रवर्ती श्मशान घाट के महंत सोमवार नाथ महाराज के सान्निध्य में कार्यक्रम आमंत्रण फोल्डर का विमोचन किया गया। इस फोल्डर के माध्यम से साधु-संतों एवं सामाजिक जनों को कार्यक्रम का आमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि शनि जयंती के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षिप्रा महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कैलाशनिवासी 1008 तपस्वी योगी बाबा बमबमनाथ महाराज द्वारा दिए गए संदेश को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीर योगी रामनाथ महाराज एवं महंत योगी महावीरनाथ महाराज उपस्थित रहेंगे तथा श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

### 10 साल बाद फिर से मंदिर के आवागमन मार्ग पर हीट प्रुफ लगा

# अबकी बार बारिश में फिसलन न हो ऐसा सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट का किया उपयोग

**दान से महाकाल का पाथ-वे हीट प्रुफ हुआ**

**अब श्रद्धालुओं के पैरों को गर्मी से राहत मिलेगी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

10 साल बाद एक बार फिर से श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के श्रद्धालु आवागमन मार्ग पर हीट प्रुफ किया गया है। अबकी बार बारिश में फिसलन रहित सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट का उपयोग किया गया है। इससे श्रद्धालुओं के पैरों को अब पत्थर की गर्मी से बचाया जा सकेगा। मंदिर प्रबंध समिति ने मंदिर परिसर एवं श्री महाकाल महालोक में दर्शन पथ पर यह हीट प्रूफ पाथ-वे नीलकंठ से पंचमुखी हनुमान, मानसरोवर से होते हुए शंख द्वार एवं बड़ा गणेश मंदिर तक किया है।

भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दान से (लगभग 13 हजार स्क्वेयर फीट में ) इस हीट प्रूफ पाथ-वे के



निर्माण से तपती धूप में भी श्रद्धालुओं के पैर नहीं जलेंगे तथा वे बिना किसी असुविधा के सहजता से दर्शन पथ पर आवागमन कर सकेंगे। दर्शन हेतु प्रवेश एवं निर्गम मार्ग पर यह व्यवस्था श्रद्धालुहित की साबित होने वाली है। इससे श्रद्धालु गर्मी के बावजूद सुरक्षित एवं आरामदायक तरीके से भगवान के दर्शन के लिए नंगे पैर आवागमन कर सकेंगे। इससे प्रतिदिन भगवान के दर्शन करने आने वाले औसत डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

- **10 साल पहले किया था प्रयोग-** मंदिर के सूत्रों के अनुसार देश के कई मंदिरों में इस व्यवस्था को देखने के बाद 10 वर्ष पूर्व वर्ष 2016 में इसका सिमित क्षेत्र में उपयोग किया गया था। तत्कालीन समय में बारिश के दौरान सोलर रिफ्लेक्टिव कोटिंग से फिसलन की समस्या सामने आई थी उसके बाद इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। सामने आ रहा है कि वर्तमान कोटिंग से बारिश के दौरान भी कोई समस्या नहीं आएगी। उस दौरान भी इस पर फिसलन की स्थिति नहीं बन पाएगी।

**अब नहीं जलेंगे श्रद्धालुओं के पैर-** मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क विभाग से जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह एवं प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम मे ग्रीष्म ऋतु में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में मंदिर परिसर एवं श्री महाकाल महालोक में दर्शन पथ पर (लगभग 13 हजार स्क्वेयर फीट में ) हीट प्रूफ पाथ-वे (सोलर रिफ्लेक्टिव पेंट) का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह हीट प्रूफ पाथ-वे नीलकंठ से पंचमुखी हनुमान, मानसरोवर से होते हुए शंख द्वार एवं बड़ा गणेश मंदिर तक किया जा रहा है। इस हीट प्रूफ पाथ-वे के निर्माण से तपती धूप में भी श्रद्धालुओं के पैर नहीं जलेंगे तथा वे बिना किसी असुविधा के सहजता से दर्शन पथ पर आवागमन कर सकेंगे। दर्शन हेतु प्रवेश एवं निर्गम मार्ग पर यह व्यवस्था विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे श्रद्धालु गर्मी के बावजूद सुरक्षित एवं आरामदायक तरीके से भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

### अब उज्जैन में नहीं सुलभ भू-जल स्तर की जानकारी

# भू-जल स्तर गिरा, नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**दो वर्ष पूर्व कार्यालय इंदौर के अधिनस्थ किया**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए संपूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। जिले में भूजल के स्तर की स्थिति वर्तमान में क्या है यह जानना अब सुलभ नहीं है। जिले का कार्यालय दो वर्ष पूर्व इंदौर के कार्यालय में मर्ज कर दिया गया था तभी से जिले के भू-जल की जानकारी मिलना संभव नहीं हो पा रही है। वैसे मई मध्य से अंत तक भूजल के स्तर की जांच इससे संबंधित विभाग जिले के तहसील केंद्रों पर करता है।

उज्जैन जिले में भूजल का स्तर पिछल वर्षों में ही काफी समस्याकारक स्थिति में रहा है। इस बार गर्मी के दौरान इसकी स्थिति और अधिक बिगड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके चलते नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना समयानुकुल निर्णय है। वैसे भी फसल आने के उपरांत नलकूप खनन की बाढ़ आ जाती है। कृषकों के पास पैसा होने पर वे फसल के लिए पानी जुटाने की जुगाड़ सबसे पहले लगाते हैं।



#### दो वर्ष पूर्व कार्यालय मर्ज

दो वर्ष पूर्व उज्जैन का भूजल सर्वेक्षण कार्यालय इंदौर के कार्यालय में मर्ज कर दिया गया था। यहां का रिकार्ड एवं कार्यालय संसाधन भी इंदौर कार्यालय स्थानांतरित कर दिया गया था। कर्मचारियों को यहां जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मर्ज किया गया था। शासन निर्णय के आधार पर इसे अमली जामा पहनाया गया था। पिछले दो वर्ष से उज्जैन के भूजल की स्थिति ही सामने नहीं आ पा रही है। वर्ष में चार बार भूजल का सर्वेक्षण किया जाता है। इसी आधार पर तय किया जाता है कि भूजल की स्थिति जिले में क्या है।

#### रिचार्जिंग को लेकर काम नहीं

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों नलकूप बंद हो जाते हैं जिन्हें ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। उनके रिचार्जिंग को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। पटवारी हल्का वार अगर इस पर काम किया जाए तो धरती के दामन को भी पानी से भरा जा सकता है और बंद कई नलकूपों को एक बार फिर से जीवनदान की स्थिति बन सकती है। अन्य प्रदेशों में इसे लेकर गंभीरता से काम किए जा रहे हैं। इसके चलते कई नलकूपों को जीवित किया गया है।

#### जिले की सीमा में बोरिंग मशीन प्रवेश नहीं करेगी

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने ग्रीष्म ऋतु में भू जल स्तर में गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया है। आदेशानुसार जिले की सीमा में नलकूप / बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं करेंगी (सार्वजनिक सड़कों से गुजर रही मशीन को छोड़कर)। बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन नहीं करेगी। बिना अनुमति अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधात्मक स्थान पर प्रवेश करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारियों को उनके क्षेत्र के अंतर्गत अपरिहार्य प्रकरणों के लिए एवं अन्य आवश्यक प्रयोजनों के लिए उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा के लिए प्राधिकृत किया जाता है। निजी नलकूप एवं अन्य विद्यमान निजी जलस्त्रोतों का आवश्यकता होने पर सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था के लिए अधिग्रहण किया जा सकेगा। आदेश के उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध के लिए पांच हजार रुपए का जुर्माना और पश्चातवर्ती प्रत्येक अपराध के लिए दस हजार रुपए से या कारावास से ,जो दो वर्ष तक का हो सकेगा से दंडनीय होगा। उक्त आदेश शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर लागू नहीं होगा।

### आवागमन हुआ बाधित

## नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक बनी सड़क फिर तोड़ी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहा तक हाल ही में बनाई गई सीमेंट कांक्रीट सड़क को शुक्रवार को दोबारा जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण करीब 5-6 महीने पहले ही किया गया था और सड़क अच्छी स्थिति में थी। इसके बावजूद सड़क को उखाड़े जाने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी गई। वर्तमान में नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है

**सड़क तोड़ने से कॉलोनियों का रास्ता बंद-** स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सड़क तोड़ने के कारण आसपास की कॉलोनियों में आने-जाने का मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि सड़क को दोबारा बनाना ही था तो पहले एक तरफ का निर्माण पूरा किया जाना चाहिए था, ताकि आवागमन जारी रह सके। लेकिन बिना वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था किए पूरी सड़क तोड़ दिए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### जब तोड़ना ही था तो बनाई क्यों?

क्षेत्रीय लोगों ने निर्माण कार्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सड़क को कुछ महीनों बाद ही दोबारा तोड़ना था तो इसका निर्माण आखिर क्यों किया गया। लोगों ने इसे अधिकारियों की मनमानी बताते हुए कहा कि बिना योजना के कार्य होने से आम नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मौके पर मौजूद सुपरवाइजर ने बताया कि सड़क को दोबारा निर्माण के लिए तोड़ा गया है और नई सड़क बनाई जाएगी। हालांकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पहले से अच्छी स्थिति में थी, इसलिए उसे फिर से तोड़ने का निर्णय समझ से परे है।

## 63 लाख की लागत से नगर निगम में शामिल हुए 7 नए डोर-टू-डोर वाहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के संसाधनों में 63 लाख रुपये की लागत से 07 नए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहन शामिल किए गए। शुक्रवार को ग्रांड होटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने वाहनों का पूजन कर फीता काटा तथा हरी झंडी दिखाकर वार्डों के लिए रवाना किया।

कार्यक्रम में वर्कशॉप विभाग की प्रभारी दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी एवं अपर आयुक्त संतोष टैगोर उपस्थित रहे।

नगर निगम मद से खरीदे गए इन 7 वाहनों पर लगभग 63 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। निगम प्रशासन के अनुसार इन वाहनों का उपयोग विशेष रूप से उन वार्डों में किया जाएगा जहां अतिरिक्त कचरा वाहनों की आवश्यकता है अथवा जहां अब तक डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन नहीं पहुंच पाते थे। इस अवसर पर उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय तथा वर्कशॉप प्रभारी कृष्णा भूरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान नेता पर जिला बदर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक जाट पर प्रशासन द्वारा की गई जिला बदर की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस कार्यकताओं ने करीब सवा दो घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिला बदर आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अशोक जाट किसानों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करने वाले जुझारू नेता हैं। उन पर दर्ज पुलिस प्रकरण किसानों और आमजन से जुड़े आंदोलनों एवं चक्काजाम जैसी घटनाओं से संबंधित हैं। कांग्रेस का आरोप है कि ये मामले वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं, इसके बावजूद प्रशासन ने राजनीतिक द्वेष भावना से एकतरफा कार्रवाई करते हुए जिला बदर का आदेश जारी कर दिया। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि धरना प्रदर्शन में डॉ. रवि राय, अजीत सिंह ठाकुर, वीर सिंह राणा, लोकेंद्र सिंह, सुरेश चौधरी, अभिषेक शर्मा, बब्लू खींची, आनंद मीणा, रमेश सांखला, रहीम लाला, संचित शर्मा, अनवर बाबा, पवन यादव, दुर्गेश धवन, राजेंद्र राठौर, मोंटू चंदेल, वीरेंद्र गोसर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निगम के समस्त जोन कार्यालयों में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# बकाया संपत्ति कर एवं जलकर में विशेष छूट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज 9 मई शनिवार को नगर निगम के समस्त जोन कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर के करदाता अपना बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करते हुए दी जा रही छूट का विशेष लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए नगर निगम के समस्त जोन कार्यालय में संपूर्ण अमला उपस्थित रहकर संपत्ति कर जमा करवाने का कार्य संपादित करेगा। साथ ही निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार नगर निगम मुख्यालय में विशेष रूप से अस्थाई काउंटर के माध्यम से नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संपत्ति कर जमा करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है जिसका भी नागरिकों द्वारा उपयोग किया जा सकेगा। इसी के साथ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने जोन अंतर्गत बड़े बकायदारों से संपर्क करते हुए बकाया वसूली की राशि जमा करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।





#### लोक अदालत में छूट की पात्रता

- नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रूपए से अधिक तथा 01 लाख रुपए तक है उनमें 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख रुपए से अधिक बकाया है उसमें अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।
- जल कर/उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ऐसे प्रकरण, जिसमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है जिसमें अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, ऐसे प्रकरण जिनमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया है उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, यह छूट वित्तीय वर्ष में मात्र एक बार ही दी जायेगी।

#### करदाताओं से अपील

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शहर के समस्त संपत्ति करदाताओं एवं जल करदाताओं से अपील की गई है कि जिन्होंने अपना बकाया कर जमा नहीं किया है। वह नेशनल लोक अदालत में अपने कर की राशि का निर्धारण करते हुए बकाया जमा करें और अधिकार एवं सरचार्ज में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें और शहर विकास में सहयोग करते हुए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका को निभाएं।



## न्यूज ब्रीफ

### अमृत 2.0 एवं अधोसंरचनात्मक कार्यों को लेकर दिए निर्देश

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज इंदौर जिले की सभी नगर परिषदों में संचालित शहरी विकास एवं जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं नागरिक सहभागिता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आवासीय पट्टा वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने पात्र हितग्राहियों को पारदर्शिता के साथ लाभान्वित करने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। अमृत 2.0 योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी निर्माण एवं अधोसंरचनात्मक कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, राहत राशि वितरण तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण श्री नरेन्द्र भिड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों को समय पर राहत राशि उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहे। साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देशित किया कि प्रकरणों की जांच निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो तथा दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभी तक इस वर्ष 104 मामलों में 18 करोड़ रुपए से अधिक की राहत राशि का वितरण किया गया है।

### वैलनेस हब बैठक में प्राप्त सुझावों की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पांच विशेष रीजनल मेडिकल हब स्थापित करने की योजना है। इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए शुक्रवार को संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मेडिकल विशेषज्ञता रखने वाले तथा अलग-अलग क्षेत्रों के स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी से इस सम्बंध में सुझाव लिए गए। ताकि इस प्रस्तावित योजना को क्वालिटी ऑफ केयर एंड क्रेडिबिलिटी के साथ स्थापित किया जा सकें। बैठक के पश्चात संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि शासन को प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने से पहले इसके दीर्घ और लघु रूप में ठोस तैयारी की जाए। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक श्री हिमांशु प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म के चेयरमैन श्री हेमेन्द्र सिंह चौहान, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. डी.के. शर्मा सहित विभिन्न अस्पतालों के प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के पश्चात संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि भारत मेडिकल क्षेत्र में ग्लोबली वैलनेस डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। इसके लिए शासन की इस योजना को व्यवस्थित रूप से स्थापित करने के लिए जो व्यवस्थाएं या सुविधाएं अन्य शहर नही दे पा रहे है, उससे कुछ अलग देने के लिए हमें फोकस होना होगा। हमारे सबसे सकारात्मक पहलुओं के साथ ही इसमें कुछ और विशेषताएं शामिल करना होगी।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**इंदौर।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किलाभवन इंदौर में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण एवं योजना प्रभारी डॉ. शीतल झा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उद्योगों एवं संस्थानों में उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों से परिचित कराना है। कार्यक्रम में छात्राओं को योजना की रूपरेखा, उद्देश्य, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, प्रोफाइल निर्माण एवं इंटर्नशिप आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। योजना प्रभारी डॉ. शीतल झा ने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक अनुभव एवं कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य वातावरण में सीखने का अवसर प्रदान करती है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता एवं व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि होती है।

### धर्म नगरी में आम आदमी की जेब तराशने का व्यापार

# लूट सके तो लूट... वस्तु का न मूल्य तय न ही मात्रा

## समिति न मूल्य को लेकर काम कर पा रही न ही मात्रा को लेकर ही उसका नियंत्रण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कट चाय की दर 6-10 रूपए ली जा रही है। कहीं डिस्पोजेबल का ग्लास छोटा कर दिया गया है तो कहीं पर उसकी गुणवत्ता ही नहीं है। पोहे 10-15 रूपए हाफ प्लेट दिए जा रहे हैं लेकिन कहीं उसकी मात्रा मात्र कुछ है तो कहीं पर उसकी मात्रा ठीक-ठीक है। चिरोंजी का प्रसाद की सबसे छोटी थैली कहीं 20 रूपए में दी जा रही है तो कहीं 10 रूपए में। न तो इसकी मात्रा तय है और न हीं मुल्य।

सिंहस्थ 2028 का आयोजन करने की तैयारी कर रहे धर्म नगरी में आम आदमी की जेब तराशने का व्यापार हो रहा है। छोटे मोटे स्वल्पहार दुकानों से लेकर धर्म की सामग्री एवं आवागमन के साधन सभी इसमें शामिल होते जा रहे हैं। अब मात्रा एवं मुल्य में गडबडी की प्रवृत्ति में दिन प्रति दिन बढोतरी होती जा रही है। शहर में बढती श्रद्धालुओं की संख्या के साथ ही यह प्रवृत्ति भी लगातार बढ रही है।

### हर व्यवसाय में झोल-झाल

चाय-पान की दुकानों से लेकर हर व्यवसाय में यह स्थिति देखी जा रही है। बाहर का श्रद्धालु देखते ही पोहे बेचने वाला भी 10 रूपए में मुट्ठी भर पोहे दे रहा है और 15 रूपए में हथेली भर। चाय बेचने वालों का कट चाय बाजार में 6-10 रूपए तक बेची जा रही है। जिसकी मात्रा का कोई मापदंड पालन नहीं किया जा रहा है। कांच के गिलास के प्रचलन के दौरान तो फिर भी आधे गिलास से उपर कट चाय दी जाती थी लेकिन डिस्पोजल गिलास के उपयोग में स्मार्ट स्माल गिलास चाय देकर 6-10 रूपए वसूले जा रहे हैं। इसमें बाहर का श्रद्धालु देखते ही खेल कर दिया जाता है।

### टैक्सी, होटल, कुंम-कुंम, प्रसाद में भी यही हालत



आवागमन के लिए अगर बाहर का श्रद्धालु टैक्सी- ई रिक्शा ले रहा है तो उसके साथ भी यही हो रहा है। निर्धारित किराए से अतिरिक्त राशि ली जा रही है। चाहे एक किलोमीटर के लिए हो या फिर देव दर्शन । होटलों और गेस्ट हाउस में भी यही हाल हैं। फिक्स दर की लिस्ट अधिकांश के यहां से गायब है। जैसा ग्राहक वैसी राशि वसूलने में देर नहीं की जा रही है। उज्जैन आने वाला श्रद्धालु मेहंदी एवं कुम-कुम अपने साथ ले जाने की इच्छा रखता है। इसमें भी श्रद्धालुओं को चुना लगाया जा रहा है। केमिकल वाला कुंमकुंम प्राकृतिक कुमकम के भाव दिया जा रहा है। मेहंदी में भी यही हाल हो रहे हैं। प्रसाद में फूटकर व्यवसायी जैसा ग्राहक वैसा पैसा ले रहे हैं तो हार-फुल में भी यही सब किया जा रहा है। स्थिति यह है कि काल भैरव एवं गढकालिका मंदिर के बाहर दो गुलाब के फूल के 10 रूपए तक वसूले जा रहे हैं।



### धुम्रपान में भी मनमाफिक वसूली

धुम्रपान में सरकार की दर वृद्धि से दो गुनी वृद्धि बाजार में हो गई है। सरकार की दर वृद्धि से पूर्व जो सिगरेट 10 रूपए की थी वह पिछले एक माह तो 12 रूपए की बेची गई उसके बाद अब सीधे 15 रूपए की दर पर बेची जा रही है। फूटकर व्यवसायी स्टाकिस्ट के यहां से ही उसे माल महंगा मिलने की बात बता रहा है। जबकि सरकार ने सिगरेटों पर साईज के आकार को लेकर दर वृद्धि लागू की थी।धुम्रपान करने वाले बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के अन्य प्रांतों में ऐसा नहीं होने से विवाद की स्थिति बन रही है।

### नियंत्रण के लिए नाकाफी प्रयास-

महाकाल महालोक बनने के बाद विगत वर्ष होटलों की जांच के दौरान इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण के प्रयास प्रशासन ने एकाधि बार किए थे। उसके बाद पूरे मुद्दे को ही सिरे से भूला दिया गया। लंबे समय से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।तत्कालीन समय में इसे लेकर एक टीम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बनाई थी लेकिन उनके जाने के बाद यह मामला सिरे से ही गायब हो गया। पुलिस विभाग ने भी दो प्रीपेड बूथ की शुरूआत की थी लेकिन समय के साथ ये भी सुविधा भी गायब हो गई है। बाजार में मुल्य एवं मात्रा के नियंत्रण के लिए अब तक प्रयास नहीं किए गए हैं।

### सिटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जाना आवश्यक

बाजार में मुल्य एवं मात्रा के नियंत्रण को लेकर वर्षों पूर्व शहर में सिटी मजिस्ट्रेट प्रणाली को अंजाम दिया गया था। किसी समय में आईएएस कुमार पुरूषोत्तम स्वयं उज्जैन में सिटी मजिस्ट्रेट रहे और उन्होंने ऐसे मामलों को अंजाम दिया। उनके नेतृत्व में अन्य विभागों के दल भी बनाए गए थे। सिंहस्थ के आगमन को देखते हुए एक बार फिर से शहर के अलग झअलग भागों में इस प्रणाली को अंजाम देते हुए मुल्य एवं मात्रा के नियंत्रण को अंजाम देते हुए धर्म नगरी में आम आदमी की जेब तराशने की मनमानी के व्यापार पर अंकुश लगाया जा सकता है।

## गर्मी में पंक्षियों की फिक्र: प्यास बुझाने के लिए बांट रहे सकोरे



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

गर्मी में प्यासे कंठ को तर करने के लिए प्याऊ तो कई लोग लगाते हैं ,लेकिन मूक पक्षियों की कोई सुध नहीं लेता। प्रतिष्ठित समाचार पत्र दैनिक अवंतिका ने इस दिशा में पहल करते हुए घर-घर सकोरे बांटने का अभियान छेड़ा है। अभियान के तहत बड़नगर में शुक्रवार को सामाजिक संस्था गीता भवन अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी के सौजन्य से 100 से अधिक जन को सकोरे वितरित किए गए। गौरतलब है कि गर्मी के दौरान हर साल हजारों पक्षी प्यास के कारण मर जाते हैं। इस स्थिति को देखते हुए दैनिक अवंतिका ने सकोरे वितरण करने का आव्हान सामाजिक, राजनैतिक दलों से कर रहा है।

**इन पक्षियों पर मंडरा रहा खतरा-** गौरेया, मैना, बंगाल फ्लोरिकन, जेरडन कॉरसर, टिटहरी, उल्लू, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, चील, गिद्ध।

### 18 केंद्रों पर 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हुईं। पहले दिन 10वीं की हिंदी परीक्षा आयोजित की गई। इन परीक्षाओं में पूरक, अनुत्तीर्ण और श्रेणी सुधारने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। जिले में 10वीं के लिए 5158 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 3570 रेगुलर और 1588 प्राइवेट हैं। 12वीं के लिए 3908 पंजीकृत हैं। इनमें 2607 रेगुलर और 1301 प्राइवेट हैं। परीक्षाओं के लिए 18 केंद्र बनाए गए हैं। एडीपीसी गिरीश तिवारी के अनुसार हिंदी परीक्षा में 768 में से 736 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 32 अनुपस्थित रहे। नकल का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री और एडीपीसी के दल ने चार-चार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### क्षेत्र में सांस लेने में दिक्कत और प्रदूषण की समस्या बढ़ रही

# इंदौर में कागजों पर स्वच्छता... जमीन पर धुआं!

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के दावे लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कई जगह इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। शहर के अलग-अलग हिस्सों से खुलेआम कचरा जलाने की तस्वीरें सामने आ रही हैं। ताजा मामला तेजाजी नगर ब्रिज की सर्विस रोड का है, जहां कथित तौर पर निगमकर्मियों द्वारा ही कचरे में आग लगाई गई। एक तरफ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के बड़े-बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कचरा जलाकर हवा में धुआं और प्रदूषण फैलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे आसपास के क्षेत्र में सांस लेने में दिक्कत और प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। इधर निगम के भीतर भी स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर अलग तरह की चचाएं तेज हैं। बताया जा रहा है कि कुछ अधिकारी और कर्मचारी ऐसा माहौल बनाने में जुटे हैं मानो पूरे 85 वार्डों में व्यापक सर्वेक्षण होने वाला हो, जबकि पिछले वर्षों का रिकॉर्ड देखें तो सर्वेक्षण सीमित और तय लोकेशनों तक ही केंद्रित रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या असली व्यवस्थाओं को सुधारने के बजाय केवल दिखावटी तैयारियों पर जोर दिया जा रहा है।



### प्रभाव और दायरा भी बढ़ता जा रहा

सूत्रों के मुताबिक स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ा एक कंसल्टेंट अब इंदौर के साथ अन्य शहरों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। चचाएं हैं कि स्वच्छता मॉडल और सलाहकारी व्यवस्था के विस्तार के साथ उसका प्रभाव और दायरा भी बढ़ता जा रहा है। निगम गलियारों में इसे लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं। हालांकि सबसे बड़ा सवाल अब भी यही बना हुआ है कि क्या स्वच्छता अभियान वास्तव में जनभागीदारी और व्यवस्था सुधार का माध्यम है, या फिर यह कुछ लोगों के लिए केवल एक व्यवस्थित मॉडल बनकर रह गया है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर प्रदान किए सेवा सम्मान

**इंदौर।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा, ईश्वर की सेवा का सशक्त माध्यम है। मानवता की सेवा ही प्रभु की सेवा है। अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार गरीब, वंचित और जरूरतमंदों की हमेशा मदद करते रहे। उन्होंने कहा कि सेवा का दायरा बहुत विस्तृत है। रेडक्रॉस सदस्य दूरस्थ, ग्रामीण इलाकों जाकर जरूरतमंदों से मिले, उनकी समस्याओं को करीब से देखें, समझे और यथा संभव समाधान के आत्मीय प्रयास करें। हर सदस्य कम से कम 5 व्यक्तियों को रेडक्रॉस से जोड़े।

### भाजपा नेता से बहस के बाद महू नाके पर बवाल

# सड़क पर लेटे कार्यकर्ता, डेढ़ घंटे तक चक्काजाम

### ट्रैफिक पुलिस पर अभद्रता के आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



महू नाके पर शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं ने जमकर हंगामा करते हुए चक्काजाम कर दिया। विधानसभा क्रमांक-4 के प्रभारी वीरेंद्र शेंडगे और ट्रैफिक पुलिस की महिला अधिकारी के बीच हुई बहस के बाद मामला इतना बढ़ गया कि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। गुस्साए कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए, वहीं कई कार्यकर्ता विरोध जताते हुए रोड पर लेट गए। प्रदर्शन के चलते महू नाका और आसपास के इलाकों में लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। करीब डेढ़ घंटे से यातायात पूरी तरह प्रभावित है और खबर लिखे जाने तक चक्काजाम जारी है। वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकताओं का आरोप है कि महू नाके पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी आए दिन आम लोगों से अभद्र व्यवहार करते हैं। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और फिर प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने ट्रैफिक अधिकारी राधा यादव और राधा धुर्वे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यकताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# अभियान चलाकर यात्रियों की सुरक्षा के लिए यात्री बसों की गई सघन जांच

### अनियमितताएं और लापरवाही पाये जाने पर 07 बसों के फिटनेस निरस्त-पांच बसें जप्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आज जिला प्रशासन और आरटीओ की संयुक्त टीम ने मुहिम चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। इस मुहिम के तहत आज अनेक यात्री बसों की आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान अनियमितताएं और लापरवाही पाये जाने पर 7 बसों की फिटनेस निरस्त किए गए। पांच बसें जप्त की गई और पांच लाख रुपये से अधिक की राशि वसूल की गई।

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई एसडीएम घनश्याम धनगर और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और आरटीओ के संयुक्त टीम ने की। मुहिम में बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। इंदौर शहर में लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही, विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज के वाहनों की सघन जाँच की जा रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को इंदौर आरटीओ और जिला प्रशासन ने तीन इमली चौराहा, रिंगरोड पर लोक परिवहन वाहनों खासकर स्टेज कैरिज बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। कई बसो में फायर सेफ्टी उपकरण खराब या मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, इमरजेंसी एग्जिट बंद पाया गया, मेडिकल किट भी नहीं पाया गया। बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की गई। इस दौरान 5 बस जब्त की गई, 7 बसों के फिटनेस निरस्त किए गए और 5 लाख रुपये से अधिक बकाया टैक्स वसूल किया गया।

इस संयुक्त कार्यवाही में जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम घनश्याम धनगर, आरटीओ प्रदीप शर्मा, एआरटीओ राजेश गुप्ता एवं उड़नदस्ता टीम उपस्थित रही। साथ ही बसों के चालक-परिचालकों को भी समझाइश दी गई कि वे बसों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन न करें। जिस प्रकार फ्लाइट में यात्रियों को आपातकाल स्थिति में क्या करें ,क्या न करें की जानकारी दी जाती है उसी प्रकार बसों में भी सवारियों को जानकारी दी जाए कि कहाँ इमरजेंसी एग्जिट है, कहाँ पर कांच तोड़ने का हैमर रखा है ।

## न्यूज कालम



## दिन- दु:खियों की सेवा करना ही परमार्थ का सबसे बड़ा उदाहरण

**मनावर।** मनुष्य का परिचय उसके कर्मों से होता है। अच्छे संस्कार अगर परिवार में रोपित किए हैं तो निश्चित ही इंसान परमात्मा के कर्मो मे लगा रहता है और लोगों को भी मार्गदर्शन देता रहता है। ऐसा ही एक उदाहरण जुनी मनावर के बद्रीलाल पाटीदार ( कराड )जो कि बसो मे यात्रियो को बैठाने का काम करते थे और निःशुल्क सेवा का काम करते थे। अचानक 22 अप्रैल को हार्ट अटैक से वे स्वर्ग लोक को चले गए तथा 3 मई 2026 को उनका अन्नदान एवं पगड़ी रस्म का कार्यक्रम समपन्न हुआ । उनके सुपुत्र सोनू "बोल बम " के नाम से प्रसिद्ध है ।वह भी शुरू से ही पिताजी के साथ रहकर धार्मिक कार्यों में हमेशा संलग्न रहता था ।शाही सवारी हो या जगन्नाथ जी की यात्रा हो या कावड़ यात्रा हो वह हमेशा भोलेनाथ का रूप धारण कर श्रंगार कर झांकी के साथ नगर में प्रवेश करता था। मनावर से बालीपुर पदयात्रा हो, स्वयं भोले का रूप धारण कर भोलेनाथ की झांकी मे संवार होकर जाता था । मन में न लोभ, न मोह केवल प्रभु की शरण में अर्पित रहता था।

## देपालपुर उप डाकघर में 9 मई को आधार अपडेट विशेष अभियान

**देपालपुर।** आम नागरिकों को आधार सेवाएं एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप डाकघर देपालपुर में 9 मई को विशेष आधार नामांकन एवं अपडेट अभियान आयोजित किया जाएगा। यह अभियान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगा, जिसमें क्षेत्र के नागरिक अपने आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न कार्य आसानी से करवा सकेंगे। अभियान के तहत नागरिक आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट सहित अन्य आवश्यक संशोधन करवा सकेंगे। इससे लोगों को इधर-उधर भटकने की परेशानी से राहत मिलेगी और एक ही स्थान पर सभी जरूरी सेवाएं समय पर मिल सकेंगी। उप डाकघर प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस विशेष अभियान का लाभ लें और आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि प्रक्रिया सरलता से पूरी की जा सके। उक्त जानकारी उप डाकपाल दीपक वर्मा द्वारा दी गई।

## कानूनी साक्षरता अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार कानूनी साक्षरता अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जहां सुश्री आकांक्षा गर्ग न्यायाधीश महोदया ने एवं श्री मो असलम दहलवी साहब न्यायाधीश महोदय ने कहा हर व्यक्ति को कानूनी अधिकार प्राप्त हैं आप इन्हें समझे कानूनी जागरूकता का मुख्य उद्देश्य हे कि आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और कानून के प्रति जागरूक करना है नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी कर्तव्यों और सरकारी कानूनी सहायता प्रणालियों के बारे में जागरूक करना है। यह अभियान मुख्य रूप से वंचित, अनपढ़ और समाज के कमजोर वर्गों को कानून की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करता है आप सब अपने कानूनी अधिकारों को जाने ओर इस पर अमल करे । शिविर में थाना प्रभारी सनावद धर्मेंद्र यादव, एजीपी गोपाल चौहान व न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे।

## भरत राठौड़ प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने



**मंडलेश्वर।** वरिष्ठ समाज सेवक व्यापारिक संघ मंडलेश्वर के अध्यक्ष पत्रकार संघ मंडलेश्वर के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान संरक्षक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्री भरत राठौड़ को प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया भरत राठौड़ को प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बनने पर ब्रह्मदत्त चौहान, सीताराम ठाकुर संतोष ठाकुर परमानंद कर्मा (कर्मा डीजे) किशोर सिंह ठाकुर (तकन बाबा गायवाला) मनोज केवट जितेंद्र वर्मा सुभाष नायक लोकेश केवट अनिल शर्मा बाबा किशोर राठौड़ वीरेंद्र पाटीदार समीर जैन संदीप मकवाना रामलाल राठौर दीपक पटेल झबर सिंह तंवर राजा गोखले आदि ने शुभकामनाएं बधाइयां दी।

## गीता टेक्सटाइल्स के संचालक अनुरोध मित्तल को 1 साल का सश्रम कारावास



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती रीना पिपलिया ने बहुचर्चित चेक अनादरण के मामले में अंतिम फैसला सुनाते हुए उद्योगपति अनुरोध मित्तल को 1 साल के सश्रम कारावास एवं 9 लाख 40 हजार रुपये के जुमार्ने से दंडित किया है। अनुरोध मित्तल "गीता टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड बुरहानपुर" के संचालक तथा "श्री गीता प्रोसेसर्स बुरहानपुर" फर्म के प्रोपराइटर हैं।परिवादी प्रशांत गुप्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह मामला 7 लाख रुपये के चेक के अनादरण का था। कानून में 6 महीने में निर्णय दिए जाने का प्रावधान होने और इसी 6 माह में फैसला हो सके इस संबंध में उनके द्वारा भरपूर प्रयास के बावजूद, यह प्रकरण विगत 3 वर्षों से लंबित था।अधिवक्ता अग्रवाल ने कहा कि आखिरकार नवागत जज महोदय द्वारा उनके पक्षकार के पक्ष में अंतिम फैसला पारित होने से वकील होने के नाते अपनी जिम्मेदारी पूर्ण होने से वे खुश हैं।

# एलाइनमेंट निरस्त होने के बाद रजिस्ट्री पर रोक, पंजीयन कार्यालय पर हंगामा कर धरना दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



हुसैन टेकरी चौराहा से जोयो तिराहा तक प्रस्तावित एलाइनमेंट निरस्त होने के बावजूद रजिस्ट्रियां शुरू नहीं होने से गुरुवार को क्षेत्र के पीड़ित किसान और व्यापारियों का आक्रोश जमकर फूट पड़ा। जन संघर्ष समिति के नेतृत्व में उप पंजीयक कार्यालय पहुंचे और वहां जाकर जमकर प्रदर्शन किया। समिति का कहना था कि 14 जनवरी को कलेक्टर द्वारा एलाइन मेंट निरस्त किए जाने के चार महीने बाद भी प्रशासन के मौखिक आदेशों के आधार पर जमीनों की रजिस्ट्री रोक कर बैठा है ।

जन संघर्ष समिति एवं उपस्थित किसानों व व्यापारियों ने पंजीयक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए उप पजीयकं से पूछा की रजिस्ट्री बदं रखने का वर्तमान वेध आदेश कौन सा है तो वह कोई स्पष्ट लिखित जवाब नहीं दे सके ।इसे लेकर प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर मनमानी एवं तानाशाही पूर्ण रवैया का आरोप लगाया। प्रदर्शन बढ़ता देख एसडीएम सुनील जायसवाल भी मौके पर पहुंचे उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द रजिस्ट्रियां पुनः शुरू की जावेगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद जन संघर्ष समिति ने फिलहाल धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया ।वहीं समिति ने प्रशासन को अंतिम चेतावनी भी दी है कि वह 27 मई तक रजिस्ट्री पर लगी रोक नहीं हटाई गई तो 28 मई को समस्त पीड़ित किसान एवं व्यापारी एसडीएम कार्यालय के बाहर महू नीमच फोर लेन जाम करने की चेतावनी दी इस दौरान कांग्रेस नेता डीपी धाकड़, सुनील पोखरना, राजेश भरावा, असलम मेव ,राजेश कोठारी, रंजीत सिंघल ,जीतू मालवीय ,यूसुफ पठान( सरपंच), गुड्डू पठान मुकेश धाकड़, जगदीश सोलंकी ,आकाश जाजोदिया, नंदकिशोर राठौर ,दिनेश सैनी, मोहम्मद हुसैन, जीवन सैनी आदि पीड़ित किसान एवं व्यापारी उपस्थित थे।



## वार्ड 6 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

**जावरा ।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में किए जा रहे विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 नारकोटिक्स ऑफिस के बाहर आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया ।नाली निर्माण कार्य का पर 4 लाख रूपए का व्यय होगा। उक्त नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अनम युसूफ कडपा ने किया । अतिथि नारकोटिक्स जिला अफीम अधिकारी आरके प्रसाद रहे। नारकोटिक्स अधीक्षक सबिया खान ,नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, जिला योजना समिति सदस्य मुस्तकीम मंसूरी ,विजय कोठारी ,नूरजहां कडपा आदि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत स्वास्थ्य समिति सभापति यासमीन कबाडी ने किया।

### एसडीएम मंडलोई का नाव संचालकों पर एक्शन

## लाइफ जैकेट पहनाकर क्षमता से अधिक नहीं सवारियां बैठने के निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



खरगोन जिले की महेश्वर तहसील में नर्मदा के सुरक्षित घाट एवं असुरक्षित स्थानों पर नाव संचालन का कार्य हो रहा है नाविकों द्वारा नाव में क्षमता से अधिक सवारिया बैठकर इस पार से उस पार बिना लाइफ जैकेट पहनाकर संचालन किया जा रहा था जिसकी भनक स्थानीय प्रशाशन को मिली ग्राम गोगांवा में नाव संचालन के दौरान सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थी नाव संचालन का कार्य केवट समाज के नागरिकों द्वारा पुस्तैनी कार्य करता चला आ रहा है लेकिन भीषण गर्मी ओर पर्यटकों की तादात बढ़ते नाव संचालक क्षमता से अधिक यात्रियों और छोटे वाहनों को नाव में बैठाकर उत्तर से दक्षिण दिशा में पार पहुंचाया जाता है ग्राम गोगांव से सामने छोर प्रसिद्ध सियाराम बाबा समाधि स्थल पर नाव में यात्रियों को बिना लाइफ जैकेट के नर्मदा नदी पार कराई जा रही है जिसमें एक ही नाव में लगभग 10 महिलाएं, 10 पुरुष, 5 से 8 मोटरसाइकिलें और महिलाओं की गोद में छोटे-छोटे मासूम बच्चों मौजूद रहे

जिसको लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पूर्वा मंडलोई को इसकी भनक लगते ही तुरंत एक्शन लेते प्रशासनिक टीम को भेजते नाव संचालकों को हिदायत दी क्षमता से अधिक यात्रियों को नहीं बैठाये तथा यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनाकर नाव में बैठकर संचालित करे ।

यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए किसी प्रकार नाविक क्षमता से अधिक यात्री नहीं बैठाए तथा लाइफ जैकेट पहनाकर नाव का संचालक करे अन्यथा कार्यवाही की जाएगी ।

**पूर्वा मंडलोई एसडीएम मंडलेश्वर**

## बुरहानपुर प्रवास के बाद भोपाल में वस्त्र उद्योग को मिला विशेष ध्यान- अर्चना चिटनिस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुरहानपुर प्रवास के बाद भोपाल में वस्त्र उद्योग क्षेत्र को लेकर तैयार की गई राज्य स्तरीय कार्ययोजना में बुरहानपुर एवं खरगोन को विशेष ध्यान दिए जाने पर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने इसे निमाड़ क्षेत्र के औद्योगिक भविष्य में ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुरहानपुर प्रवास केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह उद्योगपतियों, उद्यमियों और स्थानीय हितधारकों से सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं, समस्याओं और संभावनाओं को समझने का गंभीर प्रयास था। उसी संवाद और जमीनी समझ का परिणाम है कि भोपाल में तैयार वस्त्र निर्यात रणनीति में बुरहानपुर और खरगोन को विशेष महत्व के साथ शामिल किया गया है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक पांच अरब अमेरिकी डॉलर के वस्त्र निर्यात लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जो व्यापक कार्ययोजना तैयार की है, वह केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक भविष्य का स्पष्ट मार्गदर्शन है। इस रणनीति में बुरहानपुर को आकांक्षी जिला और खरगोन को चैंपियन जिला के रूप में विकसित करने का निर्णय निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता पर सरकार के विश्वास को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर और निमाड़ क्षेत्र सदियों से कपास, वस्त्र और हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। यहां की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था, विशेषकर कपास उत्पादन, वस्त्र उद्योग की मजबूत नींव प्रदान करती है।



## ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा लालखेड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बुरहानपुर।** मध्य भारत के मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज वेल बुरहानपुर द्वारा ग्राम लालखेड़ा, तहसील भिकनगांव, जिला खरगोन में 8 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. अकरम खान (जनरल फिजिशियन) द्वारा मरीजों की संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉ. खान ने सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में एवं डॉ. रामस्वरूप पटेल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## न्यायिक परिवार खरगोन के अमृत कंठ अभियान को मिला व्यापक सहयोग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



न्यायिक परिवार खरगोन द्वारा संचालित अमृत कंठ अभियान के अंतर्गत भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल बेजुबान पक्षियों के लिए जल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश गण एवं अभिभाषक संघ द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग की घोषणा की गई।माननीय न्यायाधीशगण की ओर से 100 सकोरे तथा अभि भाषक संघ की ओर से 100 सकोरे प्रदान करने की घोषणा की गई। इस प्रकार न्यायिक परिवार खरगोन के इस जनसरोकार से जुड़े अभियान के अंतर्गत कुल 200 सकोरों का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं जिला न्यायाधीश श्री राजकुमार यादव, जिला न्यायाधीश श्री मुकेश नाथ, कैलाश प्रसाद मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गिरीश शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री पवन बिल्लौरे सहित अधिवक्त ।गण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अमृत कंठ अभियान के प्रमुख श्री राकेश वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न्यायिक परिवार खरगोन द्वारा संचालित यह पहल केवल सकोरों के वितरण तक सीमित नहीं है,

बल्कि समाज में जीवों एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास है। अभियान के माध्यम से लोगों को अपने घरों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## सदभावना मंच में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को किया नमन

**खंडवा।** कवि और दार्शनिक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय (एशिया के पहले) व्यक्ति बने। उन्होंने भारत का राष्ट्रगान जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला रचा। उन्हें 'गुरुदेव' के नाम से जाना जाता है वे एक महान कवि, चित्रकार, कलाकार और शिक्षाविद् थे। आज के दिन लोग उनके साहित्य, दर्शन और कला में योगदान को याद करते हैं। यह बात सदभावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के मौके पर उपस्थित सदस्यों को कही। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस दौरान सद्भावना मंच संस्थापक पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ. जगदीशचन्द्र चौरे उपस्थित थे।

## पाइपलाइन बदलने में अनियमितता को लेकर सीएमओ पर गंभीर आरोप लगे

**खरगोन।** नगर परिषद बिस्टान में पुरानी पेयजल पाइपलाइन बदलने में अनियमितता को लेकर सीएमओ पर गंभीर आरोप लगे हैं। इस अनियमतता से नाराज होकर सीएमओ के खिलाफ खुद नगर परिषद अध्यक्ष डेमासिंग नार्वे सहित उपाध्यक्ष और समस्त पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को मुख्यालय पहुंचे अध्यक्ष सहित पार्षदों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम शिकायती ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष कुमार पाराशर पर मनमानी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। नगर परिषद अध्यक्ष डेमसिंह नार्वे ने शिकायती आवेदन में बताया कि बिस्टान में सीएमओ संतोष कुमार पाराशर ने बिना परिषद की बैठक लिए पुरानी पेयजल पाइपलाइन बदलने की डीपीआर तैयायर कर टैंडर भी लगा दिया। इस डीपीआर को परिषद/ पीआईसी से 1 करोड़ 5लाख 89 हजार 95 रुपए की स्वीकृति भी मनमाने ढंग से कराई गई। शिकायत में आरोप लगाया कि सीएमओ ने परिषद/ ्पीआईसी की बैठक में इस संबंध में कोई जानकारी नहीं रखी और न ही किसी पार्षद को जानकारी दी गई। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर सीएमओ को नहीं हटाया गया, तो सभी पार्षद धरने पर बैठेंगे। उन्होंने सीएमओ को हटाकर योजना संबंधी जानकारी सार्वजनिक करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

## मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया का पहला प्रवचन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रहीं हर्षा रिछारिया ने संन्यास लेने के एक माह के भीतर ही प्रवचन की शुरूआत कर दी है। शुक्रवार को उज्जैन से करीब 22 किलोमीटर दूर लक्ष्मीपुरा गांव से उन्होंने अपने प्रवचन की शुरूआत की। यहां 108 कुंडीय यज्ञ के दौरान उन्होंने पहली बार सार्वजनिक रूप से करीब डेढ़ घंटे तक देवी शक्ति, माता सती और 52 शक्तिपीठों का महत्व बताया। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनका प्रवचन सुनने पहुंचे। अपने पहले प्रवचन में हर्षा बोलीं कि हिंदी वर्णमाला में जैसे 52 शब्द होते हैं, वैसे ही शक्तिपीठ भी 52 हैं, इनसे निकले बीज मंत्र से 52 वर्णमाला बनी है। कार्यक्रम के जगह-जगह लगाए गए होर्डिंग्स अब संन्यास के बाद उन्होंने प्रवचन की दिशा में भी कदम बढ़ा दिए हैं। लक्ष्मीपुरा गांव में आयोजित कार्यक्रम के लिए जगह-जगह बड़े होर्डिंग लगाए गए थे, जिन पर च्छ्देवी प्रवचन - हर्षानंद गिरीज्ज लिखकर उनकी तस्वीरें लगाई गई थीं। दोपहर करीब एक बजे शुरू हुए प्रवचन में हर्षा ने राजा दक्ष और माता सती की कथा से शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बिना निमंत्रण कहीं नहीं जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने 52 शक्तिपीठों और हिंदी वर्णमाला के 52 अक्षरों को जोड़ते हुए धार्मिक व्याख्या भी की।

# छतरपुर में एसपी रहे अगम जैन को खंडवा पुलिस अधीक्षक की कमान सौंपी

## प्रदेश शासन ने पुलिस विभाग में किया बड़ा फेरबदल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ भखंडवा

जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे, देशभक्ति जन सेवा की इस भावना के साथ हमारी टीम के साथ जनता के सहयोग कार्य करेंगे। खंडवा में पहली बार आया हूं मेरा दायित्व है कि हमारा जिला शांति व्यवस्था में कायम रहे, यह बात नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने चार्ज ग्रहण करने के पश्चात कहीं।

विगत दिनो शासन द्वारा पुलिस प्रशासन में फेर बदल किया गया, जिसके अंतर्गत खंडवा में पुलिस अधीक्षक एवं प्रमोशन के पश्चात डीआईजी बने श्री राय को भोपाल मुख्यालय भेजा गया, वहीं खंडवा पुलिस अधीक्षक के पद पर छतरपुर में एसपी रहे अगम जैन को खंडवा एसपी की कमान सोंपी गई।



समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 12.05 पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और डीआईजी मनोज राय की उपस्थिति में १२:१० पर पुलिस अधीक्षक का चार्ज ग्रहण किया। जबलपुर डीआईजी श्री राय ने एसपी श्री जैन का स्वागत किया। चार्ज ग्रहण करने के पश्चात समाजसेवी सुनील जैन ने पुलिस अधीक्षक श्री जैन का तीन दादाओ की नगरी खंडवा में मोती की माला पहना कर स्वागत किया। सुनील जैन ने बताया कि पुलिस महकमे में हुए बड़े फेरबदल के बाद खंडवा को नया कप्तान मिल गया है। 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी अगम जैन अब जिले की कानून व्यवस्था की कमान संभालेंगे। प्रदेश शासन ने शनिवार रात्रि में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया, लगभग ५० पुलिस अधिकारी स्थानांतरित हुए। खंडवा जिले में मनोज राय जी के प्रमोशन के पश्चात खंडवा जिले की कमान छतरपुर में एसपी रहे अगम जैन को प्राप्त हुई है। सुनील जैन ने बताया कि उनके आने से पुलिसिंग में सख्ती और नए तेवर देखने को मिल सकते हैं।

अगम जैन इससे पहले छतरपुर में एसपी के रूप में पदस्थ थे, जहां उन्होंने सख्त और परिणाम देने वाली कार्यशैली से अपनी अलग पहचान बनाई। अब खंडवा में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

वहीं, खंडवा के मौजूदा एसपी मनोज कुमार राय को पदोन्नति के बाद डीआईजी बनाकर भोपाल पुलिस मुख्यालय भेजा गया है।उनके कार्यकाल को जिले में बेहतर कानून व्यवस्था और अपराधों पर नियंत्रण के लिए याद किया जाएगा।

## न्यूज -कॉलम

### जनगणना में शामिल शिक्षिका सड़क दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** शासन के आदेश पर जनगणना में ड्युटी कर रही शिक्षिका निर्मला पति रोजश 45 साल निवासी महाकाल वाणिज्य केन्द्र को शुक्रवार दोपहर नरवर थाना क्षेत्र के विनोद रेस्टोरेंट के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल हुई शिक्षिका को एम्बुलेंस से उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। शिक्षिका के हाथ और पैर में फैक्कर होना सामने आया है। नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। घायल शिक्षिका के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जायेगा।

### मृतक की नहीं हुई पहचान, हाथ पर लिखा था बबलू

**उज्जैन।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलीवाडा से निकास की ओर जाने वाले मार्ग पर 2 दिन पहले अचानक गश खाकर नाली में गिरे व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा था। मृतक के हाथ पर बबलू और ओम गुदा हुआ था। उसकी पहचान के काफी प्रयास किये गये, लेकिन शुक्रवार तक परिजनों का पता नहीं चल पाया। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया गया है। आशंका जताई गई है कि दिल का दौरा पडने से उसकी मौत हुई है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। वहीं शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 7 से एक वृद्ध का शव जीआरपी ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। मृतक वृद्ध हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई गई है कि वृद्धावस्था के चलते उसकी मौत हुई। उसके पास से शिनाख्त का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। फिलहाल शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों का पता नहीं चलने पर 24 घंटे बाद दफनाने की प्रक्रिया की जायेगी।

### जहरीली कच्ची शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश

**उज्जैन।** धार के कानवन के रहने वाले बदमाश महिपाल पिता गोकुलसिंह सोलंकी को चिमनगंज थाना पुलिस ने पिंगलेश्वर मार्ग पिलियाखाल के पास से निर्माणाधीन कालोनी के मैदान से गश्त के दौरान हिरासत में लिया। बदमाश के पास से हाथ भट्टी पर बनी जहरीली कच्ची शराब से भरी केन मिली है। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि जहरीली शराब मिलने पर आबाकरी अधिनियम की धारा 49-ए का प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी महिपाल के खिलाफ धार जिले में हत्या के प्रयास और मारपीट के कई मामले दर्ज है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### गोठवाल चौराहा पर 60 साल के वृद्ध से मारपीट

**उज्जैन।** किशनपुरा में रहने वाले 60 वर्षीय जयराम पिता जगन्नाथ जाटवा गुरूवार-शुक्रवार रात भजन कीर्तन में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। गोठवाल चौराहा पर मोहित, गोपाल और एक अन्य ने पाइप-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। चरक अस्पताल में भर्ती घायल वृद्ध ने बताया कि मारपीट करने वाले गोपाल क्षेत्र का ही रहने वाला है। 6 माह पहले गोपाल का पुत्र जगदीश अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उसी दौरान बीच-बचाव किया था। जब गोपाल और उसके परिवार ने बीच-बचाव करने पर गाली-गलौच की थी, जिसके बाद से मनमुटाव हो गया था, जो रंजीश में बदल गया था, उसी रंजीश में रात को गोपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला किया है। माधवनगर थाना एएसआई ज्वाकिम तिर्की के अनुसार मामले में मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### दूध वाहन और मैजिक ने मारी बाइक सवारों को टक्कर

**उज्जैन।** नानाखेडा थाना क्षेत्र के ग्राम राघौपिपल्या चौराहा पर टाटा मैजिक के चालक ने तेजगति से गाडी चलते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में जगदीश बागवान और संदीप योगी निवासी ग्राम गंगेडी चिंतामण घायल हो गया। पुलिस ने मैजिक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। दुर्घटना का दूसरा मामला दूध वाहन से होना सामने आया। मंगलनाथ मंदिर से इंदिरानगर की ओर आने वाले मार्ग पर बाइक सवार रमेश पिता रामलाल सोलंकी 60 साल निवासी मंगल कालोनी को दूध वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक दूध वाहन लेकर भाग निकला था। चिमनगंज थाना पुलिस दूध वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

### 12 दिन बाद फिर तापमान 43 डिग्री के करीब पहुंचा

**उज्जैन।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता खत्म होते ही दिन का तापमान शुक्रवार को 43 डिग्री के करीब पहुंच गया। शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम 42.4 डिग्री दर्ज किया गया है। 25 अप्रैल को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था और तापमान 43 डिग्री दर्ज हुआ था। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर तेज हवा और बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश से अधिकतम तापमान में गिरावट आई थी और 12 दिनों से तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच बना हुआ था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 355-3 | 167-4 |
| मेन बाजार | 780-5 | 600-6 |
| कल्याण नाइट | 349-6 | 367-6 |
| मिलन डे | 123-6 | 360-9 |
| मिलन नाइट | 279-8 | 148-3 |
| मधुर डे | 139-3 | 880-6 |
| मधुर नाइट | 120-3 | 799-5 |
| शुभांक | 1 5 | 7 |

साास और मां पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, नाबालिग भी हिरासत में...

# तोड़फोड़-आगजनी करने वाले बदमाश का निकाला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कंचनपुरा में रंजीश के चलते मकान में तोडफोड और आगजनी करने वाले बदमाश का पुलिस ने जूलूस निकाल दिया। बुधवार-गुरूवार रात जहां दहशत फैलाई थी, उसी जगह बदमाश कान पकडकर लगडाता हुआ चलता दिखाई दिया। शुक्रवार दोपहर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

आईटीआई में पदस्थ कर्मचारी भागीराथ रायकवार कंचनपुरा में निवास करते है। 2 साल से उनका पडोसी से विवाद चला आ रहा है। बुधवार गुरूवार रात पडोसी का दामाद गोलू पिता पप्पू रायकवार निवासी ढांचा भवन कंचनपुरा पहुंचा था और नाबालिग साले के साथ 3 अन्यों के साथ भागीरथ रायकवार के मकान पर पहुंच गया। उसने जमकर गद्दर मचाया और दरवाजा तोडकर भागीरथ की मां भगवती बाई 75 साल, पुत्री पूजा और रिश्तेदार महिला के



साथ मारपीट करते हुए घर के बाहर खडे दो पहिया वाहन में आग लगा दी थी। उपद्रव की खबर मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस कंचनपुरा पहुंच गई थी। गुरूवार सुबह उपद्रव के मुख्य आरोपी गोलू रायकवार और उसके नाबालिग साले को हिरासत में ले लिया गया। शुक्रवार को गोलू रायकवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। उससे पहले उसका उसी जगह जुलूस निकाला गया, जहां उसने उपद्रव करते हुए दहशत फैलाई थी। बदमाश कान पकडकर लगडाता हुआ दिखाई दिया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि बदमाश के 3 साथी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। मामले में आरोपी गोलू की मां संगीता और सास रीना भी उपद्रव के दौरान शामिल होना पाई गई थी, जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### तोड़फोड़ में हुआ था हजारों का नुकसान

बताया जा रहा है कि घटनाक्रम के दौरान भागीरथ रायकवार नाईट ड्युटी पर गये थे। घर पर उपद्रव की खबर मिलने पर देर रात लौटे थे। बदमाशों द्वारा की गई तोडफोड में उन्हे हजारों का नुकसान होना सामने आया है। बदमाशों ने घर के खिडकी दरवाजों का तोडने के साथ अंदर रखा टीवी और घरेलू सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था यहीं नहीं बाइक में आग लगा दी थी। तोडफोड मारपीट के मुख्य आरोपी गोलू के साथ उसका भाई और पंवासा क्षेत्र के 2 युवक भी शामिल होना बताये गये है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### 45 मिनट तक मचाया था गद्दर

रायकवार परिवार के अनुसार बदमाशों ने करीब 45 मिनट तक घर में गद्दर मचाया था। बीच बचाव में पडोस में रहने वाली भागीरथ की बहन उषा और चचेरा भाई बीच-बचाव में आया था, उनके साथ भी मारपीट की गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची थी, इस दौरान नाबालिग आरोपी हिरासत में आ गया था।

# धोखाधड़ी में शामिल 55 मोबाइल नंबर को कराया गया बंद

## 4 फर्जी वेबसाइट और 64 आईएमईआई नम्बर निष्क्रिय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

डिजीटल सुरक्षा को लेकर पुलिस तकनीकी स्तर पर निगरानी रख साइबर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई लगातार कर रही है। एक बार फिर पुलिस ने धोखाधडी में शामिल 55 मोबाइल नम्बरों के साथ होटल बुकिंग के नाम पर संचालित की जा रही 4 वेबसाइड को बंद कराया है।



एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि डिजीटल सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये उज्जैन पुलिस लगातार डिजीटल माध्यमों से ऐसे मोबाइल नम्बरों पर नजर रखी रही है। जिनका उपयोग ऑनलाइन ठगी, बैकिंग फ्रॉड, फर्जी लिंक भेजकर नागरिकों से साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में आईटी सेल शाखा टीम के एसआई प्रतिक यादव, आरक्षक प्रिंस छाबडा और मयूर घूंघरवाल की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों से 55 नम्बरों का पता लगाया, जिसके माध्यम से ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया जा रहा था। नम्बरों की जानकारी मिलने पर दूरसंचार कंपनियों से संपर्क कर सभी को बंद कराया गया है। टीम द्वारा 64 मोबाइल के आईएमईआई नम्बरों को भी ब्लॉक कराया है, जिससे संबंधित मोबाइल उपकरणों का किसी साइबर अपराध में उपयोग रोका जा सके। पूर्व में जनवरी माह के दौरान भी पुलिस टीम ने 213 मोबाइल नम्बरों को बंद कराया था। पुलिस की आईटी शाखा लगातार ऐसे नम्बरों का विश्लेषण कर रही है, जिनके माध्यम से डिजीटल सुरक्षा का गलत उपयोग किया जा रहा है।

### चार फर्जी वेबसाइड भी आई थी सामने

आईटी सेल शाखा द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से रखी जा रही नजर के दौरान चार ऐसी फर्जी बेवसाइड भी सामने आई। जिनके माध्यम से धार्मिक नगरी में होटल, धर्मशाला में ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर धोखाधडी की जा रही थी। चारों वेबसाइड को ऐसे डिजाइन कर गूगल पर अपलोड किया गया था, जिससे आमजन आसानी से भ्रमित हो रहा था। उक्त चारों बेवसाइड को भी निष्क्रिय कराने का काम पुलिस द्वारा किया गया है।

### आमजन से उज्जैन पुलिस की अपील

एसपी प्रदीप शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी होटल, धर्मशाला अथवा अन्य सेवा की ऑनलाइन बुकिंग करते समय केवल अधिकृत और विश्वसनीय वेबसाइटों का उपयोग करें। किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधडी होती है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराये।

## ग्राम खडोतिया में दुर्घटना, बाइक सवार की मौत

**उज्जैन।** गंभीर डेम और इंगोरिया के बीच ग्राम खडोतिया में शुक्रवार रात अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। एम्बुलेंस शव चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी।

बताया जा रहा है कि इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खडोतिया में रात 9 बजे के लगभग तेजगति से दौड़ते अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया था। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंची और बाइक सवार को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। मृतक की पहचान रतनसिंह पिता राजाराम 55 साल निवासी ग्राम अजराना थाना चिंतामण के रूप में हुई। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा दुर्घटना में मृतक की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। वहीं पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को दुर्घटना से अवगत कराया गया है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी। रात में हुई दुर्घटना से 2 दिन पहले भी इंगोरिया क्षेत्र के ग्राम धरेरी में अज्ञात वाहन ने राजस्थान के बाडमेर में रहने वाले लक्ष्मण पिता हरीराम जाट को कुचल दिया था। जिसकी अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई थी।


## जाहिर सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती कमला बाई पति श्री संतोष, निवासी-ग्राम गोंदिया तहसील व जिला उज्जैन, से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-235/2/1/2 रकबा 0.37 हेक्टर में से रकबा 0.27 हेक्टर भूमि हैं उक्त भूमि ग्राम गोंदिया तहसील व जिला उज्जैन में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो ।**

**इति दिनांक-08.05.2026**

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**


# आबकारी की 4 गांवों में दबिश, हिरासत में आई महिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अवैध शराब मामलों को लेकर जिले में आबकारी विभाग टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरूवार को टीम ने 4 गांवों में दबिश मारी। एक महिला को कच्ची शराब के साथ हिरासत में लिया, वहीं कच्ची शराब के कुछ ठिकानों को तबाह किया।

आबकारी विभाग नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश कुमार रंधा ने बताया कि सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध और कच्ची हाथ भट्टी से बनने वाली शराब को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीती रात जिले के ग्राम सिकंदरखे?ा, इंगोरिया, खरसौद खुर्द, सिजावता और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी गई। ग्राम सिकंदरखे?ा के एक



मकान से झनाबाई पति अनिल भानमता 43 साल को पक?ा गया। जिसके मकान से 20 लीटर हाथ भट्टी की शराब बरामद की गई।

उक्त शराब मानव उपयोग के लिये हानिकारक थी। मामले में महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 9 मामले दर्ज किये गय। जिसमें 5 लोगों पर कार्रवाई की गई। वहीं 4 मामले अज्ञात थे। इस दौरान 40 लीटर हाथ भट्टी की शराब और 11 सौ किलोग्राम लहान जप्त कर कच्ची शराब के ठिकानों को नष्ट किया गया। सभी मामले व्रत एसआई कैलाश रूई द्वारा दर्ज किये गये है। दबिश के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र भदौरिया, विजय मे?ा, ममता भावेल, सुदर्शन काले, उपनिरीक्षक हिमांशु अग्रवाल, आकांक्षा गहरवाल, रानी, शुभांगी और स्टाफ मौजूद था।

### अप्रैल में दर्ज किये थे 142 प्रकरण

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी रंधा के अनुसार अप्रैल में माह में जिले में टीम द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ होटल, ढाबों पर दबिश दी गई थी। इस दौरान 142 प्रकरण दर्ज किये थे। जिसमें 97 आरोपियों की गिरफ्तारी कर 122 बल्क लीटर शराब और 3475 किलोग्राम लहान जप्त किया गया था।

# जमीन विवाद में चली लाठी-तलवार, वीडियों वायरल

## शाजपुर में इंदौर निवासी भतीजे-भतीजियों में भिडंत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाजापुर जिले के अकोदिया थाना क्षेत्र के फूलेन गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। महिलाओं को जमीन पर पटक-पटककर पीटा गया। तहसीलदार के आदेश पर सीमांकन के लिए पहुंचे सरकारी अधिकारियों के सामने लाठी-डंडे चले और तलवारें भी लहराई गईं। इस घटना में कुल सात लोग घायल हो गए।

यह विवाद दो भाइयों के परिवार के बीच जमीन के हिस्से-बंटवारे को लेकर सामने आ रहा है। इंदौर निवासी अमन पंवार अपनी बहनों के साथ अपने दिवंगत पिता के हिस्से की जमीन का सीमांकन कराने फूलेन पहुंचे थे। अमन पंवार को देखते ही उनके रिश्ते में ताऊ लगने वाले अशोक पंवार और उनके परिवार ने विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए यहां क्यों आए। इसी बात पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। विवाद में सात लोग घायल हुए, जिनमें से चार को गंभीर चोटों के कारण जिला अस्पताल शाजापुर रैफर किया गया है। अकोदिया थाना पुलिस ने



मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। इंदौर निवासी अमन पंवार की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष के फूलेन निवासी आकाश की शिकायत पर अमन सहित सात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। विवाद में दोनों पक्ष 7 महिलाओं को भी आरोपित बनाया गया है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जसवंतसिंह पिता भेरूसिंह जी जाति आंजना निवासी ग्राम पिपल्या धूमा, तहसील झारड़ा, जिला उज्जैन (म.प्र.) ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 959, 1037, 1224, 1225/1/1/1, 1226/1, 1226/3/1/1, 1228, 1230/1, 1230/3 एवं 1231/1, कुल किता 10 कुल रकबा 5.27 हेक्टर मेंसे बिक्री रकबा 2.37 हे. भूमि अर्थात 9 बीघा 12 बिस्वा भूमि जसवंत सिंह पिता भेरूसिंह के हिस्से की भूमि स्थित ग्राम पिपल्या धूमा तहसील झारड़ा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सुचित हो। इति दिनांक - 08-05-2026

**कमल शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 9285317889**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता कनीजा बी पति असगर अली जाति मुसलमान निवासी 54, हसनाबाद इंदौर जिला इंदौर म.प्र. कृषक बड़नगर कस्बा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 446/2 रकबा 0.3460 हे., सर्वे क्र. 447/2 रकबा 0.3550 हे., सर्वे क्र. 448/2/2 रकबा 0.3240 हे., सर्वे क्र. 449 रकबा 0.0630 हे., सर्वे क्र. 450/2 रकबा 0.5440 हे. कुल किता 05 कुल रकबा 1.6620 हे. में से रकबा 0.831 बडनगर कस्बा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी 7 सूचित हो ।

दिनांक 08/05/2026

**लोकेन्द्र पटेल ( अभिभाषक )**
**161. राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर**
**जिला उज्जैन मो. 7999800300**

# हमें कैसा समाज चाहिए



मध्यमार्ग सदैव सुनहरा नहीं होता। वह प्रायः क्षीण दृष्टि, गुनगुनी उदासीनता अथवा कायरतापूर्ण अकुशलता के लिए एक प्रिय उक्ति होती है। लोग मध्यमार्गी, रूढ़िवादी अथवा अतिवादी कहलाते हैं और एक सूत्र के अनुसार अपने व्यवहार व विचारों को व्यवस्थित करते हैं। हम व्यवस्थाओं, पार्टियों के आधार पर सोचना पसंद करते हैं और यह भूल जाते हैं कि केवल सत्य ही मानदंड है।

रूढ़िवादी की स्थिति पर आश्चर्य होता है। वे सभी चीज को देवत्व प्रदान करने के लिए परिश्रम करते हैं। हिंदू समाज में कुछ ऐसी व्यवस्थाएं और आदतें हैं, जो केवल रिवाजी हैं। इसका कोई प्रमाण नहीं कि वे पुरातन समय में थीं और न कोई कारण है कि उन्हें भविष्य में भी क्यों बने रहना चाहिए?... न तो पुरातनता और न आधुनिकता ही सत्य की कसौटी हो सकती है। सभी ऋषि अतीत के नहीं थे; अवतार अब भी होते हैं; रहस्योद्घाटन अभी भी जारी है... आधुनिक समाज को मनु के अनुसार पुनर्निर्मित करना वैसा ही होगा, जैसे गंगा को वापस बहकर हिमालय जाने के लिए कहना। निस्संदेह मनुष्य राष्ट्रीय हैं, पर ऐसी ही पशुबलि भी है। चूंकि एक वस्तु अतीत में राष्ट्रीय थी, इसके अर्थ यह नहीं कि वह भविष्य में भी राष्ट्रीय बनी रहे। बदली हुई परिस्थितियों को स्वीकार न करना मूर्खता है।... सभी वस्तुओं की एक तिथि और सीमा होती है। बहुत समय तक चलने वाली सभी प्रथाएं अपने समय में श्रेष्ठ रूप से उपयोगी रही हैं। हमें अतीत की उपयोगिता को नजरंदाज नहीं करना चाहिए, परंतु प्राथमिक रूप से हमें वर्तमान और भावी उपयोगिता की तलाश है।

प्रथा और कानून तब उसके अनुरूप बदले जा सकते हैं। प्रत्येक युग के लिए उसका अपना शास्त्र हो, पर हम सीधे-सीधे यह तर्क नहीं कर सकते कि उसे बदलना ही चाहिए या यदि परिवर्तन आवश्यक भी हो, तब भी उसे एक निश्चित दिशा में ही बदलना चाहिए। समाज सुधारकों के नासमझ उत्साह से तो नफरत पैदा होती है। प्रायः उनके मस्तिष्क अनपची यूरोपीय धारणाओं के विचित्र गड्ड-मड्ड होते हैं। उनमें से बहुत कम यूरोप के विषय में कुछ जानते हैं और जो वहां हो आए हैं, उन्हें भी उसकी बड़ी खराब जानकारी होती है। पर वे यूरोपीय धारणाओं के विरुद्ध कही गई बातों या विचारों को अंधविश्वासी, असभ्य, हानिकर के अलावा और कुछ कहना स्वीकार नहीं करेंगे तथा यूरोप में जिसकी प्रशंसा की जाती है, उसे तर्कसम्मत व प्रबुद्ध के अतिरिक्त और कुछ समझना भी उन्हें स्वीकार्य नहीं होगा। सबसे महत्व का प्रश्न यह है कि समाज प्रतियोगी होगा या सहकारी, व्यक्तिवादी होगा या साम्यवादी? यदि इन बातों का निर्णय हो जाए, तो छोटी-छोटी बातें खुद ठीक हो जाएंगी।



**सम्पादकीय**

## बिहार की चुनौतियां

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए हैं और वहां नई सरकार के शपथ का स्वाभाविक ही इंतजार चल रहा है। इस बीच, बिहार में मंत्रिमंडल का पुनर्गठन खास बन गया है और इस पर सबकी निगाह है। इस शपथ ग्रहण के साथ बिहार की राजनीति और सत्ता एक नई दिशा में बढ़ चली है। इसे हम पीढ़ीगत परिवर्तन भी कह सकते हैं। करीब दो दशक तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार भी मंत्री बनाए गए हैं और इसकी चर्चा ज्यादा होना स्वाभाविक है। पचास वर्षीय निशांत कुमार तब राजनीति में आए हैं, जब उनके पिता अति-सक्रिय राजनीति से कुछ पीछे हट रहे हैं और मुख्यमंत्री पद भी छोड़ दिया है। यहां लोग वंशवाद की चर्चा करेंगे, पर यह अपने आप में विरल है कि सत्ता में अपने पुत्र को लाने के लिए न पिता लालायित थे और न पुत्र में ऐसी कोई लालसा दिखाई पड़ रही थी। अक्सर भारतीय राजनीति में पिता-पुत्र का सत्ता-संघर्ष भी देखा गया है, पर इस मोर्चे पर नीतीश कुमार और उनके पुत्र एक मिसाल हैं। निशांत कुमार बिहार में नीतीश कुमार की पूरी भरपायी तो नहीं कर पाएंगे, पर उनसे लोगों को उम्मीदें जरूर होंगी। बहरहाल, यह भी गौर करने की बात है कि निशांत कुमार चाहते, तो उप-मुख्यमंत्री का पद भी मांग सकते थे, पर वह केवल मंत्री बनने के लिए किसी तरह से तैयार हुए। अभी भी बिहार में जहां भाजपा का मुख्यमंत्री है, तो दो उप-मुख्यमंत्री जद-यू से आते हैं। बिहार के मंत्रिमंडल में फेरबदल के तहत सत्तारूढ़ गठबंधन के 32 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली है। सत्ता साझा करने के मामले में भाजपा और जदयू के बीच बेहतरीन समन्वय दिखा है। भाजपा सहज ही जदयू को अपना बराबर का सहयोगी मानकर चल रही है। एलजेपी (रामविलास) के दो, एचएएम और आरएलएम से एक-एक नेता को मंत्रिमंडल में शामिल कर सरकार को मजबूत बनाया गया है। अब एक ऐसे मंत्रिमंडल का गठन हो गया है, जिसे आगामी साढ़े चार साल तक बिहार की सेवा करनी है। यह इतिहास में दर्ज है, नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री रहते बिहार में बहुत सुधार किए, पर अभी इस राज्य को बहुत आगे ले जाने की जरूरत है। जो खूबियां नीतीश कुमार के समय इस राज्य में पैदा हुईं, उन्हें संजोते हुए विस्तार देना होगा। मंत्रिमंडल में किस जाति, किस उपजाति को कितना प्रतिनिधित्व मिला, ये मामूली तथ्य हैं, असली सवाल तो यह है कि समग्रता में मंत्रिमंडल का प्रदर्शन कैसा रहेगा? समय आ गया है कि मंत्रिमंडल को किसी जाति के चश्मे से नहीं, योग्यता की दृष्टि से देखा जाए। किसी भी सरकार को उसके आंतरिक जातिगत-क्षेत्रगत समीकरण से नहीं, उसके काम से परखा जाना चाहिए।

### रवींद्रनाथ टैगोर-छाया में शपथः नए बंगाल का प्रतीकात्मक सत्ता-विन्यास

# क्यों टैगोर जयंती बनी नए बंगाल की सांस्कृतिक पुनर्जागरण की तारीख?

पश्चिम बंगाल की राजनीति में घटित होते क्षण अब केवल घटनाओं का क्रम नहीं, बल्कि एक सुनियोजित प्रतीकात्मक ढांचे का हिस्सा बन चुके हैं, जहाँ समय और सांस्कृतिक संदर्भ राजनीतिक संदेश बनते जा रहे हैं। रवींद्रनाथ टैगोर 165वीं जयंती के साथ संभावित शपथ ग्रहण की चर्चा ने इस परिदृश्य को गहराई दी है। 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के भारी बहुमत के साथ टीएमसी की 15 वर्षीय सरकार का अंत होने के बाद यह चर्चा और भी प्रासंगिक हो गई है। यह केवल सत्ता परिवर्तन की तैयारी नहीं, बल्कि ऐसी रणनीति है जिसमें हर सार्वजनिक क्षण और आयोजन सोच-समझकर चुना गया है, ताकि राजनीति और संस्कृति का संगम स्थापित हो सके। इसी ने नए बंगाल की अवधारणा को नारे से आगे बढ़ाकर एक प्रतीकात्मक अभियान का रूप दे दिया है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

इस रणनीति की असली धार यही है कि समय अब केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि सक्रिय राजनीतिक साधन बन चुका है। शपथ ग्रहण जैसे संवैधानिक क्षण को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती से जोड़ने का संकेत यह स्पष्ट करता है कि यहाँ सत्ता के साथ-साथ प्रतीकों और अर्थों की पूरी संरचना नए सिरे से रची जा रही है। हर तिथि एक संदेश बन गई है और हर आयोजन एक सुविचारित विमर्श का रूप ले चुका है। यह दृष्टिकोण राजनीति को प्रशासनिक प्रक्रिया से आगे ले जाकर उसे सांस्कृतिक स्मृति और जनभावनाओं के गहरे तंतुओं से जोड़ देता है, जिससे उसका प्रभाव और अधिक सघन व बहुआयामी हो जाता है।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह को रणनीतिक शिल्पकार व संगठनात्मक वास्तुकार के रूप में देखा जाता है। मोदी जी राजनीति को केवल शासन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय आत्मविश्वास के विस्तार के रूप में परिभाषित करते हैं, जबकि अमित शाह ने इस दृष्टि को बूथ स्तर तक सूक्ष्म संगठन में उतारा है। दोनों की संयुक्त रणनीति सुनिश्चित करती है कि कोई भी क्षण, तिथि या घटना अर्थहीन न रहे। प्रत्येक कदम ऐसा गढ़ा गया है कि वह तात्कालिक प्रभाव के साथ दीर्घकालिक राजनीतिक और सांस्कृतिक संदेश भी स्थापित करे।

बूथ स्तर पर निर्मित रणनीति इस पूरी संरचना की सबसे सुदृढ़ नींव के रूप में उभरी है, जहाँ प्रत्येक मतदान केंद्र को केवल चुनावी इकाई नहीं, बल्कि जनसंपर्क और विचार-विस्तार के केंद्र में बदला गया। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक समान संगठनात्मक अनुशासन दिखाई दिया, जिसमें स्थानीय समस्याओं को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से जोड़ा गया। बेरोजगारी, विकास में असमानता, सुरक्षा की चुनौतियाँ और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को सुनियोजित ढंग से उठाया गया। यह केवल प्रचार नहीं था, बल्कि एक निरंतर संवाद था, जिसने जनता और संगठन के बीच नई समझ को आकार दिया।

इस रणनीति की एक और प्रमुख विशेषता यह है कि प्रत्येक राजनीतिक घटना को व्यापक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में स्थापित किया गया है। रवींद्रनाथ टैगोर की सोनार बांग्ला की कल्पना को नए बंगाल की आधुनिक दृष्टि से जोड़ने का प्रयास केवल भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि वैचारिक पुनर्संरचना का संकेत है। यहाँ संस्कृति प्रतीक भर नहीं रही, बल्कि नीति और शासन का अभिन्न हिस्सा बन गई है। इसी कारण हर सार्वजनिक घोषणा, रैली और राजनीतिक संदेश को एक बड़े सांस्कृतिक आख्यान के भीतर समाहित किया जा रहा है, जिससे उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर तक विस्तृत हो जाता है।

चुनावी चरणों के दौरान यह रणनीति और अधिक स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई, जहाँ मतदान की प्रत्येक प्रक्रिया को अत्यंत सूक्ष्म योजना के साथ संचालित किया गया। मतदान केंद्रों पर प्रबंधन, मतदाता संपर्क और संदेश प्रसार की व्यवस्था ने एक संगठित ढांचे को आकार दिया। हर चरण को इस तरह जोड़ा गया कि वह पिछले चरण से मिलकर एक सतत राजनीतिक कथा निर्मित करे। यह कथा केवल जीत-हार तक सीमित नहीं थी, बल्कि परिवर्तन, विकास और सांस्कृतिक पुनर्स्थापना की अवधारणा पर आधारित थी। इसने चुनाव को साधारण प्रक्रिया से आगे बढ़ाकर एक व्यापक सामाजिक घटना का रूप दे दिया।

इस पूरे घटनाक्रम में समय का चयन एक निर्णायक रणनीतिक तत्व के रूप में सामने आया है। 9 मई की संभावित शपथ तिथि केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक गहरे प्रतीकात्मक संदेश का हिस्सा प्रतीत होती है। रवींद्रनाथ टैगोर जैसी सांस्कृतिक विभूति की जयंती के साथ ऐसे आयोजन की योजना यह संकेत देती है कि राजनीति अब केवल वर्तमान तक सीमित नहीं, बल्कि स्मृति और प्रतीकात्मकता पर भी आधारित होती जा रही है। प्रत्येक क्षण को इस प्रकार चुना जा रहा है कि वह इतिहास, संस्कृति और राजनीति को एक साझा धागे में पिरो सके।

नए बंगाल अब महज राजनीतिक परियोजना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्गठन की प्रक्रिया बनता जा रहा है। टैगोर की सोनार बांग्ला की कल्पना को आधुनिक दृष्टि से जोड़ते हुए शिक्षा, रोजगार, सांस्कृतिक गौरव और मानवीय मूल्यों को विकास के केंद्र में रखने का प्रयास किया जा रहा है। यह सोच केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि पहचान और आत्मसम्मान को पुनः स्थापित करने पर भी केंद्रित है। इसी व्यापक ढांचे के तहत नीतियाँ और घोषणाएँ तय की जा रही हैं, जिससे परिवर्तन की एक स्पष्ट और समग्र दिशा सामने आती है।

राजनीतिक घटनाओं के बदलते स्वरूप पर नजर डालें तो पश्चिम बंगाल का यह परिदृश्य केवल सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं रह जाता, बल्कि समय, प्रतीक और संस्कृति के सूक्ष्म समन्वय पर आधारित एक जटिल रणनीति के रूप में सामने आता है। प्रत्येक क्षण का चयन, प्रत्येक तिथि का निर्धारण और प्रत्येक सांस्कृतिक संदर्भ का उपयोग एक व्यापक राजनीतिक एवं वैचारिक संदेश का हिस्सा बन चुका है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की यह संयुक्त रणनीति राजनीति को उस स्तर तक ले जाती है, जहाँ शासन केवल निर्णय नहीं, बल्कि अर्थ और प्रतीक के सृजन की प्रक्रिया भी बन जाता है। नए बंगाल की यह यात्रा प्रारंभिक अवस्था में होते हुए भी यह संकेत देती है कि भविष्य की राजनीति घटनाओं से नहीं, बल्कि उनके चयनित समय और गहरे सांस्कृतिक अर्थों से आकार लेगी।

## लिव-इन रिलेशनशिप

उस फ्लैट की दीवारों पर लगे आधुनिक चित्रों में रंग तो बहुत थे, पर चमक गायब थी। विवान और समायरा आमने-सामने बैठे थे, जैसे किसी युद्ध के मैदान में दो थके हुए सिपाही संधि का इंतजार कर रहे हों। कमरे का सन्नाटा इतना भारी था कि घड़ी की टिक-टिक भी हथौड़े की तरह सुनाई दे रही थी। क्या अब सब खत्म हो गया? समायरा ने धीमे से पूछा। उसकी आवाज में वह कंपन था, जो किसी पुरानी इमारत के गिरने से पहले महसूस होता है। विवान ने हाथ में पकड़े कॉफी मग को देखा, जिसमें झाग मर चुका था। खत्म तो उसी दिन हो गया था, जिस दिन हमने समझौतों को प्रेम का नाम दिया था, उसने सपाट लहजे में जवाब दिया। उनके बीच का रिश्ता उस रेंट एग्रीमेंट की तरह था, जिसकी मियाद खत्म हो चुकी थी। वे साथ तो थे, पर वैसे ही जैसे किसी स्टेशन पर खड़ी दो अलग-अलग दिशाओं में जाने वाली गाड़ियाँ—दूरी शून्य, पर मंजिलें मीलों दूर।

विवान की बातों में वह चुभती हुई सच्चाई थी, जो हंसाती कम और अंदर तक छीलती ज्यादा थी। उसने कहा, समाज को अंगूठा दिखाना आसान है समायरा, पर खुद की परछाईं से नजरें मिलाना मुश्किल। समायरा उसे देखती रही। उसे याद आया कि कैसे वे 'आजादी' का झंडा लेकर इस घर में आए थे, यह सोचकर कि सात फेरों के बंधन पुराने जमाने की बेड़ियाँ हैं। पर आज वही आजादी उसे किसी कालकोठरी की तरह लग रही थी। लीव-इन रिलेशनशिप उनकी जिंदगी का पूरा सच बयान कर रही थी। क्या तुम मेरे साथ चलोगे? कहाँ? जहाँ से हम भागकर आए थे? नहीं, जहाँ सचमुच का घर होता है। घर ईंटों से नहीं, विश्वास की पवित्र अग्नि से बनता है, जो हमने कभी जलाई ही नहीं। उनका दर्शन अब उस सूखी हुई नदी की तरह था, जिसके तल पर केवल कंकड़-पत्थर और टूटे हुए वादे बचे थे। विवान ने कमरे के कोने में रखे एक बड़े से सूटकेस की ओर इशारा किया। इसमें क्या है?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 मई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:53 सूर्यास्त 18:54
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - सप्तमी 14:03 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - श्रवण 23:25 उपरांत धनिष्ठा
योग - शुक्ल 02:36 उपरांत ब्रह्म
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 21 तारिख

**मेष-** नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। आंखों का विशेष ध्यान रखें।

**वृषभ-** सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा।

**मिथुन-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं होगा। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। थकान महसूस होगी।

**कर्क-** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी।

**सिंह-** स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**तुला-** किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक-** स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। लाभ होगा।

**धनु-** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। विवाद न करें।

**मकर-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। लाभ होगा।

**कुंभ-** जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**मीन-** चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**हास-परिहास :**

## सप्ताह की प्रमुख खबरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में बदलाव का मसौदा जारी किया जिसमें 100% एथेनॉल वाली गाड़ियाँ चलाने की तैयारी।

तय करना होगा कठिन, किसकी है यह गंध।
दुर्घटना के बाद फिर, जिस पर हो प्रतिबंध॥

बंगाल चुनाव में ईवीएम स्ट्रांग रूम में हेराफेरी का आरोप...टीएमसी धरने पर। आयोग बोला- ईवीएम सुरक्षित है।



ओम वर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

सर्वे में दिखने लगी, उनको अपनी हार।
किस पर फोड़ें ठीकरा, खोज रहे आधार॥

सीएम मान पर शराब पीकर आने का आरोप, ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट की माँग।

पहले ही हैरान हैं, दल-बदलू से 'आप'।
बढ़ा रहे हैं मान भी, ऊपर से संताप॥

'ईरान युद्ध जल्द खत्म होगा'- ये कहकर ट्रंप ने एंट्री ली; अब महँगी जंग में फँसे ...एग्जिट नहीं मिल रहा।

हासिल चाहे कुछ न हो, तय है पर नुकसान।
अड़े व्यर्थ में ट्रंप भी, अड़ा व्यर्थ ईरान॥

पाँच राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित। बंगाल में भाजपा 200 पार, तमिलनाडु में सुपरस्टार विजय ने सनातन को डेंगू मलेरिया बताने वाले स्टालिन यानी डीएमके को बुरी तरह से पराजित कर 107 सीटें प्राप्त कीं।

'उनको' खुश करने चले, 'इन्हें' किया नाराज।
तमिलनाडु बंगाल से, आई यह आवाज॥

# पश्चिम बंगाल में क्यों हारीं ममता बैनर्जी ?

पांच राज्यों के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा जिस तरीके से प्रचंड जीत हासिल की है उससे यह तय है कि भारतीय जनता पार्टी की चुनाव प्रबंधतंत्र बहुत मजबूती के साथ लड़ती है कि जी जान लगा देती है। वहीं पश्चिम बंगाल की राजनीति में ममता बैनर्जी लंबे समय तक अजेय मानी जाती रही हैं। उनकी जुझारू छवि, जमीनी पकड़ और करिश्माई नेतृत्व ने उन्हें राज्य की राजनीति का केंद्र बना दिया था। लेकिन यदि किसी चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, तो यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि कई राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक कारणों का परिणाम होता है। सबसे पहला कारण जनता की अपेक्षाओं और वास्तविकता के बीच बढ़ती दूरी रहा। लंबे शासन के बाद लोगों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। यदि रोजगार, उद्योग, कानून-व्यवस्था या बुनियादी सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं दिखता, तो मतदाता बदलाव की ओर झुकता है।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

दूसरा बड़ा कारण सत्ता-विरोधी लहर है। लगातार सत्ता में रहने से सरकार के खिलाफ असंतोष स्वाभाविक रूप से पनपता है। यह असंतोष स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार, पार्टी कार्यकताओं के व्यवहार और प्रशासनिक ढिलाई के रूप में सामने आता है।तीसरा पहलू विपक्ष की मजबूत रणनीति और ध्रुवीकरण की राजनीति रहा। जब विपक्ष संगठित होकर स्पष्ट मुद्दों के साथ चुनाव लड़ता है—चाहे वह विकास का वादा हो या पहचान की राजनीति—तो वह सत्ताधारी दल के लिए चुनौती बन जाता है। पश्चिम बंगाल में भी चुनावी समीकरण केवल विकास तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सामाजिक और वैचारिक ध्रुवीकरण ने भी परिणामों को प्रभावित किया।चौथा कारण स्थानीय नेतृत्व और संगठन की कमजोरी हो सकती है। किसी भी बड़े नेता की लोकप्रियता तब तक टिकाऊ नहीं होती, जब तक जमीनी स्तर पर पार्टी मजबूत न हो। कई क्षेत्रों में संगठनात्मक ढीलापन या गुटबाजी भी नुकसान पहुंचाती है। लोकतंत्र का यही स्वभाव है कि वह किसी को स्थायी विजेता नहीं मानता। जनता समय-समय पर अपने फैसले से यह स्पष्ट करती है कि सत्ता सेवा का माध्यम है, अधिकार नहीं। ममता की हार केवल एक नेता की हार नहीं, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का संकेत है—जहां जनता बदलाव, जवाबदेही और बेहतर शासन की मांग करती है। यह हर राजनीतिक दल के लिए संदेश है कि जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए निरंतर आत्ममंथन और सुधार जरूरी है।

### एक दशक का अंत, क्या भगवा युग की शुरूआत?

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बड़े मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। पिछले लगभग एक दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज रही तृणमूल कांग्रेस के सामने अब एक सशक्त चुनौती उभरकर सामने आई है। यदि राजनीतिक संकेतों और जनमत की दिशा को समझा जाए, तो यह सवाल स्वाभाविक है—क्या बंगाल में एक युग का अंत और दूसरे की शुरूआत होने जा रही है? ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने 2011 में वामपंथ के 34 साल पुराने शासन को खत्म कर परिवर्तन का नारा दिया था। शुरूआती वर्षों में सरकार ने जनकल्याण योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के जरिए अपनी पकड़ मजबूत की। लेकिन समय के साथ सत्ता के केंद्रीकरण, भ्रष्टाचार के आरोप, हिंसा और प्रशासनिक निष्पक्षता पर उठते सवालों ने उनकी छवि को प्रभावित किया है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी- टंच- 2,40,500 पाट- 2,40,000।

## उज्जैन किराना


### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## परंपराओं में परिवर्तन क्यों आवश्यक है?

समाज में प्रचलित अनेक परंपराएँ अपने-अपने समय और परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित की गई थीं। उस समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनका निर्माण हुआ था, किंतु वर्तमान समय की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए इन परंपराओं में परिवर्तन अत्यंत आवश्यक हो गया है। हम सभी जानते हैं कि विवाह, सगाई, गृह प्रवेश या अन्य मांगलिक कार्य पूर्व नियोजित होते हैं। इन अवसरों पर होने वाले खर्चों की योजना पहले से ही बना ली जाती है, और लोग अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार इनका प्रबंधन कर लेते हैं। ऐसे अवसरों पर मेहमानों द्वारा लिफाफे के रूप में धनराशि या उपहार भेंट करने की परंपरा प्रचलित है।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)


इसके विपरीत, अमांगलिक घटनाएँ—जैसे असामयिक मृत्यु, किसी परिजन का निधन या अन्य आकस्मिक परिस्थितियाँ—पूर्व नियोजित नहीं होतीं। ऐसे समय में अचानक खर्चों का भार बढ़ जाता है, और परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार उन्हें उधार या अन्य साधनों से धन की व्यवस्था करनी पड़ती है।

ऐसी स्थिति में समाज के रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और हितैषियों का यह कर्तव्य बनता है कि वे परंपराओं में व्यावहारिक परिवर्तन लाएँ। यदि हम मांगलिक कार्यों में दी जाने वाली लिफाफा प्रथा को सीमित या बंद करके, उसकी जगह अमांगलिक अवसरों पर आर्थिक सहयोग प्रदान करें, तो यह वास्तव में अधिक सार्थक और सहायक सिद्ध होगा।

इस प्रकार का परिवर्तन न केवल सामाजिक संवेदनशीलता को दर्शाएगा, बल्कि जरूरत के समय किसी परिवार के लिए एक मजबूत सहारा भी बनेगा। इसलिए समय की मांग है कि हम परंपराओं को समझदारी और संवेदनशीलता के साथ परिवर्तित करें।

**धर्म-आस्था**

# किसी और के कपड़े पहनकर कहीं आप मुसीबत तो मोल नहीं ले रहे?







लोग कपड़े को एक बाहरी आवरण के तौर पर देखते हैं और इस बात पर विचार नहीं करते कि कपड़ा लोगों के मन और भावनाओं पर भी गहरा असर डालता है। कपड़ा केवल आपके शरीर से चिपका नहीं रहता, बल्कि यह आपकी ऊर्जा को ही ढ़ोता है। ऐसे में, जब आप किसी और के कपड़े पहनते हैं, तो आप उस व्यक्ति की ऊर्जा ले रहे हैं और साथ ही अपनी ऊर्जा भी शेयर कर रहे हैं। ऊर्जा का यह आदान-प्रदान आपके जीवन पर किस तरह गहरा असर डालता है और किसी से कपड़े एक्सचेंज कर पहनना किस तरह आपको नुकसान पहुंचाता है, चलिए ओशो के दृष्टिकोण से समझते हैं।

ओशो का मानना था कि हर व्यक्ति अपने साथ एक विशेष ऊर्जा और कंपन (वाइब्रेशन) लेकर चलता है। यह ऊर्जा केवल उसके शरीर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसके इस्तेमाल की चीजों, जैसे कि कपड़े, गहनों इत्यादि में भी बस जाती है। इस कारण किसी और के कपड़े पहनना केवल शारीरिक स्तर पर बदलाव नहीं लाता, बल्कि यह आपके मन और भावनाओं पर भी असर डालता है। उन्होंने कपड़ों को ऊर्जा का वाहक माना और कहा कि हर व्यक्ति के वस्त्र उसके अनुभवों, विचारों और आभा को अपने भीतर समेटे रहते हैं। जब आप किसी और के कपड़े पहनते हैं, तो आप अनजाने में उनकी ऊर्जा और मानसिक स्थिति को भी अपने ऊपर ओढ़ लेते हैं। किसी और के कपड़े पहनने से उनकी भावनाएँ, तनाव और मानसिक तरंगें आपके जीवन में प्रवेश कर सकती हैं। आप अनजाने में उनके तनाव, भय या असुरक्षा को महसूस कर सकते हैं। अगर वह व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान, नकारात्मक या बीमार रहा हो, तो उसकी ऊर्जा का प्रभाव आप पर भी पड़ सकता है।

कपड़े समाज में आपकी स्थिति और सोच को दर्शाते हैं। ओशो मानते थे कि जब आप दूसरों की पहचान ओढ़ते हैं, तो आप अपनी मौलिकता खो देते हैं। ओशो ने वस्त्रों को आडंबर भी कहा है यानी समाज के दिखावे का हिस्सा। जब हम दूसरों के कपड़े पहनते हैं, तो हम उनके आडंबर को भी अपने साथ ले लेते हैं। ये सोचना थोड़ा अजीब लग सकता है लेकिन ओशो केवल ऐसा सोचते नहीं थे, बल्कि उन्होंने पश्चिम में लोगों को निर्वस्त्र रहने का अभ्यास कराया ताकि वे आडंबर और झूठी पहचान से मुक्त होकर अपनी असली आत्मा से जुड़ सकें। हालांकि, ओशो के इस कृत्य की आलोचना हुई लेकिन ओशो ऐसा केवल लोगों को प्राकृतिक रूप से सहज और आबंडर मुक्त बनाने के लिए कर रहे थे। ऐसा नहीं है कि इस विचार को केवल ओशो ने बल दिया था, बल्कि इसका अभ्यास पहले से नागा साधुओं और जैन धर्म में होता आया है।

हालांकि, ओशो ये भी कहते हैं कि अगर आपकी आभा मजबूत है या आप दूसरों की भावनाओं से प्रभावित नहीं होते, तो ऐसे लोगों पर ऊर्जा के इस माध्यम का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। ओशो का कहना है कि कपड़े को अहमियत देना ठीक नहीं। ये केवल उनके लिए मायने रखता है, जिनकी ऊर्जा अथवा विचार कमजोर हैं। ऐसे लोगों को कपड़ों को साफ और शुद्ध करके पहनना चाहिए।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## सिविल अस्पताल में फ ायर सेफ्टी प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन की दी जानकारी

**शुजालपुर।** सिविल अस्पताल शुजालपुर में बुधवार को फ ायर सेफ्टी वीक के तहत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निदेर्शानुसार अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसमें अस्पताल स्टाफ को आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में डॉ.प्रवेण द्विवेदी ने कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय शांत रहकर सुरक्षित निकासी प्रक्रिया अपनाने की जानकारी दी। साथ ही अस्पताल में लगाए गए अग्निशामक यंत्रों के उपयोग एवं संचालन की विधि का प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, शॉर्ट सर्किट से बचाव तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा नियमों का पालन और जागरूकता किसी भी बड़ी दुर्घटना को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर अस्पताल का पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, कार्यालयीन कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरपंच सचिव एवं समिति मेंबरों की क्लस्टर लेवल एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित




**महिदपुर।** 7 मई को मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वन इकाई उज्जैन द्वारा परियोजना (इंदौख समूह जल प्रदाय योजना) प्रसार एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम (सहयोगी संस्था-कृषक सेवा संस्थान नागौर राजस्थान) के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैजनाथ के पंचायत हाल में क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अनिल उपाध्याय सहायक सचिव बैजनाथ पंचायत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कैलाशपुरी गोस्वामी और सरपंच रामचंद्र मालवीय खेड़ा मद्दा पंचायत सरपंच, हडूमतसिंह सरपंच, सीतारामदास बैरागी सामाजिक वरिष्ठ कार्यकर्ता, एसक्यूसी प्रबंधक सामुदायिक मोबिलाइजेशन पी आई यू उज्जैन पीयूष बलदेवा रहे। जनपद पंचायत महिदपुर सरपंच, सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता स्कूल प्राचार्य मेम ग्राम पंचायत बैजनाथ, खेड़ा मद्दा, नागपुर सरपंच द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों स्वागत के साथ अपना परिचय देते हुए नल जल योजना का महत्व पर चर्चा की। परियोजना प्रबंधक धीरेंद्र शर्मा ने नल जल योजना का गठन, महत्व व उद्देश्य एवं योजना के अंतर्गत जल समिति की जिम्मेदारी, कार्य व जल कर,अंश दान समस्त जानकारी दी एवं पीयूष बलदेवा सर द्वारा ओ एच टी एग्रीमेंट, पंचायत दर्पण से जलकर भुगतान और जल समिति कार्य एवं हर घर जल वाटर सप्लाई पर चर्चा की।

**गेहूं खरीदी केंद्र पर किसानों को आरही परेशानी**

## 2 किमी लंबी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें चार दिन में भी नहीं बिक रहा गेहूं



**सीहोर।** जिले के इछावर क्षेत्र स्थित साइलो गेहूं खरीदी केंद्र पर किसानों को भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आए किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की 2 किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं, जबकि खरीदी की गति बेहद धीमी है। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर पीने के पानी और बैठने के लिए छायादार स्थान जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। भीषण गर्मी में किसान घंटों अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। जब वे अपनी शिकायत लेकर केंद्र कार्यालय पहुंचते हैं, तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिलता। किसान लखन ने बताया कि उनका स्लॉट एक महीने बाद बुक हुआ था। वे दो दिन से अपनी ट्रॉली लेकर केंद्र पर आए हैं, लेकिन अभी तक उनकी फसल नहीं तुली है। उन्होंने कहा कि अधिकांश खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए पानी और बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें धूप में घंटों खड़ा रहना पड़ता है। इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग के आधार पर ही किसानों को निर्धारित समय पर बुलाया जाए, ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं खरीदी निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही की जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उपार्जन कार्य के दौरान किसानों से लगातार संवाद बनाए रखा जाए।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

सब इंजीनियर मारपीट केस में जनपद सदस्य पति का विरोध

# कर्मचारियों ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा, गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास के उदयनगर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पांडू तालाब में सब इंजीनियर के साथ हुई मारपीट का मामला गरमा गया है। शुक्रवार को जिलेभर के सब इंजीनियरों, सहायक यंत्रियों और रोजगार सहायकों सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने आरोपी पर सख्त कार्रवाई और मामले में गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने बताया कि आरोपी संतोष डोडवे, जनपद सदस्य रायकुबाई डोडवे का पति है। आरोप है कि उसने 4 मई को ग्राम पंचायत पांडू तालाब कार्यालय पहुंचकर सब इंजीनियर गोविंद डाबर के साथ डंडे से मारपीट की थी। घटना के बाद डाबर ने अपनी जान बचाने के लिए पास के एक घर में शरण ली और बाद में उदयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**डाबर पर हमला कर दिया था**

जानकारी के अनुसार, संतोष डोडवे ने सब इंजीनियर गोविंद डाबर को नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल के निरीक्षण के लिए बुलाया था।

निरीक्षण के दौरान डाबर ने पाया कि प्रस्तावित स्थल पर पहले से चबूतरा बना हुआ है, जिसके कारण वहां तकनीकी रूप से निर्माण संभव नहीं था। उन्होंने नियमानुसार अन्य स्थान चयनित करने की सलाह दी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने डाबर पर हमला कर दिया।

**बोले- आरोपी खुलेआम घूम रहा है**

कर्मचारियों का कहना है कि आरोपी संतोष डोडवे खुलेआम घूम रहा है और जनपद की बैठकों में भी शामिल हो रहा है, जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, लेकिन कर्मचारी मामले में और गंभीर धाराएं जोड़े जाने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनके साथ है और प्रकरण में कार्रवाई की जा रही है। सीईओ ने यह भी बताया कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से भी चर्चा की गई है।

ऑनलाइन तकनीकी त्रुटि से नियमित विद्यार्थियों को प्राइवेट श्रेणी में किया दर्ज

## स्कूल संचालक की शिकायत पर परीक्षा परि-णामों में संशोधन, छात्रों के प्रतिशत में वृद्धि

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा




निजी शिक्षण संस्था के.सी.कॉन्वेंट हाई-स्कूल के संचालक इंदरसिंह लववंशी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षाओं के दौरान एमपी ऑनलाइन में तकनीकी त्रुटियो के कारण कुछ नियमित विद्यार्थियों को त्रुटिवश प्राइवेट श्रेणी में दर्जकर दिया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों के प्रतिशत कम दर्शये गए थे।

विद्यालय संचालक इन्दरसिंह लववंशी ने भोपाल डीपीआई और एमपी बोर्ड के द्वारा इस त्रुटि को सुधरवाने के बाद संशोधित परिणाम जारी किया गया है। स्कूल के सभी विद्यार्थियो को परीक्षा परिणाम में संशोधन के बाद छात्रों के प्रतिशत में 5 से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। विशेष रूप से 10वीं बोर्ड परीक्षा में एक विद्यार्थी के अधिकतम अंक 93 प्रतिशत थे, जो अब बढ़कर 95 प्रतिशत हो गए हैं। कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में वंदना यादव 95 प्रतिशत अभिषेक वर्मा 94 प्रतिशत पवन सुथार 92 प्रतिशत करुणा सोलंकी 88 प्रतिशत राधा सोंधिया 85 प्रतिशत कृष्ण जाटव 84.2 प्रतिशत लायबा खान 74 प्रतिशत करण लववंशी 69 प्रतिशत निर्जला लववंशी 66 प्रतिशत सुमंत लववंशी 65 प्रतिशत तमन्ना गोस्वामी 63 प्रतिशत अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय, नगर व जिले का नाम रोशन किया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यार्थियों के इष्टमित्रों, परिजन शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। कै.सी.कॉन्वेंट हाई-स्कूल ब्यावरा के संचालक, प्राचार्य व विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की संचालक ने बताया कि यहां सब विद्यार्थियों की लगन और शिक्षक-शिक्षिकाओं की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी स्टाप विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रीना लववंशी सहित समस्त स्टाफ व पालकगण उपस्थित रहे।

नवविवाहिता को ले जाने पर हंगामा

## पति से परेशान होकर घर छोड़ने पहुंची थी, पुलिस ने कराया समझौता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

शहर के बस स्टैंड पर शुक्रवार तड़के उस समय हंगामा हो गया, जब ससुराल पक्ष के लोग एक नवविवाहिता को अपने साथ ले जाने लगे। महिला के विरोध करने और चिल्लाने पर वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और महिला को थाने ले गई।

प्रत्यक्षदर्शियों, जिनमें नंदकिशोर जाट, सुनील सोलंकी, राहुल परमार और शेखर शामिल हैं, ने बताया कि महिला देर रात से बस स्टैंड पर अकेली बैठी थी। शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे उसके ससुराल पक्ष के लोग वहां पहुंचे और उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान महिला ने जोर-जोर से चिल्लाना और रोना शुरू कर दिया, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। यबताया जा रहा है कि महिला मूल रूप से जीरापुर की निवासी है और उसका विवाह हाल ही में देवास में हुआ था। महिला ने पुलिस और मौके पर मौजूद लोगों के सामने बताया कि उसका पति आए दिन विवाद करता है, जिससे परेशान होकर वह घर से निकलकर बस स्टैंड पर आ गई थी।

पुलिस महिला और उसके परिजनों को थाने लेकर पहुंची, जहां उन्हें समझाइश दी गई। समझाइश के बाद महिला अपने परिजनों के साथ चली गई। इस मामले में किसी प्रकार का प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद का विशेष अभियान

## अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने लिया नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत नगर परिषद सुसनेर द्वारा नगर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के उद्देश्य से विशेष जनसंपर्क एवं स्वच्छता फीडबैक अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी स्वयं नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता अमले के साथ शहर की विभिन्न गलियों और प्रमुख बाजारों में पहुंचे तथा नागरिकों से सीधे संवाद कर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सुझाव और फीडबैक लिया।

नगर परिषद का यह अभियान इतवारिया बाजार चौराहा से प्रारंभ हुआ, जो शुक्रवारिया, स्टेट बैंक चौराहा, हाथी दरवाजा होते हुए सब्जी मंडी क्षेत्र तक पहुंचा। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों से मुलाकात कर नगर परिषद द्वारा किए जा रहे सफाई कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की सहभागिता से ही शहर को सुंदर और साफ बनाया जा सकता है।

अभियान के दौरान कई नागरिकों ने सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण एवं सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। अध्यक्ष सोनी ने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई व्यवस्था बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान नगर परिषद द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। नागरिकों से घरों एवं दुकानों के बाहर कचरा नहीं फैलाने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। अभियान में सीएमओ ओपी नागर, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, युगल किशोर परमार, कमल गर्ग सहित नगर परिषद का स्वच्छता अमला एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद के इस जनसंपर्क अभियान को नागरिकों ने सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की।



## पाटीदार धर्मशाला मक्सी में भाजपा मक्सीमंडल की मीटिंग सम्पन्न

**मक्सी।** पाटीदार धर्मशाला मक्सी में भाजपा मक्सीमंडल की मीटिंग रखी गई जिसमें प्रमुख वक्ता जिला अध्यक्ष डॉ रवि जी पांडे किसान संघ की अध्यक्ष जिला राधेश्याम जाट उमेश टेलर मक्सी मण्डल प्रभारी मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू जी पटेल महामंत्री नानू जी पांडे महामंत्री मोड सिंह जी लोधी मीडिया प्रभारी राजेश जी गुप्ता और पदाधिकारी इस मीटिंग में सम्मिलित हुए

## सेवादल सेवा व समर्पण का पर्याय सेवादल संस्थापक की जयंती मनाई



**जगोटी।** सेवादल का अपना इतिहास रहा है आजादी के आंदोलन से लेकर आज तक सेवादल के सिपाही सेवा व समर्पण के पर्याय के रूप में वंचित व जरूरतमंद लोगों के प्रति निस्वार्थ भाव से काम करते हैं और यही कांग्रेस संगठन की असली ताकत है। उक्त उद्गार कांग्रेस नेता अनंत शर्मा ने चौक बाजार जगोटी में जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण द्वारा आयोजित सेवादल संस्थापक डा . एस एन सुब्बाराव की जन्म जयंती पर विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कही। अध्यक्षता करते हुए जिला ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी ने डा सुब्बाराव जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए सेवादल के इतिहास पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी, राजेन्द्र चंदेल, पोपसिंह पंवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुन्ने खां पठान, मोहनलाल परमार रामचंद्र यादव, राजेश चौधरी, आजाद शाह, रणछोड़ मालवीय, राजेश चौधरी सहित कांग्रेस पदाधिकारी गण मौजूद थे। संचालन राहुल चौधरी व आभार ऋषि तिवारी ने व्यक्त किया।

## चांदबड़ के रमेश दांगी का शव पेड़ से लटका मिला परिजनों ने की हत्या की आशंका



**ब्यावरा।** आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्यावरा से करीब 4-5 किलोमीटर दूर ग्राम खानपुरा के निकट रेलवे पटरी के पास एक पेड़ से रमेश पिता दयाराम दांगी उम्र 50 वर्ष निवासी चांदबड़ नरसिंहगढ़ का शव लटका हुआ मिला पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु शव को सिविल अस्पताल ब्यावरा भेजा। मिली जानकारी के अनुसार नरसिंहगढ़ स्थित ग्राम चांदबड़ निवासी 50 वर्षीय रमेश पिता दयाराम दांगी पिछले तीन दिन से घर से लापता था परिजनों के द्वारा ढूंढने की काफी प्रयास किया गया आज सिटी पुलिस थाना ब्यावरा को सूचना मिली की खानपुरा के निकट एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका है पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी. मृतक के गले में रस्सी का फंदा निकालकर उसे पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल ब्यावरा के मर्चरी रूम में भेजा जहां उसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है मृतक के शरीर पर खून व चोट के निशान भी पाए गए, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई। परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या की गई है मृतक की जेब से रेलवे का टिकट भी बरामद हुआ है।

**जाहिर सूचना**

समस्त सर्वसाधारण आमजनता, सरकारी, प्रायवेट, बैंक, साहूकार आदि को मेरे पक्षकार रईस पिता सौराब जाति नायता आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम नलेश्री तहसील तराना जिला उज्जैन के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का भाई नौशाद पिता सौराब जाति नायता निवासी ग्राम नलेश्री दिनांक 18/04/2026 से घर से लापता है तथा कई लोगो द्वारा मेरे पक्षकार को अवैध रूप से रूपयो की वसुली हेतु फोन किये जा रहे है और कहा जा रहा है कि नौशाद द्वारा रुपए उधार लिये गये थे जब कि मेरे पक्षकार के भाई के द्वारा किसी से भी किसी प्रकार से कोई रूपया उधार नहीं लिया है तथा मेरे पक्षकार या उसके परिवार वालो को किसी भी प्रकार से कोई भी सर्वसाधारण, बैंक या आम नागरिक या कोई भी नागरिक परेशान व प्रताड़ित न करे क्यों कि यदि नौशाद से किसी भी प्रकार का कोई लेन देन किसी ने किया है तो उसके लिये नौशाद तथा देने वाला व्यक्ति जवाबदार है। मेरा पक्षकार व उसके परिवार वाले नौशाद द्वारा किये गये लेन देन तथा व्यवहार के प्रति किसी भी प्रकार से न तो जवाबदार है न ही कोई कर्ज आदि चुकाने के लिये कानुनी रूप से बाध्य है, यदि मेरे पक्षकार या उसके परिवार को किसी भी तरह से किसी भी आमजन सर्व साधारण बैंक आदि के द्वारा नौशाद के लेन देन के व्यवहार के संबंध में प्रताड़ित या परेशान किया गया तो मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संबंध में संबंधित के विरूद्ध विधि अनुसार सक्षम न्यायालय में कार्यवाही की जावेगी जिसके समस्त परिणामों की जवाबदारी संबंधित की होगी। उक्त जाहिर सूचना प्रकाशन मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर प्रकाशित है। मेरे पक्षकार द्वारा इस संबंध में थाना प्रभारी कायथा व पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन-पत्र भी दिनांक 08/05/2026 को दिया है।

अतः सभी सुचित हो। दिनांक 08/05/2026

**प्रकाशचन्द्र सोनी एडवोकेट**
**तराना जिला उज्जैन मो.नं. 8770157054**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राहुल चौधरी पिता श्री हरिराम चौधरी जाति खाती निवासी ग्राम लेकोड़ा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) ने 1-रमेश पिता श्री थावर जी जाति बागरी निवासी ग्राम बादलखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) 2- श्रीमती लीलाबाई पिता श्री थावर जी पति श्री रतनलाल जाति बागरी निवासी ग्राम लेकोड़ा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) 3- श्रीमती राजूबाई पिता श्री थावर जी पति श्री मिश्रीलाल जाति बागरी निवासी ग्राम नवाखेड़ा सुतारखेड़ा जिला उज्जैन (म.प्र.) 4- श्रीमती पार्वतीबाई पिता श्री थावर जी पति श्री उमराव जाति बागरी निवासी 19, 1 मारूति नगर, सांवेर रोड़, इन्दौर (म.प्र.) 5- श्रीमती मायाबाई पिता श्री थावर जी पति श्री पर्वतसिंह जाति बागरी निवासी ग्राम सेजवानी तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.) 6- श्रीमती सौरमबाई पिता श्री थावर जी पति श्री विक्रमसिंह जाति बागरी निवासी ग्राम बादलखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 121 रकबा 0.190 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 122 रकबा 0.240 हेक्टर कुल कीता 2 रकबा 0.430 हेक्टर स्थित ग्राम बादलखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर दी है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया होकर अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि, उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक :- 08/05/2026

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

In The Court Of II Additional Judge to I Civil Judge Class-I, Teh Nagda District Court, Presiding Officer

**श्रीमती सौम्या विजयवर्गीय**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

(MJC SUC/0000005/2026)

**पदम बाई-------आवेदक**

**Vs**

**सर्वसाधारण----अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 19/06/2026**

**प्रेषिती**
**(1) सर्वसाधारण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण के क्रमांक 01 के पति व क्रमांक 02 लगायत 04 के पिता स्व राजाराम बोडाना पिता स्वरुप जी बोडाना थे जिनका स्वर्गवास दिनांक 14/11/2024 को हो चुका है आवेदकगण मृतक के एकमात्र उत्तराधिकारी है मृतक स्व राजाराम बोडाना पिता स्वरुप जी बोडाना की मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा नागदा से बीमा योजनान्तगर्त राशि प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रात्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 19 जून 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 06 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सौम्या विजयवर्गीय)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड न्यायालय के**
**द्वितीय अति. न्यायाधीश नागदा, जिला उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# पाटीदार कॉलोनी में आधी रात पत्थरबाजी

## कार के शीशे फूटे,सीसीटीवी में कैद हुई घटना, रहवासियों में दहशत, पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

शहर की पाटीदार कॉलोनी में असामाजिक तत्वों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। देर रात कॉलोनी निवासी दीपक झा की घर के बाहर खड़ी कार पर अज्ञात बदमाशों ने पत्थर फेंक दिए, जिससे वाहन के शीशे चकनाचूर हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और रहवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पीड़ित दीपक झा पिता लक्ष्मण झा के अनुसार घटना 7 मई 2026 की रात करीब 12. 57 बजे की है। घर के बाहर खड़ी कार पर अचानक पत्थर आकर लगा, जिससे वाहन का पिछला और साइड का शीशा टूट गया। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक घर की दिशा से पत्थर फेंके जाने की बात सामने आई है।

रंजिश या नशे में हरकत की आशंका

पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि घटना पुरानी रंजिश या नशे की हालत में की गई हरकत का परिणाम हो सकती है। परिवार का कहना है कि पत्थर जिस तरह से वाहन पर फेंका गया, उससे किसी को चोट भी पहुंच सकती थी। घटना के बाद परिवार के सदस्य भय और मानसिक तनाव में हैं। रहवासियों का कहना है कि पाटीदार कॉलोनी में आए दिन गाली-गलौजए तोड़फोड़ और गुंडागर्दी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस को सौंपे साक्ष्य

मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाना शुजालपुर मंडी में दर्ज कराई गई है। पीड़ित ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और क्षतिग्रस्त कार के फोटो भी सौंप दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।




# मोबाइल पर बात करने का बहाना कर उडाई थी बाइक , पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शुजालपुर।** थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वारदात के बाद बाइक छिपाकर भोपाल भाग गया था। पुलिस ने उसे राणोगंज क्षेत्र से पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2026 को पंजाबी मोहल्ला निवासी प्रमोद तोवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 42 एमटी 8402 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। वाहन की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है।

जांच के दौरान सामने आए सीसीटीवी फुटेज में एक युवक पहले मोबाइल पर बात करने का नाटक करता दिखाई दिया। इसके बाद उसने आसपास नजर दौड़ाई और मौका मिलते ही बाइक को सेल्फस्टार्ट कर फरार हो गया। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज की। मामले की जानकारी मीडिया में आने के बाद भी आरोपी की पहचान में मदद मिली। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व तथा एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस ने लगातार मुखबिर तंत्र सक्रिय रखा। पुलिस ने आरोपी राहुल भीलाला 28, निवासी जसवाड़ा, थाना मोहन बड़ोदिया को राणोगंज खेड़ा रिछोदा रोड स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी के बाद उसने बाइक एक परिचित के यहां छिपा दी थी और बाद में भोपाल भाग गया था।

# सिविल अस्पताल में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल

**शुजालपुर।** फायर सेफ्टी सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं बचाव संबंधी जानकारी दी गई।

मॉक ड्रिल के दौरान नाटक एवं प्रस्तुतीकरण के जरिए मरीजों, अस्पताल स्टाफ और नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में सतर्कता, त्वरित कार्रवाई एवं सुरक्षित निकासी के महत्व को समझाया गया। आयोजन में आग लगने की संभावित परिस्थितियों में बचाव के व्यावहारिक तरीके भी बताए गए। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.शारदा रामसरिया, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ.प्रवीण द्विवेदी, अस्पताल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य अस्पताल स्टाफ एवं आमजन को फायर सेफ्टी के प्रति जागरूक बनाना तथा आपदा की स्थिति में सुरक्षित बचाव के लिए प्रशिक्षित करना रहा।

## गुना में 1000 करोड़ के सीमेंट प्लांट का भूमिपूजन 10 को

**गुना।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विकास के मसीहा क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्रीज्योतिरादित्य सिंधिया 10 मई को गुना जिले को एक बड़ी औद्योगिक सौगात देने जा रहे हैं। दशहरा मैदान में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा में प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडानी की उपस्थिति में 1000 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले भव्य सीमेंट प्लांट का शिलान्यास किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में नगर पालिका द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पिछले कई दिनों से नपाध्यक्ष श्रीमती एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए दिनरात एक करते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। नपाध्यक्ष ने बताया कि शहर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास गुना के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए पूरे शहर को सजाया जा रहा है और दशहरा मैदान में अंतिम दौर की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हवाई पट्टी से सड? मार्ग द्वारा लाल परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। इसके पश्चात एक विशाल रोड शो का आयोजन किया जाएगा, जो शहर के कैंट थाना क्षेत्र, सदर बाजार और पुलिस लाइन होते हुए कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान पहुंचेगा। इस दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और भव्य तोरण द्वार लगाकर अतिथियों का स्वागत किया जाएगा।

## एसडीएम ने किया कृषि उपज मंडी आरोन का निरीक्षण

**गुना।** एसडीएम आरोन सुश्री महिमा चौधरी द्वारा कृषि उपज मंडी आरोन का निरीक्षण कर मंडी की नीलामी व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस बीच मंडी परिसर में गलत तरीके से खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर चालानी कार्रवाई की गई एवं सभी वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा करवाया गया, जिससे मंडी परिसर में सुचारू आवागमन सुनिश्चित हो सके। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार आरोन अमित जैन, प्रभारी मंडी सचिव प्रदीप तिवारी सहित मंडी टीम उपस्थित रही।

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

**नीमच।** शुक्रवार 08.05.26 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय नीमच में नवागत पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला नीमच का पदभार गृहण करने के पश्चात साय: 05:00 बजें पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों से परिचय लिया जाकर जिलें की भौगोलिक स्थिति, पुलिस थानों एवं उनके क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा की गई। एस.पी. राजेश व्यास द्वारा बैठक में जिले में किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अपराध रोकना हमारी सबसे बडी जिम्मेदारी है। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों तथा समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए विशेष दिशा-निर्देश दिये गए। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा मुख्य मार्गों एवं चौराहों तथा तिराहों पर विशेष निगरानी रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभावी रात्रि गश्त करने तथा आमजन से सतत संवाद बनाए रखने के लिए कहा गया।

## नेशनल लोक अदालत का आज 9 मई शनिवार को

**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु आज 9 मई शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट। उक्त छूट मात्र एक बार (वन टाईम सेटलमेंट) पर ही दी जायेगी। यह छूट वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी।

## महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**रतलाम ।** वार्ड 6 इन्द्रलोक नगर पष्चिम स्थित नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, पार्षद परमानन्द योगी, क्षेत्रिय पार्षद रत्नदीपसिंह राठौर व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि इन्द्रलोक नगर पश्चिम स्थित नाले का पक्का निर्माण 10 लाख की राशि से किया जायेगा। कार्य पुरा होने के बाद क्षेत्र स्वच्छ-सुन्दर व विकसित दिखाई देगा।

# कॉलेज में अपशिष्ट जल से हो रही पौधों की सिंचाई

**शुजालपुर।** जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनूठी पहल की जा रही है। महाविद्यालय में जल शोधन संयंत्र से निकलने वाले अपशिष्ट जल का उपयोग अब पेड़-पौधों की सिंचाई में किया जा रहा है। महाविद्यालय परिसर में जल शोधन संयंत्र से निकलने वाले व्यर्थ पानी को एक टैंक में संग्रहित किया जा रहा है। इसके बाद इस पानी का उपयोग विद्या वन में लगे पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि अपशिष्ट जल को टैंकर में संग्रहित कर टपक सिंचाई प्रणाली के माध्यम से पौधों तक पहुंचाया जाता है। इससे कम पानी में अधिक पौधों को पर्याप्त नमी मिल रही है तथा पानी की एक-एक बूंद का सदुपयोग सुनिश्चित हो रहा है। साथ ही हरित परिसर के संकल्प को भी मजबूती मिल रही है। डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन योजना की शुरुआत उज्जैन की शिप्रा नदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई है। अभियान का उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, बावड़ियों और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ जल, जंगल और जमीन के विकास के लिए जनजागरण करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के विद्यार्थी क्षेत्र के प्राचीन कुओं, बावड़ियों और जल स्रोतों के संरक्षण एवं रखरखाव के लिए कार्य करेंगे। साथ ही वर्षा जल संचयन के माध्यम से पेयजल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति व्यवहारिक जागरूकता विकसित करना है। छोट-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली यह पहल अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही है। महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

## ग्राम पंचायत रामपुर में शौर्य स्मारक तोरण द्वार टूटा, भ्रष्टाचार की खुली पोल

**गुना।** जिले की आरोन जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामपुर में लाखों रुपये की लागत से निर्मित शौर्य स्मारक तोरण द्वार निर्माण के कुछ समय बाद ही टूटकर जमीन पर जा गिरा। यह स्वागत द्वार 3 लाख 15 हजार रुपए से पांचवा राज्य वित्त आयोग योजना के तहत बनाया गया था। उक्त तोरण द्वार के टूटने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार तथा घटिया सामग्री उपयोग किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। दरअसल खास बात ये है कि दो महीने पहले ही यह तोरण द्वार पंचायत द्वारा बनाया गया था। जिसके भरभरा कर गिरने से उसकी चपेट में वहां खेल रहे युवक और पास में विचरण कर रहे मवेशियों के आने से बाल बाल बच गए जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यह गुणवत्ताहीन तथा घटिया निर्माण का एक जीता जागता उदाहरण है। भ्रष्टाचार की पोल खुलने से एक ओर जहां जिम्मेदार उपयंत्री और सहायक यंत्री की मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गुणवत्ताहीन निर्माण पर जनपद सीईओ आरोन की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं। इधर ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया। सीमेंट, रेत और लोहे जैसी सामग्री में भारी अनियमितता बरती गई, जिसके चलते तोरण द्वार समय से पहले ही धराशायी हो गया। लोगों का आरोप है कि पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत से सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती अलका जैन पति डॉ. आजादकुमार जैन निवासी सिविल हास्पीटल रोड बडनगर तहसील बडनगर जिला उज्जैन वर्तमान निवास 32/36, आदि विला, मंगलम परिसर, नगर पालिका के पीछे, व्यास कालोनी, बडनगर तहसील बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व का भवन क0 48 का दक्षिण दिशावाला भाग स्थित विवेकानन्द नगर कालोनी सेक्टर बी, उज्जैन में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 103.07 वर्गमीटर का है, जिसके पूर्व में-मकान नं. 43 मिला है, पश्चिम में कालोनी की सडक, उत्तर में मकान नं. 48 का शेष भाग डॉ. आजाद कुमार जैन का, दक्षिण में मकान नं0 47, जिसकी पेमाईश लम्बाई पूर्व पश्चिम 16.76 मीटर। चौडाई- उत्तर दक्षिण 6.15 मीटर। इसी प्रकार डॉ. आजादकुमार जैन पिता श्री महावीरप्रसादजी जैन निवासी सिविल हास्पीटल रोड बडनगर तहसील बडनगर जिला उज्जैन वर्तमान निवास 32/36, आदि विला, मंगलम परिसर, नगर पालिका के पीछे, व्यास कालोनी, बडनगर तहसील बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व का भवन क्रं. 48 का उत्तरी दिशावाला भाग स्थित विवेकानन्द नगर कालोनी सेक्टर बी, उज्जैन में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 102.11 वर्गमीटर का है, जिसके पूर्व में मकान नं0 43 मिला है, पश्चिम में-कालोनी की सडक, उत्तर में भूमि श्याम गृह निर्माण समिति की, दक्षिण में मकान नं. 48 का शेष भाग श्रीमती अलका जैन का जिसकी पेमाईश लम्बाई पूर्व पश्चिम 16.76 मीटर। चौडाई- उत्तर दक्षिण 6.10 मीटर। उक्त भवनों को क्रय करने का सौदा किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त भवन पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, हिस्सा, हक, अधिकार हो या भवन कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधनग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या भवन के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या भवन विकय बाबत किसी को आपत्ति हो तो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 8/5/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन मो. 94250-91124**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन म्यु. क्रमांक 83/17/01, जिसका पुराना भवन क्रमांक 83/17 उत्तर दिशा वाला भाग, जिसका कुल क्षेत्रफ्ल 153.71 वर्गमीटर है, एवं वर्तमान भवन म्यु. क्रमांक 83/17/02, जिसका पुराना भवन क्रमांक 83/17 दक्षिण दिशा वाला भाग, जिसका कुल क्षेत्रफल 154.74 वर्गमीटर जो कि प्रकाश नगर के पीछे विश्व विद्यालय मार्ग, वार्ड क्रमांक 37 उज्जैन में स्थित है। उक्त संपत्तियों कि संयुक्त चर्तुसीमा पूर्व- गली, पश्चिम में- सडक, उत्तर में- उमेष जी का मकान एवं दक्षिण में - ओमेगा सोफ्टेक सोल्यूशन स्थित है। उक्त संपत्ति में से उत्तर दिषा के भाग को वर्तमान स्वामी इंद्रा गुप्ता पति स्व. नागेश्वर गुप्ता ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 2568 दिनांक 14/12/1989 के माध्यम से क्रय किया था एवं उक्त संपत्ति में से दक्षिण दिशा वाले भाग को स्व. नागेश्वर गुप्ता पिता दौलतराम जी ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2564 दिनांक 14/12/1989 के माध्यम से क्रय किया था तथा नागेश्वर जी का स्वर्गवास हो चूका है तथा उनकी पत्नि इंद्रा गुप्ता द्वारा अपनी पुत्रीयाँ पूजा कौषल, पूनम गुप्ता, एवं दिव्यानी गुप्ता कि सहमति से उक्त संपत्ति विक्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार से किया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन मूल स्वामी से अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 08/05/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी विक्रमसिंह एवम् शिवलाल पुत्रगण स्व. कालुसिंह एवम् तेजुबाई, रामूबाई, हेमकुंवर बाई. प्रेमकुंवर बाई पुत्रीयां स्व. कालुसिंह के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 206/1/1 रकबा 0.340 हे. (34 आरे) कृषि भूमि ग्राम पदमाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय कर बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त कृषि भूमि वर्तमान में मैनाबाई पति कालुसिंह के नाम पर दर्ज हैं किन्तु मैनाबाई की मृत्यु हो जान पर उपरोक्त भूमि स्वामी के नाम पर फौती नामान्तरण होना शेष है। फौती नामान्तरण हो जाने पर मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त कृषि भूमि के संबंध में विक्रय अनुबंध पत्र करवा लिया जावेगा जिसमें किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आंपत्ति ऋण बकाया हो तो मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर मय कागजात उपस्थित होवें अन्यथा बाद अवधि बाद अवधि पश्चात् किसी प्रकार की कोई कार्यवाही मान्य नही की जावेगी । सूचित हो । इति दिनांक 8.5.26

**बहादूरसिंह चौहान एडवोकेट**
**कार्यालय-सी-2/5, ऋषिनगर उज्जैन**
**मो. 79740-81198**

## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि, ग्राम अमरपुरा, तहसील घटिट्या जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 395 रकबा 1.47 हे., सर्वे नं. 399/1 रकबा 0.37 हे., कुल कीता 1.84 हे., सर्वे नं. 180/3 रकबा 1.35 हे. में से 0.60 हे. कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार संजयसिंह पिता हाकमसिंह कछावा निवासी-ग्राम सोलसिन्दा तहसील सांवेर जिला इंदौर ने किया हैं उक्त कृषि भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार मेरे पक्षकार के द्वारा बयाना राशि अदा कर दी गई हैं तथा विक्रय पत्र का संपादन कराना शेष हैं। उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार किसी व्यक्ति, निकाय बैंक, सहकारी पेढी आदि का कोई ऋण भार निकलता हो या कृषि भूमि कई बंधक हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति या कृषि भूमि के संबंध में कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हो तो उक्त कृषि भूमि विक्रय के संबंध में आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज करावें ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा समयावधि में पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रय पत्र का संपादन करवा लिया जावेगा। सूचित हो।

इति दिनांक 08.05.2026

**भीम भास्ती एडवोकेट**
**पता-191-बी, गायत्री नगर, आगर रोड़, उज्जैन म.प्र.**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की भूखंड स्वामी श्री प्रकाश शर्मा निवासी उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रमांक 171 जो की 18-40 या क्षेत्रफल 720 वर्गफिट स्थित शिवांश ग्रीन्स ग्राम सुरासा, आगर रोड उज्जैन में स्थित है, उपरोक्त भूखंड का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखंड स्वामी से कर आंशिक राशी अदा कर दी है। शेष राशी का भुगतान सोदे अनुसार कर अनुबंध या पंजीकरण करवाना शेष है। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति सोसाइटी संस्था समूह वित्तीय निकाय बैंक पैढी शासकीय व अर्ध शासकीय संस्था आदि का किसी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार बोझ दान विक्रय बक्षिस बकाया आदि हो एवं किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तौ इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूखंड के विक्रय पत्र का पंजीकरण करवा लेंगे एवं उक्त अवधी की समाप्ति के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी 7 सूचित हो । इति दिनांक 08/05/2026

**दिनेश मकवाना ( एडवोकेट )**
**कार्यालय सी-4, ऋषिनगर काम्प्लेक्स देवास रोडउज्जैन**
**मो. 9425916383, 9407216383**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री विष्णु पिता श्री दुलेसिंह जाति नाई व श्री जीवन पिता श्री दुलेसिंह जाति नाई निवासीगण ग्राम उण्डासा तहसील उज्जैन जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 31/6 रकबा 0.50 हैक्टर व सर्वे नम्बर 31/2 रकबा 0.30 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.80 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 08-05-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम प्रार्थीगण की पैतृक सम्पत्ति म.नं. 7/1, खुदीराम बौस मार्ग, उज्जैन में स्थित है यह सम्पत्ति हमारे पिता स्व. मोहम्मद सादिक हुसैन लम्बरदार को उनके पिता स्व. रमजानी लम्बरदार से प्राप्त हुई है। हमारे पिता मोहम्मद सादिक हुसैन लम्बरदार का देहान्त दिनांक 23/10/2025 को तथा हमारी माता जुबेदा बी का देहान्त दिनांक 24/03/2013 को उज्जैन शहर में हो चुका है। हमारी पैतृक सम्पत्ति 7/1, खुदीराम बौस मार्ग, उज्जैन के हम प्रार्थीगण चारो बहने और हमारे दो भाई आसिफ हुसैन व साजिद हुसैन है। हम छः बहन भाईयों का सम्पत्ति पर हमारे पिता के जमाने से ही स्वामी एवं अधिपत्यधारी है। हम प्रार्थीगण को विश्वसनीय सूत्रो से इस बात की जानकारी हुई है कि हमारे दोनो भाई आसिफ हुसैन और साजिद हुसैन ने फर्जी दस्तावेजो तैयार किये है और उन फर्जी दस्तावेजो के आधार पर बाले बाले हमारी सम्पत्ति को हमारे दोनो भाई साजिद हुसैन व आसिफ हुसैन अवैधानिक रूप से बेचने का प्रयास कर रहे है। इस संबंध में हम प्रार्थीगण के द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय और थाना प्रभारी महाकाल उज्जैन को लिखित में रिपोर्ट भी की गई है दोनो भाईया को हमारी हिस्से की सम्पत्ति बेचने का कोई वैधानिक अधिकार नही है यह सम्पत्ति हमारी पैतृक सम्पत्ति है। यदि कोई व्यक्ति हमारे संयुक्त स्वामित्व आधिपत्य की सम्पत्ति गृह क्रमांक 7/1. खुदीराम बौस मार्ग उज्जैन के संबंध में हमारे दोनो भाईयों से कोई क्रय, विक्रय, गिरवी या अन्य प्रकार का कोई अनुबंध करता है तो उसकी जवाबदारी उस व्यक्ति के स्वयं की होगी जो हम प्रार्थीगण पर बंधनकारक नही होगी और ऐसे लेनदार के लिये वह व्यक्ति स्वयं जवाबदार होगा। दिनांक 08/05/2026

**प्रार्थीगण**
**1. शन्नो बी, 2. जीनत बी, 3. शेर बानो,**
**4. शबाना बी पिता स्व. मोहम्मद सादिक हुसैन लम्बरदार, निवासी 7/1, खुदीराम बोस मार्ग उज्जैन मो.नं. 9301958201**

# जावरा फाटक अंडर ब्रिज से सेजावता फंटा तक बने 4.12 किलोमीटर लंबे फोरलेन की गुणवत्ता जांचने के लिए पहुंची टीम

## शिकायत पर लोक निर्माण मंत्री ने बनाई थी जांच कमेटी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



स्थानीय जावरा फाटक अंडर ब्रिज से सेजावता फंटा फोरलेन तक 4.12 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच गुरुवार को की गई। लोक निर्माण विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारियों ने निर्मित सड़क से विभिन्न स्थानों से सैंपल लेकर परीक्षण हेतु संग्रहित किए।

जानकारी के अनुसार, विभाग के मुख्य अभियंता ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप की ओर से की गई शिकायत और निदेर्शों के बाद इस जांच समिति का गठन किया था।

बताया जा रहा है कि मंत्री चेतन्य काश्यप को स्थानीय स्तर पर सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी और अनियमितताओं की जानकारी मिली थी। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से चर्चा कर जांच के निर्देश दिए।

इसके पूर्व रूस्रूश्व मंत्री चेतन्य काश्यप ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से भी चर्चा कर पूरे मामले से अवगत कराया था। मंत्री राकेश सिंह ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**जांच समिति सौंपेगी प्रतिवेदन**

सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के लिए गठित समिति में शामिल अधिकारी एस.आर. गोरखेड़े, प्रभारी मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग, इंदौर परिक्षेत्र,मयंक शुक्ला, प्रभारी अधीक्षण यंत्री, लोक निर्माण विभाग, राजधानी परिक्षेत्र भोपाल, गणेश प्रसाद पटेल, अधीक्षण यंत्री, लोक निर्माण विभाग, उज्जैन मंडल द्वारा सड़क निर्माण कार्य की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत किया जाएगा।

**पहले भी उठ चुके हैं सवाल**

गौरतलब है कि इस मामले में क्षेत्रीय पार्षद ने पिछले वर्ष अगस्त माह में जिला कलेक्टर, संभागायुक्त तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह को पत्र लिखकर सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं और गुणवत्ता संबंधी शिकायतों से अवगत कराया था।

## 109वें दिन श्रमदानियों ने निकाली एक ट्रॉली गाद और गंदगी

**मंदसौर।** नगर की जीवनदायिनी शिवना नदी को स्वच्छ बनाने के लिए जारी शुद्धिकरण अभियान के 109वें दिन भी श्रमदानियों का उत्साह चरम पर रहा। सुबह से ही विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं, जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर नदी से एक ट्रॉली गाद, कचरा और गाजर घास बाहर निकाली। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने भी श्रमदान किया और नगरवासियों से अपील की कि वे प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच इस अभियान का हिस्सा बनकर नदी के प्राकृतिक स्वरूप को बचाने में सहयोग करें। अभियान में समाज सेवियों, महिला संगठनों और कांग्रेस कार्यकताओं सहित विभिन्न ग्रामों के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और नदी के आसपास फैली कंटीली झाड़ियों व अवांछित वनस्पतियों को हटाकर सफाई कार्य को गति प्रदान की।

## 124 ग्राम पंचायतों को मिली फील्ड टेस्टिंग किट

**मंदसौर।** जनपद पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर जनपद पंचायत की 124 ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्टिंग किट वितरित की गई, ताकि ग्रामीण स्तर पर जल की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। किट का वितरण जनपद पंचायत सीईओ धर्मेंद्र यादव और जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने पंचायत सचिवों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि इस किट के माध्यम से पीएच मान, फ्लोराइड, आयरन और बैक्टीरिया परीक्षण सहित 10 तरह की जांचें की जा सकती हैं। प्रशिक्षण में जल स्रोतों के नियमित क्लोरीनेशन, सुरक्षित भंडारण और दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# बस हादसे में युवक की मौत के बाद गांधी चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन

## परिजनों ने मुआवजे और न्याय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम हुए बस हादसे में मृतक युवक वरदीचंद के परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर शहर के गांधी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। ग्राम बेटीखेड़ी निवासी 22 वर्षीय वरदीचंद की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और समाजजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को बीच सड़क पर रखकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी माँगें रखते हुए कहा कि मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले और बस संचालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया जाए। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन की समझाइश और मांगों को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँचाने के वादे के बाद परिजन धरना समाप्त करने पर सहमत हुए। उल्लेखनीय है कि यह हादसा गुरुवार शाम शामगढ़ से मंदसौर आ रही निक्की बस डिगांव-माल्या मार्ग पर एक अन्य वाहन को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें करीब 30 यात्री घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल वरदीचंद ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार अभी भी जिला अस्पताल में जारी है।

# गांधीसागर अभ्यारण्य में मिला 8 माह के तेंदुए का शव, पोस्टमार्टम के बाद हुआ अंतिम संस्कार



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

जिले के गांधीसागर अभ्यारण्य क्षेत्र में एक तेंदुए की मृत्यु के बाद वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही की। गुरुवार को नीमच-झालावाड़ मुख्य मार्ग के समीप वन भूमि कक्ष क्रमांक 1011, बीट चंबल नंबर-3 में तेंदुए का शव बरामद हुआ था। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को सुरक्षित घेरे में ले लिया। मौत का कारण पता करने व साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वाड की मदद से क्षेत्र की छानबीन भी की गई।

विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. आकाश वाल्मीक और डॉ. सुमित कुमार पटेल द्वारा मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम संपन्न किया गया। प्रारंभिक जांच में तेंदुए के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे शिकार या अंगों की तस्करी जैसी आशंकाओं को प्राथमिक तौर पर खारिज किया गया है। डीएफओ संजय रायखेरे ने बताया कि मृत तेंदुआ शावक है जिसकी उम्र लगभग 6 से 8 माह के बीच है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव से जरूरी सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

## राग रंग म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति गुलाब चक्कर में 9 मई को

**रतलाम।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक महत्व के गुलाब चक्कर में प्रतिदिन शहरवासियों के लिए मनोरंजन की गतिविधियाँ हो रही है। संगीत और अन्य कार्यक्रमों की स्वर लहरिया मालवा की माटी के केंद्र रतलाम के गुलाब चक्कर को अपनी संगीतमई महक से सराबोर कर रही है। जब से रतलाम के गुलाब चक्कर का सौंदर्यीकरण हुआ हैं रतलाम शहर की फिजा ही बदल गई है और पूरे प्रदेश में इसकी गूंज है, जिसके चलते भोपाल के प्रतिष्ठित राग रंग म्यूजिकल ग्रुप एंड आर्ट फाऊंडेशन द्वारा रतलाम के गुलाब चक्कर के सौंदर्य से प्रभावित होकर यह चौथी प्रस्तुति देने जा रहा हैं जिसमें राग रंग म्यूजिकल ग्रुप के प्रतिष्ठित गायक एवं आयोजक श्री सुमीत शर्मा, श्री अमित शर्मा, मोहन सावले, लक्ष्मी पटेल, तनु सिंह 9 मई शनिवार को सदाबहार मन भावन फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

## विवेकानंद पीजी कॉलेज में छात्रों को सीपीआर प्रशिक्षण दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले के लीड कॉलेज, पी एम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट पीजी अग्रणी महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से मानव जीवन बचाने वाली आपात कालीन सीपीआर प्रणाली का जीवंत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हृदयाघात की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करने के लिए सीपीआर देने की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं परामर्श के जिला समन्वयक डॉ संजय जोशी ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस लोगों में उदारता, सहानुभूति, निस्वार्थ सेवा और मानवता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान नीमच के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं सर्जन तथा जिला रेडक्रॉस सोसायटी नीमच के सचिव डॉ स्वप्निल वधवा ने एक विद्यार्थी को हृदयाघात आने की स्थिति का सजीव प्रदर्शन कर सीपीआर देने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि सही समय पर दिया गया सीपीआर किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में अत्यंत प्रभावी साबित हो सकता है। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ नशा मुक्ति केंद्र जिला नीमच के निदेशक सुनील तिवारी, प्रो. आशुतोष शर्मा, प्रो. असरार अंसारी, स्पोर्ट्स ऑफिसर संजीव थौरेचा तथा ओपियम फैक्ट्री के एलुमिनस ग्रुप के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कालाखेत से नए स्थान पर बसना शुरू हुए साठिया समुदाय के लोग

## नगरपालिका ने जुटाई सुविधाएं, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र दया मंदिर के पीछे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कालाखेत क्षेत्र से साठिया समुदाय को विस्थापन करने की समस्या का पिछले कई वर्षों से बनी हुई है जिनको नये रेल्वे ब्रिज के पास स्थान मुहैया कराते हुए विस्थापन करना शुरू कर दिया गया है। साठिया समुदाय को नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन की पहल पर अब उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया गया है। शुक्रवार को राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर भी कालाखेत पहुंचे और साठिया समुदाय के लोगों से चर्चा कर उन्हें नए स्थान पर बसने के लिए प्रेरित किया।

नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने बताया कि अधिकांश परिवारों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है और शुक्रवार को नगरपालिका की टीम ने वाहनों के माध्यम से लगभग १५ परिवारों का सामान नए स्थान पर सुरक्षित पहुँचाया। कई परिवारों ने आवंटित भूखंडों पर अपना बसेरा बनाना भी शुरू कर दिया है। नगर पालिका परिषद द्वारा विस्थापितों के लिए चिह्नित भूमि पर अर्थवर्क, प्लॉटिंग और लाइनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ताकि ये परिवार वहां स्थायी और व्यवस्थित रूप से निवास कर सकें। नपाध्यक्ष ने स्वयं अपनी टीम और जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुँचकर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नपा कर्मचारी पंकज साकी ने निरीक्षण के दौरान अवगत कराया कि पुनर्वास स्थल पर पेयजल के लिए हैंडपंप का खनन कराया गया है और तत्काल प्रभाव से अस्थायी शौचालय व प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नपाध्यक्ष ने आश्वस्त किया है कि जैसे ही सभी परिवार वहां पूरी तरह बस जाएंगे, वहां स्थायी शौचालय और बिजली के स्थायी कनेक्शन सहित अन्य विकास कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा मण्डल महामंत्री अमन फरक्या, पार्षद गोवर्धन कुमावत, कमलेश सिसौदिया और आशीष गौड़ भी उपस्थित रहे।

## चार्ज अधिकारियों द्वारा जनगणना कार्य का किया गया निरीक्षण

**रतलाम।** जनगणना कार्य निदेशालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जिले में किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किए जाने हेतु अधिकारियों द्वारा जिले में निरीक्षण किया जा रहा है। चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर काम को देखा जा रहा है । निरीक्षण के दौरान चार्ज अधिकारियों ने प्रगणकों, सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं नागरिकों को जनगणना के लिए प्रगणको को सही-सही जानकारी देने के लिए जागरूक किया।

## वन विभाग ने की अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई कर वन क्षेत्र भूमि मुक्त कराई

**नीमच।** वन विभाग नीमच टीम ने वन क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए एक बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम दिया है, जिसके तहत लगातार तीन दिनों तक चले इस सघन अभियान में पड़दा सबरेंज की बीट मोकड़ी में कुल 12 हेक्टेयर बेशकीमती वन भूमि को अतिक्रमण के प्रयास से मुक्त कराकर सुरक्षित कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ ग्रामीणों द्वारा मनासा क्षेत्र की वन बीट मोकडी में अवैध रूप से कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए वन विभाग के मैदानी अमले ने मौके पर पहुँचकर अतिक्रमण के इस प्रयास को पूरी तरह विफल कर दिया। इस तीन दिवसीय कार्रवाई में 5 मई को बीट मोकड़ी के कक्ष क्रमांक 298 में 4 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया, इसी प्रकार 6 मई को कक्ष क्रमांक 298 में 2 हेक्टेयर तथा 7 मई को कक्ष क्रमांक 297 में 6 हेक्टेयर वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के प्रयास को विफल किया गया। वन भूमि पर भविष्य में दोबारा किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके।

## ३नवविवाहितों को विधायक द्वारा चेक वितरित

**रतलाम।** रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र विधायक श्री मथुरालाल डामर



आज जनपद पंचायत रतलाम मे 19 अप्रैल को आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह मे सम्मिलित नवविवाहित जोड़ो को मध्यप्रदेश प्रदेश शासन द्वारा उपहार स्वरूप प्रदत्त की जाने वाली सहायता राशि 49 हजार रुपए के चेक वितरण कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनपद सदस्य, अध्यक्ष प्रतिनिधी, कार्यकर्ता तथा जनपद सीईओ सहित प्रशासनिक अमला उपस्थित था।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/04. कार्य का नाम:** TRD Work in connection with Sehore-Direct Entry and Exit facility at Sehore Goods shed Line. **अनुमानित लागत: ₹ 1,65,04,837/- बयाना राशि: ₹ 3,30,100/- समापन अवधि:** 18 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 29.05.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने. CRY/IND/36

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

# कांग्रेस के किसान जन संवाद में सरकारी गेहूं खरीदी में समस्या, भुगतान में देरी व मंडी में पानी, शौचालय, अवैध वसूली पर उठी आवाज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को नई कृषि उपज मंडी में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विशेष किसान जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती सहित कांग्रेस नेताओं ने सीधे किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान किसानों ने गेहूं खरीदी में हो रही अव्यवस्थाओं, भुगतान में देरी और मंडी परिसर की खराब व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

संवाद के दौरान किसानों ने सरकारी गेहूं खरीद की हकीकत बताते हुए कहा कि सरकारी खरीदी केंद्रों पर स्लॉट बुक नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में अपनी उपज मंडी में लानी पड़ रही है।

स्लॉट बुकिंग के समय कर्मचारियों द्वारा अधिकतर सर्वर डाउन होने का बहाना बताया जाता है। उन्होंने बताया की सरकारी तौल केंद्र पर ट्रालियों को तौल के लिए चार से पांच दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें ट्रैक्टर और ट्राली का अतिरिक्त किराया देना पड़ता है, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और लाभ कम होता जा रहा है। इसी कारण से वह गेहूं को कम भाव में मंडी में बेचने को मजबूर है। किसानों ने सरकार के गेहूं तौलने में कोई परेशानी नहीं हो रही इस दावे को खारिज करते हुए गेहूं समर्थन मूल्य भी बढ़ाने की मांग करी।

किसानों ने सहकारी समितियों में गेहूं भुगतान में 15-15 दिन की देरी और भावांतर राशि लंबित रहने का मुद्दा भी उठाया। किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब खाद-बीज खरीदने के समय सरकार किसी प्रकार की राहत नहीं देती, तो उपज का भुगतान भी समय पर मिलना चाहिए। वहीं व्यापारियों ने बैंकों से नकद राशि की उपलब्धता नहीं होने की परेशानी बताते हुए कहा कि किसान अपनी उपज का नगर दाम चाहता है लेकिन मजबूरी में उन्हें आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करना पड़ रहा है।

## न्यूज कालम



## नवागत एसपी ने संभाला पदभार, कानून व्यवस्था को मजबूत करने पर दिया जोर

**नीमच।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने शुक्रवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही।पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी व्यास ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और विश्वास पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। अवैध गतिविधियों, नशा तस्करी एवं अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जनता से संवेदनशील व्यवहार रखने और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए.इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिले में नए एसपी के पदभार संभालने से पुलिस व्यवस्था में नई ऊर्जा और सक्रियता देखने को मिल रही है। फिलहाल शुक्रवार को जहां महादेव ग्रहण कर लिया वहीं अधिकारियों व अधीनस्थों की बैठक लेने के बाद मीडिया से भी भेंट करेंगे।

## खाद्य विभाग की टीम ने फ्रूट दुकानो का औचक निरीक्षण कर 11नमूने लिए

**नीमच।** जिला कलेक्टर अपर कलेक्टर के निर्देश पर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार को नीमच के फ्रूट मार्केट, सब्जी मंडी में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत फलों को पकाने में प्रतिबंधित कार्बाइड के उपयोग की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर प्रतिबंधित कार्बाइड का उपयोग नहीं पाया। मौके पर आम को पकाने के लिए स्नस्स्रद्ध अनुमोदित एथिलीन रिपेनर' का उपयोग किया जाना पाया गया। तरबूज का भी मौके पर प्राथमिक परीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत कुल '11 नमूने' जांच हेतु संग 'हित किए गए, जिनमे फर्म वारिस फ्रूट मर्चेंट, सब्जी मार्केट नीमच' तरबूज का नमूना 'फर्म चंदेल फ्रूट कंपनी, सब्जी मंडी नीमच' -बादाम आम का नमूना 'फर्म अनवर हुसैन एंड ब्रदर्स' बादाम आम व लाल पट्टा आम का नमूना फर्म शहंशाह-ए-हिन्द फ्रूट कंपनी' बादाम आम व पपीता का नमूना फर्म आनंद फ्रूट कंपनी, सब्जी मार्केट'- बादाम आम, तोता परी आम, अल्फांसो आम, केसर आम के नमूने 'फर्म अतीक फ्रूट कंपनी, वीर पार्क रोड सब्जी मंडी' तरबूज का नमूना सभी 11 नमूना को राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल विशेष वाहक के हस्ते भेजा जा रहा है।

## छात्र कल्याण हेतु तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित



**मन्दसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे और जिला कार्यबल समिति के संयोजक डॉ. आर.के. व्यास के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं से पूर्व विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना था। मुख्य वक्ता डॉ. वीणा सिंह ने विद्यार्थियों को माइंडफुलनेस और समय प्रबंधन की व्यावहारिक तकनीकें सिखाईं। उन्होंने वर्तमान क्षण में एकाग्र रहने और उत्तर लेखन की बारीकियों को साझा करते हुए छात्रों को आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स को दिया प्रशिक्षण

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत मंदसौर में एनसीसी कैडेट्स के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. द्विवेदी ने युवाओं को बताया कि समाज से टीबी जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए छात्र शक्ति की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने कैडेट्स को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और उपचार की प्रक्रिया के बारे में शिक्षित किया ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मरीजों को सामाजिक सहयोग प्रदान कर सकें। इस दौरान युवाओं से अपील की गई कि वे समाज में टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## मानसून पूर्व एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड जवानों का शिविर आयोजित



**रतलाम।** राज्य आपदा मोचन बल भोपाल (एसडीईआरएफ) एवं संभागीय मुख्यालय उज्जैन से प्राप्त निदेर्शों के परिपालन में आगामी मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर जामड तालाब में विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों को तैराकी प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक एक्सरसाइज कराई गई। इसके पश्चात प्लाटून कमांडर श्री ज्योति बघेल द्वारा एसडीईआरएफ जवानों के साथ स्विमिंग अभ्यास एवं बोट हैंडलिंग का सघन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बोट संचालन, पानी के बहाव को समझने, बचाव कार्यों के दौरान बोट को स्थिर रखने की तकनीकों तथा स्वयं की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से अभ्यास कराया गया।



## सारंगपुर में जनगणना 2027 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों का भव्य सम्मान

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय महत्व के मिशन जनगणना 2027 के अंतर्गत सारंगपुर नगरपालिका में कर्तव्यनिष्ठा और समयबद्धता की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। नगरपालिका मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक रानवे के निर्देशन में उन प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया, जिन्होंने अपना आवंटित कार्य 100 फीसदी शुद्धता के साथ समय सीमा से पूर्व ही पूर्ण कर लिया है। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रभारी श्याम चौरसिया एवं तकनीकी सहायक आशिष पांडेय की उपस्थिति में अग्रिम कार्य पूर्ण करने वाले शबीना बी, सोनू पाल, फरीदा बी, सलमा बी, महेश वर्मा, राकेश अहिरवार प्रगणकों का अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही उनके कुशल मार्गदर्शक रहे पर्यवेक्षकों डॉ. मोहम्मद वसीम शेख, डॉ. विमल लोदवाल, प्रीतम गुनावा, महेश नागर और नरसिंह शर्मा को भी उनकी बेहतर मॉनिटरिंग के लिए सम्मानित किया गया। श्री रानवे ने अन्य प्रगणकों को प्रेरणा देते हुए कहा कि गणना के दौरान क्वालिटी और त्रुटिहीनता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रगणकों से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय कार्य को 'सेवा भाव' से लें और समय रहते डेटा संकलन का लक्ष्य प्राप्त करें।

## भीषण गर्मी ग्राम पानवासा में विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग



**खाचरौद।** नगर के ग्राम पानवासा में दोपहर को गर्मी में विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। गांववालो द्वारा विद्युत विभाग को सूचित किया गया। विद्युत कर्मचारी गणों ने आसपास की सप्लाई को बंद किया गया। ट्रांसफार्मर के जलने पर कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड बुलाकर आग को काबू पाया गया।

## भाजपा की जन आक्रोश महिला सम्मेलन एवं पदयात्रा संपन्न हुई



**सारंगपुर।** भाजपा की जन आक्रोश महिला सम्मेलन एवं पद यात्रा सारंगपुर विधानसभा के भाजपा मंडल सारंगपुर मे राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल के सानिध्य में महिला शक्ति वंदन अधिनियम पारित ना होने के विरोध में आक्रोश पदयात्रा एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सभी ने एक स्वर में नारी सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए अपनी आवाज बुलंद की और संकल्प लिया कि महिलाओं के अधिकारों के लिए यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मातृशक्ति का अद्भुत उत्साह और संकल्प देखने को मिला। कार्यक्रम में महिला शक्ति वंदन अधिनियम की जिला संयोजिका नीलम सक्सेना, नगर पालिका उपाध्यक्ष व भाजपा मंडल महामंत्री भावना निलेश वर्मा, माधवी परमार, जिला मंत्री कमलाबाई जाटव, जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महिला मंडल अध्यक्ष आशा व्यास, मंडल महामंत्री कमल राठौर, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, अनिता सतीश गिरजे, मोहन लववंशी, भूपेंद्र जोशी अन्य भाजपा के कार्यकर्ताओ एवं मातृ शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन मंडल महामंत्री भावनानिलेश वर्मा ने किया तथा आभार मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने माना।

## सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा रवाना: आस्था और राष्ट्रगौरव के जयघोष से गूँजा नगर



**सारंगपुर।** नगर से प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ की पावन यात्रा पर श्रद्धालुओं का एक जत्था पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ रवाना हुआ। हर-हर महादेव और जय सोमनाथ के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं को नगरवासियों ने भावभीनी विदाई दी। यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के पुनर्जागरण का संदेश लेकर निकली है। आयोजकों के अनुसार मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत इस विशेष दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल के विशेष प्रयासों से श्रद्धालुओं को सोमनाथ महादेव के दर्शन और पूजन-अर्चन का अवसर प्राप्त हुआ है। इस यात्रा का महत्व समझाते हुए बताया गया कि सोमनाथ मंदिर भारतीय साहस और जीवंतता का प्रतीक है। सन 1026 में विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी द्वारा मंदिर को खंडित और लूटे जाने के बाद भी, सनातन संस्कृति की अडिग आस्था ने इसे बार-बार खडा किया। वर्ष 1951 में निर्मित इसका वर्तमान भव्य स्वरूप देश के सांस्कृतिक पुनरुत्थान की कहानी बयां करता है। यात्रा दल में शामिल पंडित पवन पारीक ने बताया कि यह यात्रा राष्ट्रगौरव और अपनी जडों से जुडने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। दल में शामिल प्रमुख श्रद्धालुओं में लक्ष्मी नारायण त्रिकार, आशुतोष वैद्य, सुशील व्यास, भूपेंद्र जोशी, नंदकिशोर पुष्पद शामिल हैं। श्रद्धालुओं के रवाना होते समय सारंगपुर नगर का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया।

### मुंबई-आगरा हाईवे पर कांग्रेस का चक्काजाम

# एमएसपी और किसानों की समस्या को लेकर हुए आंदोलन में सारंगपुर-देवास से कांग्रेसी हुए शामिल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**



सारंगपुर में प्रदर्शन करते कांग्रेसजन।



देवास के कांग्रेसजनों ने पटवारी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।

सारंगपुर सहित शाजापुर जिले से गुजरे मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर शाजापुर के पास गुरूवार को कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय चक्का जाम कार्यक्रम में किया गया जिसमें सारंगपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय के नेतृत्व में शामिल हुए। गोपालपुरा में एकत्रित होकर कांग्रेसजन शाजापुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक हेमराज कलपोनी, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सादानी, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, बनवारी मालवीय, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, निजाम कुरैशी, जपं सदस्य घनश्याम मालवीय, बाबू पटेल, युकां नेता अभय सिसोदिया, किसान नेता कमल सिंह राणा, रामबाबू सेन आदि उपस्थित थे।

पूर्व विधायक मालवीय ने कहा कि यह बडा प्रदर्शन किसानों को फसल के उचित दाम, कर्ज राहत और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी दिलाने, व्यवस्थित गेहूं खरीदी, फसलों की उचित दामों की मांग को लेकर किया गया। सरकार के खिलाफ इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से बडी संख्या में किसान शाजापुर पहुंचे थे। इस आंदोलन में हजारों कार्यकताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे, जिसे देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड रहा।

**व्यस्त हाईवे पर जाम, वाहन हुए प्रभावित**

मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे देश के सबसे व्यस्त मार्गों में गिना जाता है। ऐसे में चक्काजाम के कारण इस अहम रूट पर लंबे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। इस बडे प्रदर्शन के चलते इंदौर, उज्जैन, ब्यावरा सहित आसपास के जिलों से आने-जाने वाले वाहन सीधे तौर पर प्रभावित हुए। आंदोलन की व्यापकता को देखते हुए प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही यातायात डायवर्जन और भीड नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई थी और बडे वाहनों को मोहन बडोदिया, आगर होते हुए उज्जैन-इंदौर की ओर भेजा गया था।

**देवास**

प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर किसानों की मांगों को लेकर एक बड़ा चक्का जाम आंदोलन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी संजय दत्त पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत देवास जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में देवास जिले के सैकड़ों किसानों ने आंदोलन में भाग लिया। सभी वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार किसानों के साथ आज छलावा कर रही है हमारा आंदोलन विभिन्न स्तर में जब तक आयोजित किया जाएगा जब तक किसानों के साथ प्रदेश की मोहन यादव सरकार न्याय नहीं करती।

## कांग्रेस सेवादल ने मनाई डॉ. हार्डिकर की जयंती एवं किया मासिक ध्वज वंदन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास**




कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह दरबार के नेतृत्व में जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर सेवादल के संस्थापक स्वर्गीय नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती मनाई गई साथ ही मासिक झंडा वर्णन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने झंडा वंदन करने के पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि डॉ एन एस हार्डिकर सेवादल के संस्थापक के रूप में उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी व्यवस्था सौपी जिसका काम अनुशासन के साथ रहते हुए कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ कांग्रेस पार्टी में अनुशासित सिपाही तैयार करने का काम था वही संगठन आज पूरे देश में एक बड़े संगठन के रूप में उभर कर कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी के रूप में काम कर रहा है। मैं आप सभी को उनकी जयंती पर अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं इसी के साथ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, उमेश झंवर,मोहनलाल शर्मा,नजर शेख, ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सेवादल के शहर अध्यक्ष राधाकिशन सोलंकी ने किया एवं आभार युवा बिग्रेड अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने माना।

इस अवसर पर प्रेम नारायण पटेल, प्रतीक शास्त्री, रूपेश कल्याणे, जितेंद्र सिंह मोटू, नरेंद्र यादव लल्ला, कल्याण सिंह पवार सुमेर सिंह राठौड़, डॉ सुरेश शर्मा, कल्याण सिंह पवार, संतोष सिंह बेस, चंद्रपाल सिंह छोटू, मुकेश शर्मा एडवोकेट कांग्रेस जन एवं सेवा दल के सदस्य उपस्थित थे।

## कथा के पांचवें दिन कृष्ण रुक्मणि विवाह प्रसंग में झूमे श्रद्धालु

**कानड़।** समीपस्थ ग्राम कोहड़िया में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पंडित जयप्रकाश शर्मा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया। साथ ही उनके द्वारा रुक्मणी विवाह प्रसंग का सजीवता पूर्ण वर्णन किया गया तथा समस्त श्रद्धालुओं बड़े हर्ष उल्लास के साथ श्री कृष्ण एवं रुक्मणी विवाह में सम्मिलित होकर ब्रज की लीलाओं का आनंद लिया। व्यास जी ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से बताया कि भगवान को प्रेम के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है उन्होंने बताया की प्रेम मार्ग भी भगवान की उपासना का एक स्रोत है तथा श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के माध्यम से ग्रह गृहस्थ आश्रम में किस प्रकार रहना चाहिए यह समझाते हुए पति-पत्नी के एक दूसरे से प्रेम आदि बातों पर प्रकाश डाला गया।इसके पूर्व मे श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण ने गिरिराज पर्वत धारण किया तथा गिरिराज जी को छप्पन भोग लगाया गया।इसी के साथ चौधरी परिवार ग्राम कोहडिया के द्वारा सभी भागवत कथा के आयोजक एवं भागवत आचार्य का पुष्पमाला व श्रीफल से स्वागत कियाकथा के समापन पश्चात आरती कर प्रशादी वितरण की गई।

## भीषण गर्मी में छः दिन में जनगणना कार्य पूर्ण करने वाले कर्मचारी सम्मानित

**सारंगपुर।** कर्तव्य के प्रति समर्पण जब अटूट हो, तो मौसम की चुनौतियां भी बौनी साबित हो जाती हैं। कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया है सारंगपुर तहसील के इन कर्मठ कर्मचारियों ने जिन्होंने जनगणना 2027 के प्रथम चरण (हाउस लिस्टिंग) के महत्वपूर्ण कार्य को रिकॉर्ड समय में पूरा कर एक मिसाल कायम की है। इसलिए यह सभी सम्मान के पात्र है। उक्त उद्गार गुरुवार को तहसील कार्यालय में आयोजित एक विशेष गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित बमोरे ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौश्रान एसडीएम बम्हौरे एवं तहसीलदार आकाश शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### दोनों पक्षों ने दर्ज कराई एफ आईआर, मारपीट का वीडियो भी आया सामने

# खेत विवाद में खूनी संघर्ष, महिलाओं के बीच भी मारपीट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**



क्षेत्र के फु लेन गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत पर हुए इस विवाद में पुरुषों के साथ महिलाओं के बीच भी जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें महिलाएं एक-दूसरे से भिड़ती नजर आ रही हैं। धक्का-मुक्की के दौरान कुछ महिलाएं जमीन पर गिर गईं, जबकि मौके पर अफ रा-तफ री का माहौल बन गया। यह स्थिति खेत के सीमांकन के दौरान शासकीय अमले की उपस्थिति में होना बताया गया। हालाकी शासकीय अधिकारी या कर्मचारी के साथ कुछ नही हुआ। ।

पुलिस के अनुसार एक पक्ष की ओर से आकाश राव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि अमन पंवार, पप्पू पंवारए अरुणाए मनीषा सस्तेए अनीताए गोलू व निधि पंवार ने खेत के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत में अमन पंवार द्वारा लोहे की पाइप से अशोक राव पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। बीच-बचाव करने पहुंचीं सरेखा, कला बाई व कविता के साथ भी मारपीट होने की बात कही गई है। घटना में अशोक राव, सरेखा, कला बाई व कविता घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमन पंवार निवासी इंदौर ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अशोक राव, प्रकाश राव व आकाश राव ने गाली-गलौज करते हुए हमला किया। प्रकाश राव पर तलवार से हमला करने तथा अशोक राव पर लकड़ी से मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं। इस पक्ष की ओर से अरुणा राव,अनीता पंवार व मनीषा सस्ते के घायल होने की जानकारी दी गई है।

घटना के दौरान महिलाओं के बीच भी विवाद और हाथापाई हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने क्रॉस एफ आईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रूई की दुकान में लगी भीषण आग, बुजुर्ग गंभीर रूप से झुलसे

### अस्पताल में कराना पड़ा भर्ती, रुई, रजाई, गादी समेत कुल 3.50 लाख का सामान जलकर खाक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**



नए बस स्टैंड के पीछे उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान के पास रुई की दुकान में गुरुवार को भीषण आग लग गई। घटना में दुकान संचालक जुल्फिकार मंसूरी झुलस गए और दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

पीड़ित के पुत्र आजाद मंसूरी ने बताया कि पिता के द्वारा रुई मशीन का संचालन सामान्य रूप से किया जा रहा था। इसी दौरान मशीन में से चिंगारी निकली, जिसने तुरंत रुई को अपनी चपेट में ले लिया। रुई अत्यधिक ज्वलनशील होने के कारण आग कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान में फैल गई।

**कुल 3.50 लाख का नुकसान**

आग की चपेट में आने से मशीन चालक जुल्फिकार मंसूरी झुलस गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। जुल्फिकार मंसूरी का इलाज अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय लोगों ने पानी और नपा के फायर बिग्रेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दुकान में रखी रुई, मशीन और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। दुकानदार के अनुसार, लगभग 3.50 लाख रुपए मूल्य की रुई, रजाई, गादी और बिस्तर जल गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि उसका धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। आग लगने के बाद कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, इस हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को देते हुए फरियादी आजाद मंसूरी ने बताया कि आग की इस घटना में दुकान में रखी भारी मात्रा में रूई, बिस्तर, रूई पिंजाई की मशीन और सिलाई मशीन पूरी तरह जल गए हैं, जिससे परिवार को बडा आर्थिक नुकसान हुआ है। फरियादी आजाद मंसूरी की रिपोर्ट पर सारंगपुर पुलिस ने आगजनी क्रमांक 11/26 दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और इसकी जिम्मेदारी बीट प्रभारी को सौंपी गई है। मामले में कस्बा पटवारी शहजाद खान ने बताया कि मामले में पंचनामा तैयार किया जा रहा है। पीड़ित के आर्थिक नुकसान का आंकलन के बाद रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी जाएगी और आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।



## राजगढ़ में भारतीय मजदूर संघ के साथ बैठक आयोजित

**ब्यावरा।** महाप्रबंधक विद्युत कंपनी वृत्त राजगढ़ में भारतीय मजदूर संघ के साथ बैठक आयोजित की गई इसमें नियमित कर्मचारियों एवं आऊट सोर्स कर्मचारियों की लम्बे समय चली आ रही मांगो को रखा जिसमे सुरक्षा उपकरणों को उपलब्ध करवाना, उपकेंद्रों पर प्रकाश व्यवस्था, सुलभ शौचालय, पेयजल, तार फेंसिंग, खराब ट्यूबवेल को सुधरवाने, आउटसोर्स कर्मचारियों के किए गए स्थानांतरण निरस्त करने एवं बिना जांच किए गए सेवा से पृथक किए लोगों को पुनः किसी शर्त के सेवा में लेने, माह मई 26 में सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान 5 तारीख तक नहीं करने सम्बंधित मांग पत्र रखा गया इस बैठक में महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख गोपाल शर्मा, सचिव सुरेश बनावडे, जिला मंडी संयोजक राजेश सक्सेना, विद्युत पेंशनर संघ के अशोक मिश्रा, आउटसोर्स जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव विनोद वर्मा पवन नामदेव एवं संघ पदाधिकारी उपस्थित हुए।

**भाजपा नेता के भांजे पर रासुका की कार्रवाई:**

## गोकशी करता था, पहले से ही आधा दर्जन पशुक्रूरता के केस में नाम

**सारंगपुर।** सारंगपुर के पटेलवाड़ी निवासी गोकशी के आखिरी आरोपी आमीन पिता इनुवा उर्फ यूनुस पटेल निवासी पटेलवाड़ी सारंगपुर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। आमीन की गिरफ्तारी के तुरंत बाद कलेक्टर के आदेश से आरोपी पर रासुका की कार्रवाई भी पुलिस ने की है। आरोपी वार्ड 15 मुकेरवाड़ी के पूर्व पार्षद का भांजा है। सारंगपुर के बहुचर्चित गोकशी और फर्जी स्लाटर हाउस चलाने वाले आरोपी आमीन को टीआई राहुल रघुवंशी की टीम ने दो दिनों की खोजबीन के बाद हिरासत में ले लिया है। इधर आरोपी के हिरासत में लेने के पहले ही कलेक्टर राजगढ़ ने रासुका के आदेश जारी कर दिए थे। जिसका नोटिस मिलने के बाद पुलिस ने पशुक्रूरता अधिनियम के साथ ही शझछ की धाराएं भी आरोपी पर लगाई है। पकड़ा गया आरोपी पहले से ही लगभग आधा दर्जन से ज्यादा पशुक्रूरता के मामलो में लिप्त है। बताया जा रहा है आरोपी आमीन मुकेरवाड़ी क्षेत्र से भाजपा के पूर्व पार्षद का भांजा है जिसका लाभ उठाकर पहले भी बच चूका है।




## हाउस लिस्टिंग एवं बिल्डिंग कार्य में मिसाल, चार प्रगणक सम्मानित



**सुसनेर।** जिले में संचालित जनगणना कार्य के दौरान सुसनेर ब्लॉक के चार प्रगणकों ने उत्कृष्ट कार्य कर नई मिसाल पेश की है। हाउस लिस्टिंग एवं बिल्डिंग (ल्छछइ) कार्य को मात्र 5 दिन में पूर्ण कर इन प्रगणकों ने प्रशासन को भी प्रभावित किया। उल्लेखनीय उपलब्धि पर तहसीलदार रामेश्वर दांगी द्वारा सभी प्रगणकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मानित प्रगणकों में भेरूलाल ओसारा, सतीश उपाध्याय, शिवलाल ओसारा एवं ब्रजमोहन जांगड़े शामिल हैं। चारों प्रगणकों ने अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में पूरी निष्ठा, लगन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय से पहले ल्छछइ कार्य पूर्ण किया। भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना 2027 के अंतर्गत 34 बिंदुओं पर जानकारी संकलित की जा रही है, जिसे इन प्रगणकों ने रिकॉर्ड समय में पूरा कर जिले में अलग पहचान बनाई है। प्रशासन ने इस उपलब्धि को अनुकरणीय बताते हुए अन्य कर्मचारियों को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही है। कार्यक्रम के दौरान तहसील कार्यालय से राजेंद्र राजपूत, योगेश जादमे एवं पटवारी शिव पाटीदार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सोमनाथ यात्रा के लिए सुसनेर से श्रद्धालु उज्जैन रवाना



**सुसनेर।** संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अंतर्गत जिले से चयनित 50 यात्रियों का जत्था सोमनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। सुसनेर से श्रद्धालुओं को पहले आगर के लिए रवाना किया गया जिसके बाद आगर से उज्जैन के लिए रवाना हुए। जहां से वे विशेष ट्रेन के माध्यम से सोमनाथ के लिए प्रस्थान किया। यात्रियों की वापसी 11 मई को होगी। इस अवसर पर मुकेश हरदेनिया, कालू सिंह नाहरखेड़ा, शिवम शर्मा आदि का भाजपा कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, युगल किशोर परमार, भाजपा नेता कमल गर्ग सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उत्साहपूर्वक रवाना किया गया।



## बच्चों को स्ट्रेस फ्री कैसे रखें?



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव सिर्फ बड़ों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि बच्चे भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। जहां एक तरफ माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे पढ़ाई, खेल और हर क्षेत्र में आगे बढ़ें, वहीं दूसरी तरफ यही दबाव बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य यानी मेंटल हेल्थ पर असर डालता है। पहले के समय में बच्चों का जीवन खुला-खुला और तनावमुक्त होता था, लेकिन आज बदलते दौर में परिस्थितियां कुछ और हैं। स्कूल का होमवर्क, एग्जाम का डर, कॉम्पिटिशन, कोचिंग क्लासेस, स्क्रीन टाइम और सोशल मीडिया की आदत, ये सब मिलकर बच्चों के मन पर बोझ डालते हैं। बचपन वह समय होता है जब दिमाग सबसे ज्यादा संवेदनशील होता है। अगर इस उम्र में बच्चे लगातार दबाव महसूस करते हैं तो इसका असर उनकी पढ़ाई, सोचने-समझने की क्षमता, व्यवहार और यहां तक कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है।

बच्चों में तनाव का सबसे बड़ा कारण होता है कि वे अपनी भावनाओं को खुलकर किसी के साथ शेयर नहीं कर पाते। अगर वे उदास हैं, परेशान हैं या डर रहे हैं, तो अक्सर माता-पिता को बताने से कतराते हैं। ऐसे में माता-पिता को चाहिए कि वे रोजाना कुछ समय बच्चों के साथ बैठकर उनसे बातचीत करें और उनसे पूछें कि उनका दिन कैसा बीता। स्कूल या दोस्तों से जुड़ी बातें सुनें और उन्हें जज करने या डांटने के बजाय सहानुभूति से समझें। जब बच्चा अपनी भावनाएं शेयर करता है तो उसका मानसिक बोझ हल्का हो जाता है और उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

# क्या बच्चों को जरूरत से ज्यादा सुरक्षा देना उन्हें कमजोर बना सकता है...?



आज के समय में माता-पिता अपने बच्चों को लेकर पहले से कहीं ज्यादा सतर्क और चिंतित नजर आते हैं। बदलती दुनिया, बढ़ते क्राइम, सोशल मीडिया का असर और पढ़ाई का दबाव, इन सबके बीच पैरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा हर खतरे से दूर रहे। इसी सोच में कई माता-पिता बच्चों के हर कदम पर नजर रखने लगते हैं। क्या पहनना है, किससे दोस्ती करनी है, कौन सा खेल खेलना है, यहां तक कि क्या सोचना है, हर फैसले में पैरेंट्स का कंट्रोल बढ़ता चला जाता है। शुरूआत में यह सब प्यार और सुरक्षा जैसा लगता है, लेकिन क्या यह जरूरत से ज्यादा सुरक्षा बच्चों के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है?



## ओवरप्रोटेक्टिव पैरेंटिंग में बच्चे को गलती करने या असफल होने का अनुभव नहीं मिलता

जब माता-पिता बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से जरूरी आजादी नहीं देते, हर फैसले में हस्तक्षेप करते हैं और गलती करने का मौका नहीं देते, तो इसे ओवरप्रोटेक्टिव पैरेंटिंग कहा जाता है। इसमें बच्चे की सुरक्षा के नाम पर उसकी फ्रीडम, आत्मनिर्भरता और अनुभव लेने की क्षमता सीमित हो जाती है।

जरूरत से ज्यादा सुरक्षा बच्चों के आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है।

जब बच्चा खुद फैसले नहीं ले पाता, तो उसे अपने ऊपर भरोसा करना नहीं आता। धीरे-धीरे उसे लगने लगता है कि वह कुछ भी अकेले नहीं कर सकता।

डॉक्टर बताते हैं कि ऐसे बच्चे बड़े होकर भी दूसरों की मंजूरी पर निर्भर रहते हैं और नए चैलेंज लेने से डरते हैं।


एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ओवरप्रोटेक्टिव माहौल बच्चों में एंग्जायटी और डर को बढ़ा सकता है।

जब माता-पिता हर समय खतरे की चेतावनी देते रहते हैं, जैसे गिर जाओगे, फेल हो जाओगे, बीमार पड़ जाओगे, तो बच्चा दुनिया को असुरक्षित मानने लगता है।

इससे बच्चा छोटी-छोटी बातों में भी घबराने लगता है और मानसिक रूप से कमजोर महसूस करता है।

ओवरप्रोटेक्टिव पैरेंटिंग में बच्चे को गलती करने या असफल होने का अनुभव नहीं मिलता।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






### बेंगलुरु को डकवर्थ लुईस पद्धति से नौ रन से पराजित किया

# छह हार के बाद लखनऊ को मिली जीत

## मार्श ने खेली शानदार शतकीय पारी, प्रिंस ने तीन विकेट चटकाए

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

बारिश के बीच गुरुवार को मिचेल मार्श भी जमकर बरसे। उनकी तूफानी शतकीय पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को डकवर्थ लुईस पद्धति से नौ रन से पराजित किया। इस जीत के साथ लखनऊ ने छह लगातार हार का क्रम भी तोड़ दिया।

लखनऊ ने इकाना स्टेडियम में लगातार आठ हार के बाद जीत दर्ज की। मार्श ने 111 रन की पारी खेली। उन्होंने अर्शिन (17) के साथ पहले विकेट के लिए 95 और पूरन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़े। अंत में कप्तान पंत ने 10 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। इससे लखनऊ ने तीन विकेट पर 209 रन बनाए। बारिश के कारण तीन बार हुई बाधा के बाद एक ओवर की कटौती की गई। मैच 19-19 का कर दिया गया। बेंगलुरु को डकवर्थ लुईस पद्धति से 213 रन का संशोधित लक्ष्य दिया गया। बेंगलुरु की टीम छह विकेट पर 203 रन ही बना पाई।

लक्ष्य का पीछा करते बेंगलुरु की शुरूआत खराब रही। उसके दोनों ओपनर आठ गेंद में नौ रन पर पवेलियन पहुंच गए थे। शमी ने बेथेल को पहले ही ओवर में चलता किया। प्रिंस ने अपने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर कोहली की खाता खोले बिना गिल्लियां बिखेर दी। पाटीदार (61) ने पडिक्कल (34) के साथ तीसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी की। प्रिंस ने पडिक्कल को अपनी ही गेंद पर आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चार गेंद बाद उन्होंने जितेश को भी चलता कर दिया। पाटीदार को शहबाज ने मार्करम के हाथों कैच करवाया। अंत में डेविड ने 40, क्रुणाल ने नाबाद 28 और शेफर्ड ने नाबाद 23 रन बनाए। अंतिम छह गेंदों में 20 रन चाहिए थे। राठी ने 10 रन दिए। लखनऊ के लिए प्रिंस यादव ने तीन विकेट चटकाए।

इससे पहले मार्श ने मैदान के चारों ओर जोरदार शॉट लगाते हुए बेंगलुरु के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने रनों की बरसात करते हुए नौ ओवरों में ही टीम को 95 रन तक पहुंचा दिया। फिर 30 मिनट तक हुई बारिश से टीम की लय प्रभावित हुई।



### मार्श का लखनऊ के लिए सबसे तेज सैकड़ा

मार्श ने 49 गेंदों में सैकड़ा लगाकर लखनऊ की ओर से सबसे तेज शतक जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने पंत को पीछे छोड़ा जिन्होंने पिछले साल बेंगलुरु के खिलाफ इसी स्टेडियम में 54 गेंदों पर ऐसा किया था। दूसरे शतक के साथ उन्होंने लखनऊ के लिए सर्वाधिक शतक जड़ने का राहुल का रिकॉर्ड बराबर किया।

**पहली बार-** यह मौजूदा सत्र का पहला मुकाबला है जिसमें लखनऊ की टीम ने पावरप्ले में कोई विकेट नहीं गंवाया। टीम ने शुरूआती छह ओवर में 68 रन बनाए जो उसका सबसे बड़ा स्कोर रहा। टीम ने पांचवीं ओपनिंग जोड़ी आजमाई।

# डग आउट में घुसपैठ पर बीसीसीआई सख्त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल में टीम डगआउट, होटल और टीम बसों में अनधिकृत लोगों की मौजूदगी पर बीसीसीआई सख्त हो गया है। बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) ने इस तरह की रिपोर्ट दी है। इसके बाद सभी फ्रेंचाइजियों को कड़ी एडवाइजरी जारी की गई है।

इस सप्ताहांत सभी टीमों के सीईओ की बैठक भी बुलाई गई है। इसमें नियमों के उल्लंघन और संभावित कार्रवाई पर चर्चा होगी। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने पुष्टि करते हुए कहा कि एसीयू ने टीम डगआउट, होटल और टीम बसों में कई अनधिकृत लोगों की मौजूदगी की जानकारी दी है। कुछ लोग ऐसे स्थानों पर भी देखे गए जहां उनकी मौजूदगी प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के आचरण से जुड़े नियम 2008 से लागू हैं, लेकिन अब उनमें ढिलाई बरती जा रही है।

# इतिहास रचने की दहलीज पर भारत

एजेंसी ▸▸ सुजोऊ (चीन)

भारतीय टीम शुक्रवार को एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप फुटबॉल में लेबनान के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मुकाबले में जीत दर्ज करने उतरेगी। अगर टीम विजय हासिल करती है तो वह पहली बार टूनामेंट के नॉकआउट में जगह बना लेगी।

ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (0-2) और जापान (0-3) से हारने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मौके के रूप में अंतिम मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। भारत नॉकआउट चरण की दौड़ में बरकरार है। वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से एक है। पश्चिम एशिया की टीम लेबनान इस टूनामेंट में पहली बार हिस्सा ले रही है। उसने अपने अभियान की शुरूआत जापान से 0-13 की करारी हार के साथ की थी।


**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 786747322

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### इलाके में नाम का खौफ बनाने के लिए की थी तोड़फोड़, पुलिस ने निकाला जुलूस



**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र की तीन कॉलोनियों में बदमाशों ने एक के बाद एक करीब आधा दर्जन चार पहिया वाहनों पर पत्थर फेंककर तोड़फोड़ की थी। मामले में पुलिस को बाबूनाथ और उसके साथी आरसी चौहान के नाम सामने आए। पुलिस ने गुरुवार शाम दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद शुक्रवार को इलाके में उनका जुलूस निकाला गया। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात करीब 2 बजे सत्यदेव नगर, नार्थ मोहल्ला और सूर्यदेव नगर के रहवासी शिकायत लेकर थाने पहुंचे थे। लोगों ने बताया कि बदमाशों ने आधा दर्जन वाहनों पर पथराव कर नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में दो बदमाश नजर आए, जिनकी पहचान के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी बाबूनाथ और आरसी चौहान ने पुलिस को बताया कि वे इलाके में खुद को बदमाश के रूप में पहचान दिलाना चाहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने कारों पर पथराव किया। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों का इलाके में जुलूस भी निकाला। वहीं द्वारकापुरी पुलिस ने मोनू पुत्र अशोक प्रजापत निवासी इंडियन स्कूल क्षेत्र और उसके साथी पवन पुत्र राजेंद्र महीना को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने सड़क पर एक युवक के साथ जमकर मारपीट की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### चलती बाइक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग को दमकल ने पानी डालकर बुझाया



**इंदौर।** एलआईजी स्क्वेयर चौराहे पर शुक्रवार दोपहर अचानक एक बाइक में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक जलकर पूरी तरह खाक हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक दोपहर करीब 3.15 बजे एलआईजी स्क्वेयर पर बाइक में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बाइक के इंजन के पास शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी बाइक जल गई। घटना के दौरान विजय नगर से लिंक रोड की ओर जाने वाले ट्रैफिक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए लेफ्ट टर्न से वाहनों की आवाजाही भी रोक दी गई थी।

### दो साल में जर्जर हुए लाइट हाउस प्रोजेक्ट के फ्लैट, हाई कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**इंदौर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बनाए गए लाइट हाउस प्रोजेक्ट की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वर्ष 2023 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के कई फ्लैट महज दो साल के भीतर ही रहने लायक नहीं बचे हैं। रहवासियों ने फ्लैटों में लीकेज, दीवारों में दरारें और करंट फैलने जैसी समस्याओं को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। रहवासियों का आरोप है कि लोहे के स्ट्रक्चर पर बने इन फ्लैटों में जंग लगने लगी है। लगातार पानी रिसने के कारण घरों और बाथरूम में करंट फैलने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। इस संबंध में रहवासी प्रधानमंत्री कार्यालय और नगर निगम से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बने 1024 फ्लैटों के रहवासियों की ओर से दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी के समक्ष सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए केंद्र सरकार और निर्माण कंपनी को नोटिस जारी किए हैं। इंदौर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए गए हैं कि रहवासियों की शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। याचिका में फ्लैटों की दीवारों में दरार, कमरों और बाथरूम में पानी रिसाव तथा विद्युत करंट फैलने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया है। रहवासियों का कहना है कि वे कई बार नगर निगम कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने मांग की है कि उन्हें सुरक्षित और मजबूत सीमेंट-कंक्रीट निर्माण वाले फ्लैट उपलब्ध कराए जाएं। याचिकाकर्ता नरेंद्र गोस्वामी की ओर से एडवोकेट अनुराग जैन ने हाई कोर्ट में पैरवी की।

### दूसरी बार गलत हरकत करने पहुंचा आरोपी, परिवार ने पकड़कर पीटा

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में सौतेले पिता द्वारा शादीशुदा बेटी से दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले पीड़िता के साथ मारपीट की और फिर जबरन गलत काम किया। कुछ घंटे बाद वह दोबारा पीड़िता के पास पहुंचा और फिर से जबरदस्ती करने लगा। उसके शोर मचाने पर परिवार और आसपास के लोगों ने आरोपी की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी सौतेले पिता राकेश के खिलाफ रेप और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गुरुवार को करणी सेना के संगठन मंत्री मानसिंह राजावत घायल अवस्था में महिला को लेकर थाने पहुंचे थे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मां की मौत के बाद सौतेले पिता राकेश से मिलने गई थी। गुस्से में राकेश ने पहले उसके साथ मारपीट की। इसके बाद गुरुवार सुबह करीब 6 बजे उसे जबरदस्ती कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी घर से चला गया और पीड़िता कमरे में रोती रही। पीड़िता का आरोप है कि करीब सुबह 9 बजे आरोपी शराब के नशे में फिर घर पहुंचा और दोबारा जबरदस्ती करने लगा। इस दौरान पीड़िता ने मदद के लिए शोर मचाया, जिसके बाद परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने राकेश की जमकर पिटाई कर दी और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने राकेश को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पटाखा कारोबारी के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पटाखा कारोबारी के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच करते हुए एक व्यापारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में आरोपी के बेटे की भूमिका भी जांच के दायरे में है। राजेंद्र नगर पुलिस के एसआई राजेश सोहनी के मुताबिक फरियादी सुरेश फेरवानी निवासी रीजनल पार्क ने शिकायत दर्ज कराई थी। सुरेश रवि फायर वर्क्स के नाम से पटाखों का थोक कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि सितंबर-अक्टूबर 2025 के दौरान गड्डा पुलिया क्षेत्र निवासी अविनाश जैन ने अहिल्या मार्केट में दुकान लगाई थी। इसी दौरान 24 सितंबर से 24 अक्टूबर के बीच दोनों के बीच करीब 31 लाख 58 हजार रुपए का पटाखा कारोबार हुआ। सुरेश के मुताबिक अविनाश जैन ने करीब 16 लाख रुपए बाद में देने की बात कही थी। इसे लेकर लिखापढ़ी भी हुई थी। चूंकि अविनाश पिछले तीन-चार वर्षों से उनकी दुकान से माल खरीद रहा था, इसलिए भरोसे के चलते उसे उधार में माल दे दिया गया।

### इंदौर के महूनाका चौराहे पर शुक्रवार दोपहर भाजपा नेताओं और ट्रैफिक पुलिस के बीच विवाद की स्थिति बनी

# चक्काजाम-प्रदर्शन के बाद दो पुलिसकर्मी सस्पेंड, टीआई को फील्ड से हटाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के महूनाका चौराहे पर शुक्रवार दोपहर भाजपा नेताओं और ट्रैफिक पुलिस के बीच विवाद की स्थिति बन गई। भाजपा के विधानसभा-4 प्रभारी वीरेंद्र शेडगे ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया। घटना के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया।

यातायात पुलिस ने विरोध बढ़ते देख एक्शन लेते हुए दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों कॉन्स्टेबल शेखर और सूबेदार लक्ष्मी को निलंबित कर दिया। ट्रैफिक टीआई राधा यादव को कार्यालय में अटैच कर दिया। एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। फुटेज सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



वहीं वीरेंद्र शेडगे ने बताया, मुझे सिग्नल के यहां रोक कर चांटा मार दिया तो मैंने इसका विरोध किया। मैंने इस मामले में वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र शेडगे तरण पुष्कर का काम संभालते हैं और विधानसभा-4 के प्रभारी भी हैं। शुक्रवार दोपहर वह दोपहिया वाहन से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान महूनाका चौराहे पर टीआई राधा यादव, श्रद्धा और लक्ष्मी धुर्वे हेलमेट चेकिंग कर रही थीं। बताया जा रहा है कि चेकिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी अचानक वीरेंद्र शेडगे के सामने आ गया और हाथ देकर उनकी बाइक रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि जब बाइक नहीं रुकी तो पुलिसकर्मी ने चलती गाड़ी पर हाथ उठा दिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। वहीं ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का आरोप था कि वीरेंद्र शेडगे मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चला रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और संबंधित महिला टीआई व पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

#### पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे

मामला बढ़ने पर ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सीसीटीवी और वीडियो फुटेज की जांच की। बताया जा रहा है कि जांच में वीरेंद्र शेडगे मोबाइल पर बात करते हुए नजर नहीं आए। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता महिला टीआई और अन्य पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग पर अड़ गए। विरोध बढ़ने पर कार्यकर्ताओं ने महूनाका चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने से इलाके में यातायात प्रभावित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन देर तक तनाव का माहौल बना रहा। टीआई राधा यादव ने बताया कि वह पलासिया डीसीपी कार्यालय में बैठक में मौजूद थीं। वहां से कार्यालय लौटने के दौरान उन्हें महूनाका क्षेत्र में सूबेदार लक्ष्मी धुर्वे के साथ विवाद की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचीं, तब वहां बहस जारी थी। इसी दौरान एसीपी सुप्रिया चौधरी ने उन्हें उषानगर में डायवर्जन व्यवस्था संभालने के लिए भेज दिया। टीआई यादव ने कहा कि बाद में उन्होंने पूरे मामले में हस्तक्षेप किया, लेकिन विवाद की शुरूआत के समय वह मौके पर मौजूद नहीं थीं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों की गई, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से भी यह स्पष्ट हो जाएगा कि विवाद के दौरान वह वहां मौजूद नहीं थीं।

### कोंकण से पहुंचे जीआई टैग वाले हापुस, मालदा और अल्फांसो आम

# 1300 रुपए दर्जन तक बिक रही खास वैरायटी

#### इंदौर में शुरू हुआ तीन दिवसीय मैंगो जत्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आम प्रेमियों को आज खास सौगात मिली। ग्रामीण हाट बाजार में तीन दिवसीय 'मैंगो जत्रा 2026' का भव्य शुभारंभ हो गया है। 8 से 10 मई तक चलने वाले इस मेले में शहरवासियों को सीधे महाराष्ट्र के कोंकण से आए असली हापुस (अल्फांसो) आम का स्वाद मिलेगा।

जत्रा में 5 से अधिक प्रमुख किस्म के आम आकर्षण का केंद्र रहें। रत्नागिरी हापुस (अल्फांसो),पायरी, मालदा, दशहरी यह मेले का मुख्य आकर्षण है। इसकी कीमत साइज के अनुसार 900 से 1300 प्रति दर्जन तक है। छोटे साइज के हापुस 500 के दो दर्जन तक में भी उपलब्ध हैं। रस के लिए सबसे उत्तम माना जाने वाला पायरी आम भी यहां विशेष रूप से मंगाया गया है। अपनी खास मिठास और खुशबू के लिए प्रसिद्ध मालदा आम भी यहां उपलब्ध हैं। केसर व अन्य प्रकार के अलावा कोंकण क्षेत्र के कुछ अन्य स्थानीय प्रकार के आम भी स्टॉल्स पर सजे हुए हैं।



मेले में आने वाले लोगों के लिए कोंकण के अन्य उत्पादों के साथ-साथ मराठी व्यंजनों का विशेष स्टॉल भी लगाया गया है। इंदौर की अपनी पहचान, चाट चौपाटी के साथ-साथ यहां गृह उपयोगी वस्तुओं की एक बड़ी श्रृंखला भी उपलब्ध है। साल 2013 से लगातार आयोजित हो रहे इस मेले को लेकर इंदौर के नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

#### किसानों को मिला सीधा बाजार

मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट और हिप्पो कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित इस मेले की सबसे बड़ी खासियत यह है कि 'उत्पादक से सीधे ग्राहक तक' सुविधा मिलेगी। आयोजकों ने बताया कि इस मंच के माध्यम से कोंकण के किसानों को बिना किसी बिचौलिये के सीधे इंदौर के उपभोक्ताओं से जोड़ा गया है। यहां मिलने वाले आम प्राकृतिक रूप से पकाए गए हैं और कोंकण के इन खास आमों को भौगोलिक संकेत जीआई टैग भी प्राप्त है, जो इनकी प्रमाणिकता सुनिश्चित करता है।

#### सीधे कोंकण के बागानों से इंदौर तक

मैंगो जत्रा के संयोजक सुधीर दांडेकर के अनुसार, यह आयोजन का 14वां साल है। मेले का मुख्य उद्देश्य इंदौर के लोगों को बिना किसी मिलावट और रसायनों के पके हुए 'जीआई टैग' प्राप्त असली हापुस उपलब्ध कराना है। आम के साथ-साथ यहां कोंकण के विशेष उत्पाद जैसे आम पापड़, कोकम शरबत और कटहल के चिप्स भी लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।

### इंदौर के पूर्व कांग्रेस विधायक अश्विनी जोशी का निधन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर की राजनीति के दिग्गज और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे पूर्व विधायक अश्विनी जोशी का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार जोशी पिछले कुछ समय से सांस लेने में तकलीफ और पैरों की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका इलाज चल रहा था। वहीं आज सुबह उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। जोशी के निधन की खबर आते ही शहर के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।

अश्विन जोशी पूर्व मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता महेश जोशी के भतीजे थे। जोशी परिवार का इंदौर की राजनीति में दशकों से बड़ा प्रभाव रहा है। अश्विनी जोशी ने इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-3 का प्रतिनिधित्व किया था। वह तीन बार विधायक रहे। अपने कार्यकाल के दौरान वे अपनी बेबाक कार्यशैली और जनता के बीच सक्रियता के लिए जाने जाते थे। सक्रिय राजनीति में रहते हुए उन्होंने संगठन और क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार अश्विन जोशी को सुबह 8 बजे हार्टअटैक आया था, परिजन तत्काल शेल्बी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉ. अजय पारिख की टीम ने जोशी को बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन जोशी का हार्ट रिकवर नहीं कर पाया और उनका निधन हो गया। अश्विन जोशी की उम्र 66 साल थी।

**छात्र राजनीति से शुरू किया था सफर-** अश्विन जोशी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत छात्र राजनीति से की थी। उन्होंने छात्र संघ चुनाव भी लड़ा था और वहीं से राजनीति में सक्रिय हुए। उनके चाचा महेश जोशी कांग्रेस के वरिष्ठ और प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते थे।

### सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक को किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अशोक निवासी मूसाखेड़ी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से खंडवा जिले का रहने वाला था और इंदौर में ड्राइवरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि देर रात वह बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान फीनिक्स सिटी के सामने तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल हालत में पड़े युवक को देखा और एंबुलेंस की मदद से एमवाय अस्पताल पहुंचाया। देर रात युवक के पास मिले मोबाइल और दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने परिवार से संपर्क किया।

### मंत्री सिलावट ने अपनी पार्टी के विधायक को कांग्रेसी बता दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट गुरुवार को उस वक्त असहज स्थिति में फंस गए, जब वे अपनी ही पार्टी के आलोट विधायक और पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय को पहचान नहीं पाए। मामला इतना बिगड़ गया कि मंत्री ने मालवीय पर लगे यौन शोषण के आरोपों को पहले तो कांग्रेस का अंदरूनी मामला बता दिया। कहा- आरोप सही होंगे, तभी लगाए गए होंगे। यह वाकया प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ। दरअसल, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय पर एक महिला का यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। इसके बाद मालवीय ने 10 करोड़ की मानहानि का नोटिस भी भेजा है। इसे ही लेकर ही मीडिया ने सवाल पूछा। इस पर मंत्री सिलावट ने जवाब दिया- यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)




पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com